
CMYK
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
अधिकतम :28° C
न्यूनतम : 15° C
मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 7 नवम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 296 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 15 जमादिउल उला 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अर्थव्यवस्था में बढ़ती असमानता चिंता का विषय: अखिलेश यादव पेज 2




भारत की ऑस्ट्रेलिया पर टी-20 में दूसरी सबसे बड़ी जीत खेल टाइम्स



जागरूकता से ही जीती जा सकती है कैंसर की लड़ाई सम्पादकीय



पीओके में पाक सरकार के खिलाफ जेन-जी का प्रदर्शन पेज 12

## 16 में 15 मंत्रियों की सीट पर 2020 से अधिक मतदान

# बिहार में 25 साल बाद बंपर वोटिंग

पटना, वार्ता





- करीब 64.46 प्रतिशत मतदान, सबसे ज्यादा बेगूसराय में 67.32 व शेखपुरा में सबसे कम 52.36 % वोटिंग दर्ज की गई
- तेजस्वी यादव उनके भाई तेज प्रताप यादव और डिप्टी सीएम विजय सिन्हा समेत 16 मंत्रियों की किस्मत ईवीएम में लॉक

**बिहार विधानसभा** चुनाव 2025 के पहले चरण का मतदान समाप्त हो चुका है। चुनाव आयोग के मुताबिक करीब 64.46 फीसदी मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया है। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक 64.46 फीसदी वोटिंग हुई है। पिछले 25 वर्षों में पहली बार मतदान का यह आंकड़ा 60 प्रतिशत के पार गया है। 2020 में 56.09 वोटिंग हुई थी। पिछली बार से इस बार 7.50 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ है।

बेगूसराय में सबसे ज्यादा 67.32 फीसदी और शेखपुरा में सबसे कम 52.36 फीसदी वोटिंग हुई। वहीं राजधानी पटना में 55.02 फीसदी मतदान हुआ। राज्य के विभिन्न जिलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लिया। मधेपुरा में 65.74 प्रतिशत, सहरसा में 62.65 प्रतिशत, दरभंगा में 58.38 प्रतिशत, मुजफ्फरपुर में 65.23 प्रतिशत, गोपालगंज में 64.96 प्रतिशत, सीवान में 57.41 प्रतिशत, सारण में 60.90 प्रतिशत, वैशाली में 59.45 प्रतिशत, समस्तीपुर में 66.65 प्रतिशत, बेगूसराय में सर्वाधिक 67.32 प्रतिशत, खगड़िया में 60.65 प्रतिशत, मुंगेर में 54.90 प्रतिशत, लखीसराय में 62.76 प्रतिशत, शेखपुरा में न्यूनतम 52.36 प्रतिशत, नालंदा में 57.58 प्रतिशत, पटना में 55.02 प्रतिशत, भोजपुर में 53.24 प्रतिशत और बक्सर में 55.10 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। बिहार चुनाव के इस पहले चरण के संपन्न होने के साथ ही तेजस्वी यादव उनके भाई तेज प्रताप यादव और डिप्टी सीएम विजय सिन्हा समेत बिहार के 16 मंत्रियों की किस्मत ईवीएम में लाक हो गई है। दिलचस्प बात यह है कि 16 में 15 मंत्रियों की सीट पर 2020 से अधिक मतदान हुआ है। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 16 मंत्रियों की सीटों पर भी मतदान हुआ है। इसमें 15 सीटें ऐसी है, -शेष पृष्ठ दो पर

# सट्टेबाजी केस में रैना और धवन की 11.14 करोड़ की संपत्ति अटैच

शाह टाइम्स ब्यूरो



- ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया
- सट्टेबाजी की कमाई प्रॉपर्टी-इन्वेस्टमेंट में लगाई

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन की 11.14 करोड़ की संपत्ति अटैच की। जांच एजेंसी के मुताबिक, दोनों खिलाड़ियों ने ऑनलाइन बेटिंग एप 1एक्सबेट के प्रमोशन से हुई कमाई का इस्तेमाल निवेश और संपत्ति खरीद में किया था।

यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत की गई। सोर्स के अनुसार, रैना का 6.64 करोड़ रुपये का म्यूचुअल फंड निवेश और धवन की 4.5 करोड़ रुपये की संपत्ति को अटैच किया गया है। ईडी ऑफिशियल सोर्स ने बताया था कि इस संपत्ति को प्रोसीड्स ऑफ क्राइम यानी अपराध से कमाई गई संपत्ति माना गया है। सितम्बर महीने में ईडी ने 1एक्सबेट एप मामले में क्रिकेटर युवराज सिंह, सुरेश रैना, रॉबिन उथप्पा और शिखर धवन, अभिनेता सोनू सूद, अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती (पूर्व टीएमसी सांसद) और अंकुश हाजरा (बंगाली एक्टर) से पूछताछ की थी। कुछ ऑनलाइन इन्फ्लुएंसर्स से भी सवाल किए गए थे। ज्ञात रहे कि 23 सितम्बर को युवराज सिंह दिल्ली ईडी ऑफिस पहुंच थे। यहां अधिकारियों -शेष पृष्ठ दो पर

### जम्मू-कश्मीर में नार्को-टेरर फंडिंग केस में ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली।** ईडी ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में पूर्व मंत्री बाबू सिंह के ठिकानों सहित कई जगहों पर नार्को टेरर फंडिंग से जुड़े मामले में छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर में छह और जम्मू में दो ठिकानों पर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्रवाई की जा रही है। सबसे पहले मार्च 2022 में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। मोहम्मद शरीफ शाह नाम के एक व्यक्ति को कश्मीर से जम्मू में जतिंदर सिंह उर्फ बाबू सिंह नामक व्यक्ति को 6.9 लाख रुपये हवाले के जरिये भेजते हुए पकड़ा गया था। इस इस रकम का इस्तेमाल टेरर फंडिंग के रूप में किया जाना था। एजेंसियों को सैफ दीन, फारूक अहमद नाइकू, मुबाशिर मुश्ताक फाफू से जुड़ा एक ग्रुप मिला, जो पाकिस्तान स्थित गुर्गे आतंकी गतिविधियों के लिए धन जुटाने के लिए एक नार्को-टेरर मॉड्यूल चला रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी ने जताया बिहार में अभूतपूर्व बहुमत मिलने का विश्वास

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बीच विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) राज्य में अभूतपूर्व बहुमत हासिल करेगा। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि बिहार में लोकतंत्र के महापर्व में जन-जन का अद्भुत उत्साह बता रहा है कि विधानसभा चुनावों में राजग को अभूतपूर्व बहुमत मिलने जा रहा है। विदित हो कि राज्य की 243 विधानसभा सीटों में से लगभग सीटों के लिए मतदान हुआ है।

### अब्दुल्ला आजम के खिलाफ प्राथमिकी खारिज करने से सुप्रीम इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को सपा नेता आज़म खां के बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आज़म खां पर फर्जी दस्तावेजों से पासपोर्ट लेने के मामले में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया। खंडपीठ ने इलाहाबादहाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि जब मामले का ट्रायल लगभग पूरा हो चुका है, तो इस स्तर पर हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। बेंच ने कहा कि हम दखल देने के इच्छुक नहीं हैं।

### वायु प्रदूषण रोकने की मांग को सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** देशभर में बढ़ते वायु प्रदूषण को रोकने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका ल्यूक क्रिस्टोफर काउंटिन्हो ने दायर की है। वे पीएम नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट के वेलनेस चैंपियन यानी दूत रहे हैं। क्रिस्टोफर का कहना है कि देश में वायु प्रदूषण का स्तर पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी के अनुपात में पहुंच गया है। जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है।

# छात्र संघ चुनाव: अदिति बनीं नई जेएनयू प्रेसिडेंट

शाह टाइम्स ब्यूरो



- अध्यक्ष समेत सभी चारों पदों पर यूनाइटेड लेफ्ट का कब्जा

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी छात्र संघ के लिए हुए चुनाव में वोटों की गिनती खत्म हो गई है। लेफ्ट यूनाइटेड ने सभी पदों पर जीत दर्ज की है। अदिति मिश्रा ने प्रेसिडेंट पद पर जीत दर्ज की है। वहीं, के. गोपिका ने उपाध्यक्ष का चुनाव जीता। महासचिव पद पर सुनील यादव ने बाजी मारी।

संयुक्त सचिव के पद पर दानिश विजयी रहे। इन सभी पदों पर लेफ्ट यूनाइटेड के उम्मीदवारों ने शानदार प्रदर्शन किया है। सेंट्रल पैनल में लेफ्ट महागठबंधन ने क्लीन स्वीप किया है। इसके साथ ही एक रिकॉर्ड बन गया है। जेएनयू छात्रसंघ में पहली बार लड़कियों का कब्जा हो गया है। जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में इस बार लेफ्ट छात्रदल गठबंधन बना कर मैदान में थे, जिसके तहत एआईएसए, एसएफआई, डीएसएफ ने महागठबंधन बनाया था। चुनाव में लेफ्ट महागठंधन ने एआईएसए की अदिति मिश्रा को अध्यक्ष पद से मैदान में उतारा था, तो वहीं एसएफआई की गोपिका उपाध्यक्ष, डीएसएफ से सुनील महासचिव और एआईएसए से दानिश अली को संयुक्त सचिव पद से मैदान में उतारा था। इन तीनों ने ही सेंट्रल पैनल पर जीत दर्ज की है। इसके साथ ही जेएनयू छात्रसंघ पर महिलाओं का कब्जा हो गया है। जेएनयू छात्रसंघ चुनाव कई मायनों में -शेष पृष्ठ दो पर

### राहुल ने जिसकी फोटो दिखाई वह ब्राजीलियन मॉडल सामने आई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिस ब्राजीलियन मॉडल की तस्वीर दिखाई थी, उसका एक वीडियो सामने आया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई अकाउंट से महिला का वीडियो पोस्ट करते हुए दावा किया गया कि उनका नाम लेरिसा है। वीडियो में महिला पुर्तगाली भाषा में बात करते हुए कहती है कि दोस्तों, मैं आपको एक जोक सुनाती हूं। यह बहुत ही भयानक है! भारत में वोट देने के लिए मेरी तस्वीर का इस्तेमाल हो रहा है। मुझे भारतीय बताकर आपस में लड़ रहे हैं। देखो, क्या पागलपन है! मैं तो कभी भारत भी नहीं गई। राहुल ने कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया था कि हरियाणा में 2024 विधानसभा चुनाव में 25 लाख वोट चोरी हुए। राहुल ने नीली डेनिम जैकेट पहने एक लड़की की फोटो दिखाकर सवाल किया कि हरियाणा की वोटर लिस्ट में ब्राजीलियन मॉडल का क्या काम है।

# जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड व हिमाचल में बर्फबारी, तापमान माइनस में

शाह टाइम्स ब्यूरो



- गुलमर्ग बना व्हाइट वंडरलैंड, दिल्ली- यूपी समेत सात राज्यों में ठंड बढ़ी, पारा तीन डिग्री तक गिरा

**नई दिल्ली।** हिमालय के तीन राज्यों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में बर्फबारी शुरू हो गई है। जम्मू-कश्मीर के बारामूला में गुलमर्ग व्हाइट वंडरलैंड में बदल गया है। उत्तराखंड में बद्रीनाथ-केदारनाथ धाम भी बर्फ से ढंक गए हैं।

हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों लाहौल और स्पीति और किन्नौर, कुल्लू में ताजा बर्फबारी हुई, जिससे तापमान में गिरावट हुई है। देशभर से लोग बर्फबारी का नजारा देखने पहुंच रहे हैं। ताबो में पारा माइनस 2.2 डिग्री, कुकुमसेरी में माइनस 1.8 डिग्री और केलांग में 0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का असर मैदानी राज्यों में नजर आने लगा है। दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, झारखंड में ठंडी हवाएं चलने से तापमान में 3 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक इन राज्यों में अगले 3 दिन में ठंड जोर पकड़ लेगी। जम्मू-कश्मीर में बारामूला के गुलमर्ग में रोपवे के दोनों ओर देवदार के पेड़ बर्फ से ढक गए हैं। सिक्योरिटी के बीच गुलमर्ग में टूरिस्ट स्कीइंग और विंटर गेम्स का लुत्फ उठा रहे हैं। उत्तर भारत से वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर खत्म होने के साथ ही राजस्थान में मौसम साफ हो गया।


अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## संक्षिप्त समाचार

### सुलतानपुर में राहुल गांधी मानहानि मामले की सुनवाई फिर टली

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश में सुलतानपुर जिले की एमपी-एमएलए कोर्ट में कांग्रेस नेता व रायबरेली सांसद राहुल गांधी के मानहानि मामले की सुनवाई गुरुवार को एक अधिवक्ता के निधन के कारण स्थगित हो गई। अब इस मामले की अगली सुनवाई 17 नवंबर को होगी। गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने गुरुवार को बताया कि आज एक अधिवक्ता के निधन के कारण कोर्ट में शोकावकाश हो गया, जिसके कारण मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। यह मामला वर्ष 2018 का है। कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी भाजपा नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। विजय मिश्रा का आरोप है कि 2018 में कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष और वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी की थी।

### गोरखपुर इंटरसिटी ट्रेन में धुआं उठने से अफरातफरी

**बाराबंकी।** गोरखपुर से लखनऊ जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस में गुरुवार को बारा. बंकी के बुढ़वल रेलवे स्टेशन के पास अचानक धुआं उठने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। राजकीय रेलवे पुलिस के अनुसार आज गोरखपुर से लखनऊ जा रही इंटरसिटी ट्रेन जब बुढ़वल रेलवे स्टेशन से कुछ पहले स्थित ओवरब्रिज के पास पहुंची, तभी एक बोगी के पहिए के पास से अचानक धुआं उठने लगा। इसे देख यात्रियों ने तुरंत चालक को सूचना दी। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रेन को तत्काल रोक दिया। ट्रेन रुकते ही यात्री सुरक्षा की दृष्टि से नीचे उतर आए।

# अपराधियों को सत्ता का स्वाद नहीं चखने दें: योगी

पश्चिमी चंपारण, वार्ता



■ बिहार में राजग प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित सभा में बोले योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि माफिया व अपराधियों को सत्ता का स्वाद नहीं चखने देना चाहिए। जब भी इन्हें सत्ता का स्वाद चखाओ, तो कीमत चुकनी पड़ेगी। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे योगी ने गुरुवार को कहा कि बिहार बदलकर समृद्धि की तरफ बढ़ा है।

राष्ट्रीय जनता दल के शासनकाल में 1990 से 2005 के मध्य 60 से अधिक जातीय नरसंहार व अपहरण की 30 हजार घटनाएं हुईं। उस समय इंजीनियर, डॉक्टर, बच्चे, व्यापारी के साथ ही सड़क, पुल का भी अपहरण हो जाता था। पेशेवर माफिया व अपराधी इनके शागिर्द बनते थे। यूपी में माफिया को अब बुलडोजर से रौंद दिया गया है। गुरुवार को दूसरी रैली में उन्होंने पूर्व उप मुख्यमंत्री व बेतिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रेणु देवी के लिए कमल खिलाने की अपील की। यहां जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार की योजनाओं को गिनाया, तो कांग्रेस व राजद गठबंधन पर करारा प्रहार किया और विपक्षी प्रत्याशियों की जमानत जब्त कराने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पहले चरण की 121 विधानसभा सीटों पर वोटिंग हो रही है। नौजवान, किसान, श्रमिक, माताएं, बहनें, युवा सभी राजग को वोट दे रहे हैं। रुझान बता रहा कि 14 नवम्बर को परिणाम आने पर राजग सरकार का नारा फिर बुलंद होगा। उत्तर प्रदेश में इनके पार्टनर सपा व कांग्रेस माफिया को गले लगाकर चलती थी और जनता का शोषण करती थी।

### योगी ने काल भैरव और बाबा विश्वनाथ का किया दर्शन-पूजन

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने काशी दौरे के दूसरे दिन गुरुवार को काशी के कोतवाल काल भैरव मंदिर और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया और प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। मुख्यमंत्री योगी मणिकर्णिका घाट स्थित सतुआ बाबा आश्रम भी गए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सात नवम्बर को दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचेंगे। वे बनारस रेलवे स्टेशन से आठ नवम्बर को बनारस से खजुराहो जाने वाली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। यहीं से तीन अन्य वंदे भारत ट्रेनों को वर्चुअली हरी झंडी भी दिखाएंगे। तैयारियों का जायजा लेने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज बनारस रेलवे स्टेशन पहुंचे।

# आप बिहार बदलो, हम यूपी बदल देंगे

चंपारण, वार्ता



■ सपा प्रमुख ने सीएम योगी पर भी साधा निशाना

बिहार में आज गुरुवार को पहले चरण में 18 जिलों की 121 विधानसभा पर वोटिंग के बीच दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार तेज है। पूर्वी चंपारण की मोतिहारी विधानसभा में आज समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने एनडीए पर जमकर हमला बोला औ कहा कि ये लोग हवा में एक्सप्रेस वे बनाने जा रहे है।

पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि हम तो कह रहे हैं बिहार के लोगों से, आप बिहार बदलो, हम यूपी बदल देंगे। सपा मुखिया ने कहा कि आज जब पहले चरण का वोट पड़ रहा है, तो आधा बिहार वोट डालने जा रहा है और आधा बिहार इंतजार कर रहा है कि कब वोट डाला जाएगा। इस बार नौजवान साथी युवा और नौकरी देने वाला मुख्यमंत्री बनने जा रहा है। अखिलेश ने कहा कि उनके पास बी टीम है, सी टीम है, पी टीम है और हमारे पास वीआईपी है। अखिलेश यादव ने बिना नाम लिए सीएम योगी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोतिहारी में एकरंगी आने वाले हैं।

### पीड़ित व्यक्ति ही पीडीए है: अखिलेश

**लखनऊ।** यूपी के पूर्व सीएम व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने देश व प्रदेश वासियों का आह्वान करते हुए सरकार पर जोरदार हमला बोला है। बिहार चुनाव के लिए हो रही वोटिंग के बीच सपा मुखिया अखिलेश यादव देश व प्रदेशवा. सियों का आह्वान करते हुए कहा कि अब तो सत्ताधारियों ने पीडीए की जान भी लेनी शुरू कर दी है। पीडीए की मौत होना जिनके लिए 'छुटपुट घटना' हो, उनके राज में शासन-प्रशासन से कोई उम्मीद करना बेकार है, इसीलिए अगर उत्पीड़न और अत्याचार से बचना है तो सरकार बनाने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है।

# अक्टूबर 2027 तक मिलेगी ईवी की खरीद पर छूट: दयाशंकर

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि अब प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खरीद पर पंजीकरण शुल्क एवं रोड टैक्स में अक्टूबर 2027 तक शत-प्रतिशत छूट दी जाएगी।

परिवहन मंत्री ने बताया कि जीवाश्म ईंधन से चलने वाले वाहनों के कारण होने वाले प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति-2022 लागू की थी, जिसे 14 अक्टूबर 2022 को अधिसूचित किया गया। इस नीति का लक्ष्य है कि प्रदेश में स्वच्छ, टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा दिया जाए। दयाशंकर सिंह कहा कि हाल ही में उच्च स्तरीय प्राधिकृत इलेक्ट्रिक समिति की बैठक में इस नीति में संशोधन किया गया है। संशोधन के तहत नीति के चौथे एवं पांचवें वर्ष के लिए यह प्रावधान किया गया है कि प्रदेश में खरीदे और पंजीकृत सभी शुद्ध विद्युत द्धइलेक्ट्रिकत्रः वाहनों पर पंजीकरण शुल्क और रोड टैक्स में शत-प्रतिशत छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 5 नवम्बर 2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार 14 अक्टूबर 2025 से 13 अक्टूबर 2027 के बीच खरीदे गए शुद्ध विद्युत वाहनों को यह छूट प्राप्त होगी। इस अवधि में पंजीकृत दोपहिया, तीनपहिया, चारपहिया वाहन, ई-बस तथा ई-गुड्स कैरियर पर कोई रोड टैक्स अथवा पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा।

## 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान का पहला चरण 8 को समाप्त होगा : वेणुगोपाल

# चुनावी धोखाधड़ी के खिलाफ चलेगा अभियान

नई दिल्ली, वार्ता



■ 22 अगस्त से शुरू हुए इस अभियान में जिलों, ब्लॉकों तथा मंडलों से लाखों लोग शामिल हुए

कांग्रेस ने कहा है कि चुनावी प्रक्रिया में जवाबदेही, पारदर्शिता और नागरिकों की विश्वास बहाली के लिए उसका 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान का पहला चरण आठ नवम्बर को विशेष कार्यक्रम के साथ समाप्त कर दिया जाएगा।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को बताया कि वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान 22 अगस्त से शुरु हुआ और इसके तहत सात सितम्बर तक राज्य मुख्यालयों में रैलियां आयोजित की गई। फिर 15 सितम्बर से जिलों, ब्लॉकों तथा मंडलों में इससे जुड़े कार्यक्रम हुए जिनमें लाखों लोग शामिल हुए और उन्होंने भाजपा सरकार की जनविरोधी और लोकतंत्र को खत्म करने वाली नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज किया। उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने इसी चरण में चुनावी धोखाधड़ी के खिलाफ नागरिकों को संगठित करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जिसके तहत अब तक देश भर में पांच करोड़ से अधिक हस्ताक्षर एकत्र किए हैं। वेणुगोपाल ने बताया कि पहले चरण के इस अभियान को लेकर बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस महासचिवों, प्रभारियों और प्रदेश अध्यक्षों की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से अभियान का पहला चरण शनिवार आठ नवम्बर को समाप्त करने का फैसला किया गया। अभियान के समापन के बाद एकत्रित हस्ताक्षर कांग्रेस मुख्यालय भेज दिए जाएंगे और अगले चरण में और अधिक नागरिकों के हस्ताक्षर एकत्र करने का अभियान चलाया जाएगा। लाखों नागरिकों की आवाजों का प्रतिनिधित्व करने वाले इन हस्ताक्षरों को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग करते हुए राष्ट्रपति को सौंपा जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस अभियान के जरिए चुनाव आयोग से मांग की गई है कि वह फोटोयुक्त मशीन-पठनीय मतदाता सूची प्रकाशित करें। हर चुनाव से पहले सभी हटाने और जोड़ने की मतदाताओं की सूचियां तस्वीरों के साथ जारी करें, गलत विलोपन के लिए एक शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करें, मतदाता सूची में बदलाव के लिए एक स्पष्ट कट-ऑफ तारीख की घोषणा करें तथा व्यवस्थित मतदाता दमन में शामिल अधिकारियों और एजेंटों पर मुकदमा चलाएं।

### अर्थव्यवस्था में बढ़ती असमानता चिंता का विषय: सपा सुप्रीमो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज बिहार की जनता से अपील करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में तेजी से बढ़ती असमानता और आर्थिक विषमता समाज के लिए एक गहरी चिता का विषय है। उन्होंने कहा कि जब देश के एक प्रतिशत अमीरों की धन-दौलत पिछले कुछ वर्षों में 62 प्रतिशत बढ़ गई है, तो यह समझना कठिन नहीं कि 99 प्रतिशत आम जनता के हिस्से में कितना धन बचा होगा। गुरुवार को अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इस बढ़ती आर्थिक खाई ने न केवल आर्थिक भेदभाव को बल्कि सामाजिक भेदभाव को भी और गहरा किया है। उन्होंने कहा कि जब समाज के कुछ वर्गों के पास अपार संपत्ति और संसाधन केंद्रित हो जाते हैं, तो बाकी जनता के लिए अवसर और सम्मान के द्वार सीमित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि आय का तार्किक और न्यायपूर्ण वितरण ही सामाजिक समानता का सच्चा मार्ग प्रशस्त कर सकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत तभी आगे बढ़ेगा जब हर नागरिक को बराबरी का अवसर मिलेगा।


## अर्थ व्यापार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83311.01 |
| निफ्टी | 25509.70 |
| सोना रु. | 120628 (प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)) |
| चांदी रु. | 147445 (प्रति किलो) |



# शेयर बाजारों में दूसरे दिन भी रही गिरावट

मुंबई, वार्ता



■ प्रमुख सूचकांक तीन सप्ताह के निचले स्तर पर

घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और प्रमुख सूचकांक तीन सप्ताह के निचले स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सुबह के कारोबार में करीब 387 अंक चढ़ने के बाद अंत में पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले 148.14 अंक (0.18 प्रतिशत) टूटकर 83,311.01 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले मंगलवार को सूचकांक 519 अंक लुढ़का था, जबकि बुधवार को गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर बाजार में अवकाश था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी शुरुआती तेजी के बाद 87.95 अंक यानी 0.34 प्रतिशत लुढ़ककर 25,509.70 अंक पर बंद हुआ। ये दोनों सूचकांक 15 अक्टूबर के बाद के निचले स्तर पर हैं। आईटी और ऑटो को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों पर दबाव रहा। धातु, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलिटी, वित्त, बैंकिंग, स्वास्थ्य और फार्मा सेक्टरों में ज्यादा गिरावट रही। मझौली और छोटी कंपनियों पर ज्यादा दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.69 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.39 प्रतिशत लुढ़क गया। एनएसई में जिन 3,195 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 2,304 के शेयर बढ़त में और 795 के गिरावट में रहे। वहीं 96 अन्य कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित बंद हुए।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 19 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। पावर ग्रिड में सबसे अधिक 3.15 प्रतिशत, इटरनल में 2.44, बीईएल में 1.64, बजाज फाइनेंस में 1.45, आईसीआईसीआई बैंक और एनटीपीसी दोनों में 1.21, टाटा स्टील में 1.12 और एलएंडटी में 1.03 प्रतिशत की गिरावट रही। टाइटन, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक और अडानी पोर्ट्स के शेयर 0.5 से एक प्रतिशत तक लुढ़क गए। एशियन पेंट्स का शेयर सबसे अधिक 4.76 प्रतिशत चढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.62 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.02 और अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.00 प्रतिशत की तेजी रही। टीसीएस का शेयर 0.71 प्रतिशत और मारुति सुजुकी का 0.58 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। विदेशों में एशियाई बाजार हरे निशान में रहे। हांगकांग का हैंगसेंग 2.12 फीसदी, जापान का निक्केई 1.34 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.97 फीसदी चढ़ गया।

### सोने और चांदी की कीमतों ने पकड़ी रफ्तार

**नई दिल्ली।** गुरुवार के दिन सोने और चांदी की कीमतों ने रफ्तार पकड़ ली है। सुबह 9.35 बजे 10 ग्राम सोने की कीमत 120,628 रुपये है। इसमें 106 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी है। सोने ने अब तक 120,500 रुपये प्रति 10 ग्राम का लो रिकॉर्ड और 120,714 रुपये प्रति 10 ग्राम का हाई रिकॉर्ड बनाया है। सोने की तरह चांदी में भी आज तेजी देखी ज रही है। सुबह 9.37 बजे 1 किलो चांदी की कीमत 147,445 रुपये प्रति किलो दर्ज की गई है। चांदी में अभी 124 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी है। चांदी ने अब तक 146,658 रुपये प्रति किलो का लो रिकॉर्ड और 147,640 रुपये प्रति किलो का हाई रिकॉर्ड बनाया है। देश के महानगरों पटना में सोने की कीमत 120,700 रुपये रही, तो जयपुर में 120,750 , कानपुर में 120,790, लखनऊ में 120,760, भोपाल में 120,850, इंदौर में 120,850, रायपुर में 120,800 रुपये है। इंटरनेशनल मार्केट में चांदी का रेट कम हुआ है। वहीं घरेलू बाजार में त्योहारों के बाद से चांदी का भाव कम हुआ है।

# हरित विमान ईंधन के लिए जल्द नीति जारी करेगी सरकार: मंत्री



**नई दिल्ली।** देश के विमानन क्षेत्र में जारी तेज वृद्धि के साथ इससे होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए सरकार जल्द ही हरित विमान ईंधन नीति जारी करेगी। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने यहां गुरुवार को उद्योग संगठन फिक्की द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि हरित विमान ईंधन पर नीति निर्माण की दिशा में काफी कार्य हो चुका है और सरकार जल्द ही सभी संबंधित हितधारकों के साथ विचार-विमर्श के बाद हरित ईंधन नीति जारी करेगी।

उन्होंने कहा कि भारत इस समय 15 प्रतिशत विमान ईंधन का निर्यात करता है। इसी तरह के अवसर हरित विमान ईंधन में भी भारत के लिए उपलब्ध होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हाल ही में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने हरित विमान ईंधन का उत्पादन शुरू किया है। मंत्रालय इसका विस्तार सार्वजनिक कंपनियों के अलावा निजी कंपनियों तक करना चाहता है, ताकि हरित विमान ईंधन के आंदोलन को गति मिल सके। नायडू ने उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक देश में 1.5 से 1.6 करोड़ टन विमान ईंधन की मांग रहने की संभावना है जो साल 2040 तक बढ़कर 3.5 से 3.2 करोड़ टन तक हो जाएगी। इसके साथ ही इससे होने वाला कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ेगा। इसलिए जरूरी है कि भारत हरित विमान ईंधन को अपनाने की ओर तेजी से कदम बढ़ाए। कार्यक्रम के दौरान केपीएमजी की एक रिपोर्ट जारी की गई। इसके अलावा एयरबस और गति शक्ति विश्व. विद्यालय ने एक संयुक्त अध्ययन समझौते पर भी हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम में नागर विमानन महा. निदेशक फैज अहमद किदवई भी मौजूद थे। भारत और दक्षिण एशिया में एयरबस के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक योर्गन वेस्टमायर ने कहा कि भारत के लिए हरित विमान ईंधन न सिर्फ अर्थव्यवस्था को गति देने वाला है, बल्कि इसका सामा. जिक.आर्थिक महत्व भी है। एक तरफ इससे कृषि क्षेत्र के लिए अपशिष्ट निपटान की समस्या समाप्त हो जाएगी ।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बिहार में...**

जहां पिछले बार के मुकाबले ज्यादा मतदान हुआ है। एक मात्र सीट कुढ़नी ऐसी रही है, जहां 2020 के चुनाव से कम वोट पड़े। इन 15 सीटों पर ज्यादा मतदान को दोनों पक्ष अपने-अपने फायदे में बता रहे हैं। सत्ता पक्ष की ओर से कहा जा रहा है कि जनता सरकार के कामों से खुश हैं इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोगों ने मतदान किया है। इससे पहले, सीएम नीतीश कुमार से लेकर विपक्षी नेता तेजस्वी यादव तक, बिहार की बड़ी हस्तियों ने पटना में अपना मतदान किया। 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ है। कुल 1314 उम्मीदवारों का भाग्य तय होगा। एनडीए (बीजेपी-जेडीयू) और महागठबंधन (आरजेडी-कांग्रेस-वामपंथी) के बीच कांटे की टक्कर है, जबकि प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी भी तीसरा विकल्प बनकर उभरी है। इस चरण में विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरे तेजस्वी यादव और भाजपा के उम्मीदवार एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के साथ-साथ 16 मंत्रियों की किस्मत भी दांव पर है।

**सट्टेबाजी केस...** ने उनसे ऑनलाइन बेटिंग एप के प्रमोशन मामले में 7 घंटे पूछताछ की। 24 सितम्बर को ईडी की टीम ने दिल्ली ऑफिस में एक्टर सोनू सूद से लगभग 7 घंटे तक पूछताछ की। पीएमएलए के तहत बयान दर्ज किया गया है। 4 सितम्बर को पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ऑनलाइन बेटिंग एप के प्रमोशन मामले में ईडी के सामने पूछताछ के लिए पेश हुए थे। ईडी ने खिलाड़ी, अभिनेता और इन्फ्लुएंसर्स के बयान मनी लॉन्ड्रिंग कानून (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत दर्ज किए हैं। कई सेलिब्रिटीज ने अपने बैंक अकाउंट और ट्रांजैक्शन की डिटेल्स भी दीं, जिनसे पता चला कि उन्हें एडवर्टाइजमेंट फीस कैसे मिली। कुछ और खिलाड़ियों और एक्टर्स से अभी पूछताछ बाकी है। एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला (1 एक्सबेट की इंडिया एंबेसडर) को भी बुलाया गया था, लेकिन वह उस समय विदेश में होने के कारण पेश नहीं हुईं। ईडी के अफसरों के मुताबिक, जब्ती आदेश पीएमएलए के एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी को भेजा जाएगा। कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद केस में चार्जशीट दाखिल की जाएगी। मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) के नियमों के अनुसार, अपराध से जुड़ी संपत्तियों को जब्त कर लिया जाता है, ताकि दोषी उनका फायदा न उठा सकें। आदेश जारी होने के बाद इसे पीएमएलए के तहत बनाए गए एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी को भेजा जाएगा और कोर्ट से मंजूरी मिलते ही चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

**छात्र संघ चुनाव....** इस बार छात्रा केंद्रित रहा। असल में इस बार जेएनयू छात्रसंघ के 4 सेंट्रल पैनलों के पदों के लिए 6 छात्राएं मैदान में थी। अध्यक्ष पद पर लेफ्ट महागठबंधन की अदिति के साथ ही प्रोग्रेसिव स्टूडेंट एसोसिएशन की विजय लक्ष्मी शिंदे मैदान में थीं। इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर लेफ्ट महागठबंधन की गोपिका के साथ ही एबीवीपी से तान्या मैदान में थीं। इस तरह सचिव पद एनएसयूआई से प्रीति मैदान में थी। वही संयुक्त सचिव पद पर लेफ्ट महागठबंधन से दानिश अली मैदान में थीं। इस तरह सेंट्रल पैनल के 4 पदों के लिए 6 छात्राएं मैदान में थीं।

# एक ही दिन में 22 हजार ने किए अस्थि कलश के दर्शन

लखनऊ, वार्ता



सारनाथ स्थित मूलगंध कुटी विहार की 94वीं वर्षगांठ पर बौद्ध अनुयायियों ने भगवान बुद्ध की अस्थि कलश के दर्शन किए। कार्तिक पूर्णिमा पर एक ही दिन में 22 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। 3 से 05 नवंबर तक अस्थि कलश को दर्शन के लिए रखा गया। इसके बाद 6 नवंबर को भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। इसमें थाइलैंड, कंबोडिया, वियतनाम, म्यांमार, श्रीलंका, भूटान, नेपाल और लाओस आदि देशों के श्रद्धालु शामिल हुए।

साल में एक बार कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बनारस के सारनाथ में भगवान बुद्ध के अस्थि कलश को श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए रखा जाता है। इस बार अनुयायियों को 3 से 5 नवंबर तक दर्शन लाभ मिला। देश के कोलकाता, गुजरात, बिहार, उत्तर प्रदेश, लद्दाख और हिमालयी क्षेत्रों से काफी संख्य में लोग पहुंचे। यह आयोजन महाबोधि सोसायटी आफ इंडिया, सारनाथ केंद्र और वियतनामी बौद्ध संघ के सहयोग से आयोजित किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के बाद गुरुवार को कार्तिक पूर्णिमा पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान बुद्ध की फूलों से सुसज्जित प्रतिमा शामिल की गई। शंख-नाद और वाद्य-ध्वनियों के बीच मूलगंध कुटी विहार से निकली यह शोभायात्रा सारनाथ के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः विहार में पहुंची। यहां इस यात्रा का समापन हो गया। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि भगवान बुद्ध के अवशेषों और उससे जुड़े आस्था की यात्रा काफी प्राचीन है। लगभग 2,600 वर्ष पूर्व भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण के बाद उनके अवशेषों को श्रद्धापूर्वक 8 भागों में विभाजित कर भारत में अलग-अलग स्तूपों में रखा गया। सम्राट अशोक ने इन पवित्र अवशेषों को पुनः खोजकर अपने विशाल साम्राज्य के विविध स्थलों पर पुनर्स्थापित कराया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैवीअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# डंपर-कार की भिड़ंत, दो की मौत

## दोनों मृतकों में एक बच्चा विदेशी, दस घायल

**नींद की झपकी लगने से कार बेकाबू होकर टकराइ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक कार के चालक को अचानक से नींद की झपकी लग जाने पर एक कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे डंपर से टकरा गयी। जिसमें एक युवक और एक विदेशी बच्चे की दर्दनाक मौत हो गयी जबकि 10 लोग घायल बताए गये हैं। इनमें बच्चे और महिलाएं भी हैं।

मिली जानकारी के अनुसार नेपाल देश के डांग जनपद के कस्बा विजयपुर के रहने वाले प्रवीण चौधरी, पुनाराम सिंह और संतराम यादव अपने परिजनों के साथ किराए की कार के द्वारा मेरठ जनपद से करनाल जिले की ओर जा रहे थे। कार चालक गोपाल हिमाचल प्रदेश के घशिमला के कोकुनाला का रहने वाला था। वह पंजाब नंबर की कार द्वारा बृहस्पतिवार को नेपाल देश के तीन परिवारों के सदस्यों को लेकर हरियाणा के करनाल की ओर जा रहा था। सुबह करीब साढे 05 बजे मेरठ करनाल हाइवे पर थाना फुगाना के सामने कार के चालक गोपाल को नींद की झपकी आ गई। नींद की झपकी आने से उनकी कार सामने जा रहे डम्फर के पीछे टकरा गई। इस घटना में कार चालक गोपाल की मौके पर मौत हो गई। थाने के सामने हुई आवाज से थाने में तैनात पुलिसकर्मी घटना स्थल की ओर दौड पडे। आनन फानन में सभी घायलों को कस्बे की सीएचसी पर भर्ती करवाया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। पंचनामा भरने के बाद पुलिस ने कार चालक मृतक गोपाल को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फुगाना पुलिस ने बताया कि जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान तीन वर्षीय बालक अनमोल पुत्र विनोद की मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस ने मृतक कार चालक तथा घायलों के परिजनों को दी है। उधर परिजनों में घटना को लेकर कोहराम मचा है।

# खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में लगी आग

## हजारों रुपये की संपत्ति जलकर हुई खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** खाना बनाते समय इंडेन गैस के एक सिलेंडर में अचानक से आग लग गयी। जिसमें एक लाख रुपये की कीमत की संपत्ति जलकर राख हो गयी। सनोज सेन पुत्र किशन निवासी ग्राम लुहसाना की पुत्री खुशी आज बृहस्पतिवार की सुबह लगभग 09 बजे अपने घर की रसोई में खाना बना रही थी कि अचानक से गैस से भरे सिलेंडर में आग की लपटे उठने लगी। तब खुशी के शोर मचाने पर उसके बाबा किशन सेन व पापा सनोज ने पानी डालकर आग को बुझाने की पूरी कोशिश की तो आग की लपटें और भी ऊंची हो गयी। तभी शोर शराबा सुनकर किसी ने दमकलकर्मियों को घर में आग लगने की खबर की और उधर ग्रामीणों ने भागदौड़ कर मिट्टी और रेत डालकर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया लेकिन आग फिर भी जलती रही।

आरोप है कि करीब एक घंटे में दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग को बुझाया। इस आग की चपेट में आने से लगभग 50 हजार रूपये की कीमत का घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। जिसमें कीमती कपडे, मेज और कैपर सहित अन्य सामान जल गया। इस घटना में नवजात शिशु व घर मैं मौजूद अन्य सदस्य बाल बाल बच गये।

इस दौरान ग्रामीणों में अफरा तफरी का जबरदस्त माहौल रहा। गैस का सिलेंडर सनोज ने बीते कल बुधवार को ही गैस एजेंसी से मंगवाया था। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गैस सिलेंडर में आग लगभग डेढ़ घंटे तक लगी रही। जिसमें एक कमरे की छत की कड़ियां भी जल गयी।

**गैस एजेंसी कर्मचारी पर लगे आरोप:** घटना के तुरंत बाद ही काफी ग्रामीणों ने इण्डेन गैस के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप जडे। गैस सिलेंडर के लीकेज होने से गैस सिलेंडर मे आग लगी थी।

ग्रामीणों ने इण्डेन गैस के कर्मचारियों पर सिलेंडर देने में मनमानी करने का आरोप लगाते हुए कर्मचारियों को हटाने की मांग की।



# खतौली में दो पक्षों में चली गोलियां, दो आरोपी गिरफ्तार

**अवैध असलाह बरामद, फरार आरोपियों की तलाश में दबिश जारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली थाना क्षेत्र के ग्राम भूड़ में बुधवार देर रात दो पक्षों के बीच हुई मारपीट और फायरिंग की घटना ने इलाके में दहशत फैला दी। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना खतौली पुलिस ने मौके से दोनों पक्षों के दो आरोपियों को अवैध असलहों सहित गिरफ्तार कर लिया। वहीं अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने फरार आरोपियों की तलाश में टीमें गठित कर दबिश दे रही है। वही मारपीट में कई लोग घायल भी हो गए थे जिन्हें पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया था।

बुधवार की देर रात खतौली भूड़ में दो पक्षों में बीच मारपीट के बाद तबातोड़ फायरिंग हो गई अचानक हुई फायरिंग से ग्रामीणों में दहशत फैल गई थी। मारपीट में दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले जिसमें कई लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। लोगों द्वारा पुलिस को दो पक्षों में पुरानी रंजिश के चलते मारपीट के बीच फायरिंग होने की सूचना दी गई जिसके बाद पुलिस टीम ने घटना स्थल पर पहुँच घटना की जांच पड़ताल की। घटना को लेकर मोहल्ले में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बना हुआ था। पुलिस ने दोनों पक्षों को चेता. वनी दी, लेकिन वे आपसी रंजिश के चलते फायरिंग करते रहे। ऐसे में पुलिस ने साहस और तत्परता का परिचय देते हुए घेराबंदी कर आरोपी रोहित पुत्र निर्भय निवासी मोहल्ला अद्वैत विहार, खतौली और अंकुर पुत्र दिनेश, निवासी मोहल्ला गीता. पुरी भूड़ को मौके से अवैध असलहों सहित गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने मारपीट में घायल हुए लोगों को अस्पताल में भर्ती करा दिया था। वही मारपीट के दौरान पुलिस को आता देख अन्य आरोपी पुलिस को झांसा देकर फरार हो गए जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने विशेष टीम गठित कर आरोपियो की गिरफ्तारी के लिए दबिश देना शुरू कर दिया है। पुलिस टीम प्र0नि0 श्री दिनेश चन्द्र0,उ0 नि0 तेजवीर सिंह, प्रताप सिंह सोलंकी, नंदकिशोर शर्मा, राजवीर तेवतिया, आकाश शर्मा, आरिफ अली, धर्मेन्द्र श्यौराण, है0का0 धनेश कुमार ने पकड़े गए दोनों आरोपियों से 02 तमंचे 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 मिस कारतूस 315 बोर बरामद किए है। पुलिस छताछ में दोनों आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते एक-दूसरे पर फायरिंग करने की बात कबूल की। पुलिस ने जानकारी देते हुय बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ आधादर्जन से अधिक कड़ी धाराओं में मुकदमें दर्ज है। कोतवाली प्रभारी दिनेश चन्द्र ने बताया कि दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश चल रही थी। फायरिंग में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। फरार आरोपियों की तलाश में दबिश जारी है।

# सिंचाई विभाग के खिलाफ ग्रामीणों की हुंकार

## क्रांति सेना के साथ किया सिंचाई विभाग कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था की बदहाली और बीते दस वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़ी सैदपुरा माइनर की मरम्मत न होने से गुस्साए ग्रामीणों ने को क्रांतिसेना पदा. धिकारियों के नेतृत्व में सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय का घेराव किया। ग्रामीणों ने विभाग पर करोड़ों की बंदरबांट और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए।

गुरुवार को चरथावल, सैदपुर, अलावलपुर, गैसों खेड़ा, दर्शनपुरा सहित दर्जनों गांवों से जुड़े ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए सिंचाई विभाग से जवाबदेही की मांग की। दर्जनों ग्रामीणों ने क्रांतिसेना पदाधिकारियों के साथ सिंचाई विभाग के आर्य समाज रोड स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन करते हुए सैदपुरा माइनर की तत्काल मरम्मत की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने विभागीय अधिकारियों पर भ्रष्टाचार और लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि बीते दस वर्षों से सैदपुरा माइनर पूरी तरह क्षतिग्रस्त है, लेकिन विभाग केवल मरम्मत और सफाई के नाम पर कागजी कार्यवाही कर रहा है।

क्रांतिसेना जिलाध्यक्ष मुकेश त्यागी ने कहा कि सिंचाई विभाग की भ्रष्ट नीतियों के कारण चरथावल क्षेत्र के किसान सिंचाई के पानी से वंचित हैं। माइनर की सफाई और मरम्मत के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च दिखाए गए, लेकिन धरातल पर कोई कार्य नहीं हुआ। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मंगलवार तक सैदपुरा माइनर की मरम्मत शुरू नहीं की गई तो किसान और ग्रामीण विभाग के खिलाफ अनिश्चितकालीन घेराव शुरू करेंगे। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी ने कहा कि पानी की कमी से इस मौके पर मुख्य अभियंता ने प्रतिनिधिमंडल से वार्ता की और मंगलवार तक आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी, चरथावल ब्लॉक अध्यक्ष अजय सैनी, महानगर अध्यक्ष देवेंद्र चौहान, उज्जवल पंडित, राजेंद्र तायल, सौरज सिंह, अनिल कश्यप, दीपचंद, श्याम कुमार, संजीव वर्मा, राजन वर्मा, चेतन देव विश्कर्मा, धर्मपाल, रतिराम, प्रमोद कुमार, राज. कुमार, सुभाष चंद, बिट्टू सहित अनेक कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

ग्रामीणों का कहना है कि अगर विभाग ने आश्वासन के अनुसार कार्रवाई नहीं की, तो आने वाले दिनों में आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है। फिलहाल सबकी निगाहें सिंचाई विभाग पर टिकी हैं कि क्या मंगलवार तक वर्षों से लंबित इस समस्या का समाधान हो पाएगा या किसान एक बार फिर आश्वासनों के सहारे रह जाएंगे।

# लोगों को वोट कटने का भ्रम, प्रशासन ने किया भ्रम दूर

**अभियान के तहत तीन बार डोर टू डोर पहुंचेगे बीएलओ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम शुरू हो गया है। 4 नवंबर को शुरू हुआ यह अभियान दिसंबर तक चलेगा। इस अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। अभियान का उद्देश्य आगामी चुनाव में कोई भी पात्र नागरिक वोट के अधिकार से वांचित न रहे और न कोई फर्जी व गलत नाम दर्ज हो सके।

हालांकि इस अभियान से लोगों को यह भी डर है कि उनके वोट कट जाएगे या यह प्रक्रिया 2003 की मतदाता सूची के आधार पर चल रही है। इस बात की जानकारी गांव मौहल्लो से लोग जिला निर्वाचन कार्यालय लेने के लिए पहुंच रहे है। प्रशासन का स्पष्टीकरण है कि किसी का वोट नहीं काटा जाएगा, बल्कि सूची को अपडेट किया जा रहा है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम प्रशासन संजय सिंह ने बताया कि एसआईआर अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध करना है।

उन्होने बताया कि बीएलओ घर घर जाकर मतदाताओं की जानकारी की पुष्टी कर रहे है। और पात्र मतदाताओं के नाम जोडे उसमे जाएगे।

# शहर के अतिक्रमण पर चला पालिका का चाबुक

**चेतावनी के बाद अतिक्रमण हटाया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गुरुवार को शहर में बढ़ते अतिक्रमण पर नगरपालिका प्रशासन का हंटर चला अभियान तेज करते नगर क्षेत्र के कई स्थानों पर अस्थायी ठेले, खोमचे और सड़क किनारे लगाई गई दुकानों को हटवाया। टीम ने अतिक्रमणकारियों के खिलाफ आज कोई जुर्माना लगाने या सामान जब्तीकरण की कार्यवाही तो नहीं की, लेकिन उनको चेतावनी दी कि दोबारा कब्जा करने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका परिषद की टीम ने गुरुवार को शहर के प्रमुख स्थलों पर अभियान चलाकर अस्थायी अतिक्रमण को हटवाया।

यह कार्रवाई झांसी की रानी चौक के पास पालिका के वर्टिकल गार्डन के समीप तथा जिला चिकित्सालय के मुख्य द्वार के बाहर किए गए अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ की गई। नगर पालिका परिषद् की अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह के दिशा निर्देश में राजस्व निरीक्षक अमरजीत सिंह टीम के साथ शहर में अतिक्रमण हटवाने के लिए निकले थे। पुलिस बल भी मौजूद रहा, ताकि किसी प्रकार का विरोध या अव्यवस्था न हो। नगर पालिका टीम ने आज जिला चिकित्सालय के बाहर मुख्य गेट पर ठेले आदि लगाकर किये गसे अतिक्रमण पर कार्यवाही की। यहां से शुरू हुए अभियान में पाल धर्मशाला रुड़की रोड और वहां से सड़क के दूसरे साइड पर शिव चौक तक सड़क किनारे लगाए गए ठेलों और रेहड़ी वालों को तत्काल अपना सामान हटाने के निर्देश दिए। कई लोगों ने सहयोग करते हुए स्वयं ही अपने ठेले हटा लिए, जबकि कुछ को बलपूर्वक हटाया गया। इसके साथ ही झांसी की रानी पार्क और यहां स्थित वर्टिकल गार्डन के आसपास किए गए अतिक्रमण को भी हटाया गया।

इस दौरान राजस्व निरीक्षक के साथ पालिका कर्मी सोनू मित्तल, विकास शर्मा और सतेन्द्र कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# टावर हटवाने की मांग को किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनकपुरी के लोगों ने टावर लगाने का विरोध करते हुए इससे होने वाले नुकसान से बचाने की मांग की है।

जोगेन्द्र पुत्र रामचंद के साथ जनकपुरी निवासी कृष्णपाल, रामफल, सरोज, सुखपाल सिंह, जयपाल सिंह ने डीएम कार्यालय पहुंचकर कहा कि यहां पहले से एक टावर लगा हुआ है। इसके बावुजूद भी यहां दूसरे टावर लगाने की तैयारी चल रही है, जबकि इसके प्रभाव से पहले ही लोग यहां परेशान है इसे रोका जाए।

# निकाय सफाई मजदूर संघ ने ईओ पर जड़े आरोप

**मुजफ्फरनगर।** निकाय सफाई मजदूर संघ से जुडे प्रतिनिधियों ने नगर पालिका ईओ पर सैलरी में से 1800 रूपये लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पालिका से जुड़े कुछ मठाधीश ईओ के इशारे पर कर्मचारियों से नगद रूपये वसूल कर रहे है।

पीएफ के नाम पर मजदूरों को लूटा जा रहा है। उधर इस मामले में ईओ प्रज्ञा सिंह ने सफाई देते हुए कहा कि जो आरोप लगाए गए है उनकी जांच कराई जाएगी उन्होने कहा कि सफाई कर्मचारियों का पैसा सीधे ठेकेदारों के एकाउंट में ट्रांसफर हो जाता है। उन्होने यूनियन के नेताओं पर दबाव देने का भी आरोप लगायाहै।

# क्रिएशन ग्रुप के मुशायरे में शायरों ने समा बांधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** नुमाइश पंडाल में आयोजित मुशायरे में शायरों ने अपने शेर सुनाकर खूब दाद बटौरी।

नुमाइश पंडाल में क्रियेशन ग्रुप की तरफ से आयोजित मुशायरे में समा रोशन बार संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद त्यागी व अध्यक्षता मेला ठेकेदार सुधीर अहलावत और शुभम लांबा सत्यम अहलावत ने संयुक्त रूप से की।

संचालन आफताब ने किया। इस दौरान अरशद जिया ने खूब शेर और शायरी सुनाकर लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। वहीं अब्दुल हक शहर की शायरी भी सराही गई।

इसके आलवा अनस, आतिफ, अहमद मुजफ्फरनगरी, सलीम




जावेद, सिकंदर देवरयावी, सुनील उत्सव, डॉक्टर सदाकत देवबंदी, जुगाड देवबंदी, इस्तेखार सागर, नाहिद समर की शायरी भी पसंद की गई। मुशायरे को सफल बनाने में क्रियेशन ग्रुप के अरशद गुड्डू, शुभम लांबा, सत्यम अहलावत की टीम का सहयोग रहा।




# गुड़ की आवक में कमी ने उड़ाई व्यापारियों की नींद

## माफियाओं पर अंकुश लगाने को सचिव से मिला प्रतिनिधि मंडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** व्यापारियों की समस्याओं को लेकर नवीन मंडी व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने गुरुवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव से मुलाकात की। व्यापारियों ने गुड़ की आवक में आई गिरावट और गुड़ कारोबार में सक्रिय माफियाओं पर चिंता जताते हुए ठोस कार्रवाई की मांग की। नवीन मंडी व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा एवं महामंत्री मनीष चौधरी ने गुरुवार को नवीन मंडी स्थल स्थित मंडी समिति सचिव विरेन्द्र कुमार चंदेल से उनके कार्यालय में भेंट की। बैठक में मंडी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ समय से मंडी में गुड़ की



आवक में उल्लेखनीय कमी देखी जा रही है। इस स्थिति के लिए उन्होंने कुछ गुड़ माफियाओं को जिम्मेदार ठहराया, जो बाजार में कृत्रिम संकट उत्पन्न कर कीमतों को प्रभावित कर रहे हैं। व्यापारियों ने इन माफियाओं पर कठोर कार्रवाई की मांग उठाई। मंडी समिति सचिव विरेन्द्र कुमार चंदेल ने व्यापारियों की सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि मंडी में आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि गुड़ कारोबार में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या माफियागिरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने सचिव के आश्वासन पर संतोष व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि मंडी क्षेत्र की समस्याओं का समाधान शीघ्र होगा और व्यापारी निश्चिंत होकर व्यापार कर सकेंगे।

# गैर समुदाय के अधेड़ से दूसरे समुदाय के युवकों ने की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली में बुढ़ाना तिराहे पर गुरुवार देर रात उस समय तनाव की स्थिति बन गई जब गैर समुदाय के कुछ युवकों ने अल्पसंख्यक समाज के एक अधेड़ व्यक्ति के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समाज के लोग मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को समझा-बुझाकर तितर-बितर किया और पीड़ित को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।



खतौली इस्लामनगर निवासी मुज्जमिल पुत्र आफताब स्थानीय आरो वाटर प्लांट पर कार्य करता है। गुरुवार की रात वह बुढ़ाना तिराहे स्थित एक दुकान पर खाली वाटर कैन लेने गया था। इसी दौरान दूसरे समुदाय के कुछ युवक वहां पहुंचे और उससे गाली-गलौज करने लगे। जब मुज्जमिल ने इसका विरोध किया तो युवकों ने उसके साथ मारपीट कर दी। मारपीट की घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर इकठा हो गई और आक्रोश व्यक्त करने लगी।

सूचना मिलते ही कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को किसी तरह नियंत्रित किया। पुलिस ने घायल मुज्जमिल से घटना की जानकारी लेने के बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा। पीड़ित मुज्जमिल ने आरोप लगाया कि युवकों ने उसके साथ न केवल अभद्रता और गाली-गलौज की बल्कि उसके कपड़े भी फाड़ दिए, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद बुढ़ाना तिराहे पर तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने इलाके में अतिरिक्त फोर्स तैनात कर दिया है। वहीं पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर हमलावरों की पहचान में जुटी हुई है। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

# भगवंत आयुर्वेदिक मैडिकल कॉलेज में शिक्षोपनयन संस्कार कार्यक्रम संपन्न

**मीरापुर।** भगवंत आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, भगवंतपुरम में गुरुवार को हशिक्षोपनयन संस्कार 2025 कार्यक्रम उत्साहपूर्वक और गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। वैदिक परंपराओं के अनुरूप आयोजित इस समारोह में छात्रों ने चिकित्सा सेवा, अनुशासन और संस्कारों के प्रति समर्पण का संकल्प लिया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल ने की। मुख्य यजमान पंडित विनोद गोस्वामी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ संपन्न कराया। विद्यार्थियों ने माँ गायत्री के पवित्र मंत्रों का जाप किया और विश्व कल्याण के लिए आहुतियाँ दीं। साथ ही एक-दूसरे की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर सहयोग और मानव सेवा का संकल्प लिया। निदेशक डॉ. अग्रवाल ने कहा कि शिक्षोपनयन संस्कार केवल अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह छात्र जीवन में अनुशासन और जिम्मेदारी का प्रारंभ है। आयुर्वेद मानवता की सेवा का श्रेष्ठ माध्यम है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अजय शर्मा, सह निदेशक डॉ. पुष्पनील वर्मा, फाइनेंस ऑफिसर सी.ए. दुष्यंत कुमार, डीन अजय सिंह, डॉ. आदित्य शर्मा और अभय वैश्य सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. शमशेर सिंह, डॉ. शेखर सोलंकी, डॉ. शिशु कुमार, डॉ. नीरज, डॉ. निशा यादव, डॉ. प्रीति, डॉ. शिखा, डॉ. पूजा, डॉ. नितिन, डॉ. राहुल व अन्य संकाय सदस्यों का विशेष योगदान रहा। बीएमएस के छात्र-छात्राओं अनुराग, उजमा, आशीष, समीरा, जगदीश और हर्षिता ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## कब्रिस्तान प्रकरण में सीओ से मिले मुतवल्ली

**बुढ़ाना।** कब्रिस्तान प्रकरण में आज बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना कस्बे की हिंडन नदी के समीप स्थित कब्रिस्तान के मुतवल्ली जरीफ अहमद निवासी मौहल्ला उत्तरी काजीवाडा बुढ़ाना कुछ गणमान्य लोगों के साथ बुढाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह से मिले और कब्रिस्तान का बोर्ड उखाड़कर उसको गायब करने और उनको हत्या की धमकी देने वाले भूमाफियाओं के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की। जिस पर सीओ ने तुरंत ही फोन पर बुढ़ाना पुलिस को उक्त प्रकरण की सही जांच कर गायब हुए बोर्ड की बरामदगी और आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सीओ बुढ़ाना से मिलने वालों में मौहम्मद शेख अयाजुद्दीन नंबरदार, अजीम सिद्दीकी, रूवेज सिद्दीकी, महताब सिद्दीकी और शारिक् सिद्दीकी थे।

## शोकाकुल परिवारों से मिलने पहुंचे पूर्व मंत्री बालियान

**शाहपुर।** नगर में हुई अलग-अलग जगहो पर असमय मृत्यु होने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने शोकाकुल परिवार के घर पहुंचकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। मालदाबाग निवासी सर्राफा एसोसिएशन शाहपुर के अध्यक्ष स्वर्गीय मदन लाल वर्मा का बीमारी के चलते निधन। जैन मोहल्ले के निवासी श्री बालाजी मंदिर से जुड़े अतुल सिंघल के भाई पंकज सिंघल का लंबी बीमारी के चलते निधन। मोहल्ला सेनियान में विकास गर्ग पुत्र राजकुमार गर्ग और सक्षम वर्मा पुत्र संदीप वर्मा के अल्पायु में मृत्यु होने पर एवं नगर के समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी के बड़े भाई रविंदर सैनी उर्फ बेचौन के हृदय गति रुकने से मृत्यु। श्रीमती छुवारी सैनी के निधन होने पर डॉ. संजीव बालियान एवं जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी, वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी अरविंद पाल, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामपाल सिंघल, वरिष्ठ भाजपा नेता कपिल सैनी, नामदेव समाज अध्यक्ष सोनू नामदेव, युवा भाजपा नेता सावंत नामदेव, भाजपा नेता कपिल बालियान सोरम, युवा समाजसेवी प्रदीप पाल, ग्राम दुहेलरा प्रधान अरविंद बालियान, पूर्व सभासद उमेश गोयल, समाजसेवी हरिओम पुंडीर, अमित शर्मा, समाजसेवी विजय बंसल, अनुज सैनी आदि गणमान्य लोगों ने शोकाकुल परिवार के घर पहुंचकर अपना शोक व्यक्त किया और परिवार को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## पुट्ठी इब्राहिमपुर में चार हिस्ट्रीशीटरों का किया सत्यापन

**रामराज।** थाना क्षेत्र में अपराधियों पर निगरानी रखने के लिए पुलिस ने सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम पुट्ठी इब्राहिमपुर में चार हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन किया गया। रामराज थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि पुलिस ने गांव पुटी इब्राहिमपुर पहुंचकर थाने में दर्ज चार हिस्ट्रीशीटरों के घरों का दौरा किया और उनके निवास, गतिविधियों तथा पारिवारिक स्थिति की जानकारी जुटाई। इस अभियान में एसआई जीतन सिंह और एसआई दिनेश कुमार भी शामिल रहे। पुलिस ने संबंधित हिस्ट्रीशीटरों को सख्त चेतावनी दी कि यदि वे किसी भी आपराधिक गतिविधि में दोबारा लिप्त पाए गए, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी रवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि यह सत्यापन अभियान कानून व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधियों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है।

## दृष्टि परीक्षण शिविर में 197 छात्र लाभान्वित

**छपार।** बरला इण्टर कॉलेज में राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा एक दिवसीय दृष्टि परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर के अंतर्गत विद्यालय के कुल 197 छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया।परीक्षण के दौरान 30 छात्र-छात्राओं में दृष्टि दोष पाए गए जिन्हें राज्य सरकार द्वारा नि:शुल्क चश्मे प्रदान किए जाएंगे।कार्यक्रम के मुख्य परीक्षण अधिकारी डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने बड़ी सावधानी एवं निष्ठा के साथ सभी बच्चों का दृष्टि परीक्षण किया तथा उन्हें आंखों की देखभाल, संतुलित आहार, उचित रोशनी में अध्ययन करने और मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बचने जैसी उपयोगी स्वास्थ्य संबंधी सलाह दीं।विद्यालय परिवार की ओर से इस पहल का उद्देश्य बच्चों में दृष्टि संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय पर उपचार सुनिश्चित करना था।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का वातावरण अत्यंत अनुशासित एवं सहयोगपूर्ण रहा।इस अवसर पर प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार, उप प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह, अमित कुमार शारीरिक शिक्षा शिक्षक, हरीश कुमार, राजीव कुमार, सहित समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# भय के वातावरण में शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र

**बुढ़ाना।** डीएवी पीजी कॉलेज बुढ़ाना के द्वितीय वर्ष के एक छात्र उज्जवल राणा ने आज बृहस्पतिवार के दिन मीडिया को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बतलाया कि डीएवी पीजी कॉलेज बुढ़ाना में छात्रों के साथ हो रहे अनुचित व्यवहार को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर छात्र जो कि समय पर पूरी फीस जमा नहीं कर पाते हैं उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया जा रहा है और कई बार कॉलेज से निकालने की धमकी भी दी जाती है। यह स्थिति ना केवल छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल रही है बल्कि उनके भविष्य और करियर को भी खतरे में डाल रही है। छात्र डर और असुरक्षा के कारण अपनी बात खुलकर नहीं रख पा रहे हैं। कॉलेज प्रशासन और प्रधानाचार्य की ओर से अपेक्षित संवेदनशीलता और सहानुभूति का अभाव देखा जा रहा है। शिक्षा का उद्देश्य जहां छात्रों का मार्गदर्शन और सहयोग होना चाहिए वहां छात्रों को मानसिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले पर शिक्षा विभाग और उच्च प्रशासन का ध्यान अति आवश्यक है ताकि छात्रों के अधिकारों की रक्षा हो सके और उन्हें सम्मानजनक, भयमुक्त वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सके।



## कर्मचारी की लापरवाही के चलते महीनो बाद पहुंची डाक

**मोरना।** सरकारी तंत्र मे लापरवाही दीमक की तरह एक रोग बन गयी है।महीनो तक पोस्ट ऑफिस का चककर काटने के बाद जिला मुख्यालय पर पहुंचे ग्रामीण की शिकायत के बाद डाक प्राप्त हुई है।

मोरना ब्लॉक् क्षेत्र के गांव बेहड़ा सादात निवासी अमजद रजा ने बताया की बीते 20 अगस्त को एआरटीओ कार्यालय मुज़फ्फरनगर से उसने अपने ड्राईविंग लईसेंस को अपडेट कराया था। जो डाक द्वारा घर पर पहुंचना था। अक्टूबर माह मे वह ककरौली पोस्ट ऑफिस गया तो कोई डाक न आने की बात बताई गयी। मुज़फ्फरनगर कार्यालय जाने पर जानकारी मिलती की डाक जा चुकी है।महीनो तक ककरौली पोस्ट ऑफिस के चककर काटने के बाद भी जब डाक नहीं मिली तो पीड़ित ने पुन. जिला मुख्यालय पहुंचा और डाक कर्मचारी की लापरवाही की शिकायत की। जिसके बाद कर्मचारी द्वारा उसे डाक प्राप्त हुई। पीड़ित ने लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# प्रेमिका ने प्रेमी पर हक जताया तो की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक युवती आज अपने फैसबुक फेंड के घर पर जा पहुंची और अपने प्रेमी के साथ शादी करने की जिद करने लगी तो फेसबुक फेंड की पत्नि ने युवती की पिटाई कर डाली और इस पिटाई में पति ने भी साथ दिया।

हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी। मिली जानकारी के अनुसार कुछ सुत्रों व चर्चाओं के मुताबिक बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला सैनी बाजार में आज हाई प्रोफाइल ड्रामा हुआ। जिसमें एक युवती कश्यप समाज के एक युवक के घर में घुस गयी और युवक को देखते ही उसको अपना पति बताने लगी और कहा कि उसके साथ शादी कब कर रहे हो। ये सब बातें युवक की पत्नि भी वहीं पर खड़ी हुई सुन रही थी तो उसको गुस्सा आ गया और उसने युवती को तुरंत घर से निकल जाने का फरमान सुनाया। जब युवती को पता लगा कि जो महिला उसको घर से बाहर जाने की बात कह रही है वह उसके प्रेमी की पत्नि है तो युवती ने हंगामा खड़ा कर दिया और अपने प्रेमी युवक को कहा कि उसने उसे अविवाहित बताया था। तब युवक की पत्नि ने युवती के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी और घर से बाहर जाने को कहने लगी। जिसमें उसके पति ने भी साथ दिया। तब शोर शराबा और हंगामा होते ही मौके पर आते जाते और मौहल्ले के लोगों की भीड़ जमा हो गयी। युवती ने पूरा हंगामा किया तो पुलिस भी मौके पर आ गयी। युवती ने पुलिस को पूरी बात बताई तो पुलिस ने युवक को हिरासत में लेते हुए युवती की तहरीर पर जांच शुरु कर दी। यह मामला आज कस्बे में चर्चा का विषय बना रहा।

## अमित डागा बने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता

**मीरापुर।** कस्बा मीरापुर के घासमंडी निवासी अधिवक्ता अमित डागा को उच्च न्यायालय इलाहाबाद में वरिष्ठ अधिवक्ता नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि नगरवासी भी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। अमित दगा लंबे समय से उच्च न्यायालय इलाहाबाद में अधिवक्ता के रूप में सेवाएं दे रहे हैं और अपने उत्कृष्ट कार्य, निष्ठा एवं कानूनी दक्षता के लिए जाने जाते हैं। उनके वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में चयन को उनके समर्पण और पेशेवर योग्यता की सराहना माना जा रहा है। इस अवसर पर उनके परिजनों, सहयोगियों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी। वेद प्रकाश, संजीव डागा, राजन माहेश्वरी, प्रिंस सैनी सहित कई लोगों ने अमित डागा से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कस्बे में उनके सम्मान में मिठाइयाँ बाँटी गई और बधाइयों का तांता लगा रहा।

# 5 दिवसीय सनातन सत्संग ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार के दिन बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल भसाना में पांच दिवसीय सनातन सत्संग ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया। जिसमें शुगर मिल के दर्जनों अधिकारियों और कर्मचारियों ने कलश यात्रा निकाली।



इस पांच दिवसीय कथा के पहले दिन आचार्य सुशील बलूनी ने ज्ञान के वाष्स्तविक अर्थ का वर्णन किया। यहां पर आचार्य ने बताया कि जीवन में कठिनाइयां सबके सामने आती है। विजयी वही होता है जो नकारात्मकता के मल को धोकर मन को निर्मल रखता है। उन्होंने बताया कि हमारे वैदिक और प्राचीन भारत में असाधारण विदुषियों ने अपनी प्रतिभा से विश्व को प्रकाशमान किया है। चौदह दिव्य स्त्रियां भारतीय ज्ञान परंपरा की धरोहर है। वे आधुनिक भारतीय स्त्रियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। इस मौके पर यहां मुख्य रूप से बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक, सहकारी बैंकों के सभापति ठाकुर रामनाथ सिंह, बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन जितेंद्र त्यागी, गन्ना समिति बुढ़ाना के सचिव बृजेश कुमार राय, इकाई प्रमुख चंद्रवीर सिंह और गेट इंचार्ज अनिल कुमार सहित सभी विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

# पूर्व चेयरमैन की माता को जनप्रतिनिधियों व गणमान्य व्यक्तियों ने दी श्रद्धांजलि

**मोरना।** कस्बा भोकरहेड़ी के पूर्व चौयरमैन व वर्तमान मे सभासद तथा रालोद नेता राजेश कुमार सहरावत की माता राजबाला देवी का 75 वर्ष की आयु मे निधन हो गया था। उनके निधन से कस्बे मे शोक की लहर दौड़ गयी थी। गुरुवार की सुबह आयोजित शोकसभा मे जनप्रतिनिधियों व गणमान्य व्यक्तियों ने स्व. राजबाला के चित्र सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित श्रद्धांजलि अर्पित की है।

कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला लोकुपुरा दक्षिणी निवासी राजबाला देवी का निधन बीते 26 अक्टूबर को हो गया था। गुरुवार की सुबह राजेश सहरावत के आवास पर हवन यज्ञ मे आहुति प्रदान कर स्व. राजबाला की आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की गयी तथा शोक सभा मे गणमान्य व्यक्तियों ने पुण्य आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। मृतका के पुत्र राजेश सहरावत दो बार कस्बे के चेयरमैन रहे हैं व तीन बार सभासद मनोनीत हो चुके हैं। एक उनकी पत्नी अनीता देवी कस्बे की चौयरमैन रही हैं। इसके अलावा उनके पिता चौधरी क्षेत्रपाल सिंह सहरावत को राष्ट्रीय लोकदल नेता के रूप मे जाना जाता है.

श्रद्धांजलि देने वालों मे जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.वीरपाल निर्वाल पूर्व विधायक राजपाल सैनी, ब्लॉक् प्रमुख अनिल राठी, प्रधानाचार्य कैप्टन प्रवीण चौधरी,ओमबीर सिंह, यशवीर सिंह,देवेन्द्र सिंह,बिन्नू राठी, महिपाल राठी,वेदवीर सिंह,डॉ. करणवीर सिंह,चौयरमैन पुत्र सचिन कुमार वामन, रामकुमार शर्मा,बृजवीर सिंह,मनोज कुमार, महिपाल राठी,विचित्रवीर सिंह, मौ. आकिल,मौ. अफ़ज़ल,आदि मौजूद रहे।

## बाइक-बुलेट सवार युवक छोड़ रहे हैं पटाखे

**बुढ़ाना।** बुलेट व बाइकों पर सवार तीन युवकों का एक वीडियो आज बृहस्पतिवार को वायरल हुआ। जिसमें वे आतंक मचाते नजर आ रहे हैं। ये युवक भीड और व्यस्त एरिए की भी परवाह नहीं कर रहे हैं। ये युवक पटाखे छोड़ते हुए और तेज स्पीड से वाहनों को चलाते नजर आए। वैसे बुढ़ाना पुलिस समय समय पर बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में इसी तरह के आरोपों के चलते हुए कई बुलेट और बाइकें सीज कर आरोपियों के विरुद्ध कडी कार्रवाई कर चुकी है मगर उसके बाद भी लगातार बुढाना क्षेत्र में इन बाइकों और बुलेट सवार युवकों का आतंक जारी है। इससे सड़क पर कोई भी बडा हादसा कभी भी हो सकता है। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में कुछ युवकों द्वारा तेज गति से बुलेट व बाइक पर खतरनाक स्टंट करते हुए पटाखा मारने की घटनाओं ने आम लोगों में डर का माहौल बना दिया है। सोशल मीडिया पर एक घटना का वीडियो तेजी के साथ वायरल हो रहा है। जिसमें बाइकों पर सवार युवक सड़कों पर स्टंट कर पटाखे छोड रहे हैं। लोगों का कहना है कि ऐसी हरकतों से राहगीरों की जान खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने पुलिस से इन युवकों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने फिलहाल मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपितों को पकड़ने की कोशिशें तेज कर दी हैं। सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने चेतावनी दी है कि कानून को ताक पर रखकर सड़क पर खतरनाक स्टंट करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आज कई स्थानों की बिजली 3 घंटे रहेगी बंद

**बुढ़ाना।** शुक्रवार के दिन विद्युत वितरण खण्ड बुढाना के अन्तर्गत 33 केवी लाईन वैल्ली का मेंटेनेंस का कार्य करने के लिए सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक का शट्डाऊन रहेगा। प्रभावित क्षेत्र वैल्ली, अटाली, बुढाना टाऊन, बुढाना देहात, मिण्डकाली, चन्धेडी, कुरथल, अलीपुर अटेरना ओर जौला विद्युत उप केन्द्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी जेई शिव कुमार ने यह जानकारी दी।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र सलमान व उसकी पत्नी उम्मेहानि मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है। उनकी अभद्रता व झगडालु व्यवहार से परेशान होकर मैने व मेरे परिवार ने दिनांक 01.01.2017 से इन दोनों से सम्बन्ध विच्छेद कर रखे है तथा मैने इन दोनों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। तब से मेरा व मेरे परिवार का इन दोनों के किसी भी वाद, विवाद, कृत्य से कोई मतलब वास्ता नही है।

**शमीम अहमद पुत्र शौकत अली निवासी ग्राम भूराहेडी थाना पुरकाजी, परगना पुरछपार, जिला मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पौत्र शाहरुख व उसकी पत्नि उजमा मेरे व मेरे पुत्र को गाली गलौच कर जान से मारने व झूठे बलात्कार के मुकदमों में फंसाने की धमकी देते हैं। जिस कारण मैने व परिवार के अन्य सदस्यों ने शाहरुख प उसकी पत्नि उजमा से अपने समस्त पारिवारिक व सामाजिक संबंध समाप्त कर उन्हे अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। शाहरुख व उजमा के साथ किसी प्रकार के लेन देन या कृत्य के लिए मेरी या मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**मुमताज अहमद पुत्र वहीद निवासी- ग्राम तिस्सा, तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद**

में देवेन्द्र पुत्र जयपाल निवासी ग्राम मौ.पुर रायसिंह थाना भौराकला तहसील बुढ़ाना जिला मु.नगर का का निवासी हूं। मेरा पुत्र विशाल व पुत्रवधु श्रीमति शगुन पत्नी विशाल आये दिन मेरे व मेरे परिवार संग झगडा करते हैं। दोनों मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में भी नही हैं। मेरा पुत्र मेरे संग मारपीट करता है। हत्या की धमकी देकर कहता है या तो कृषि भूमि मेरे नाम करो अन्यथा मै तुम्हे जान से मार दूंगा। जिसमें मेरी पुत्रवधु भी मेरे पुत्र का साथ देती है। दोनो का गलत लोगों में उठना बैठना है। अब में तंग आकर अपने पुत्र विशाल व पुत्रवधु शगुन को अपनी चल अचल सम्पत्ति, अपने व अपने परिवार से बेदखल करता हूं। दोनों अपने अच्छे बुरे कार्य के प्रति खुद ही जिम्मेदार रहेंगे मेरी कोई जिम्मेदारी नही होगी।

# शुकतीर्थ में चला वृहद स्वच्छता अभियान, गंदगी को किया साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** कार्तिक गंगा स्नान मेले के सकुशल समापन पर जहां प्रशासन ने राहत की सांस ली है। वहीं मेले के बाद फैली गंदगी को हटाने के लिए वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत कर्मचारियों द्वारा साफ सफाई की गयी।

पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मे आयोजित हुए भागवत मोक्षकुम्भ,सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत गायक कैलाशखैर की प्रस्तुति, कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान पर्व, देव दीपावली महोत्सव के आयोजन के दौरान जहां तीर्थ नगरी को नीट एन्ड क्लीन रखा गया वहीं मेले के उपरांत फैली गंदगी को हटाने के लिए गुरुवार को वृहद स्वच्छता अभियान ब्लॉक् मोरना व सदर ब्लॉक् मुज़फ्फरनगर के सफाई कर्मचारियों द्वारा चलाया गया। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत गंगाघाट, बांध मार्ग व मुख्य मार्गो पर चलाया गया। कर्मचारियों द्वारा गंगा घाट को नीट एन्ड क्लीन किया गया।वहीं देवदीपावली के अवसर पर सभी कर्मचारियों की जिलाधिकारी उमेशचंद मिश्रा ने तीर्थ नगरी मे साफ सफाई बनाये रखने के लिए सफाई कर्मचारियों की प्रशंसा की गयी। गुरुवार को पंचायती राज विभाग द्वारा स्वच्छता अभियान चलाने वालों मे टीम लीडर जयपाल सिंह मनोज कुमार, रामकुमार, अमित कुमार, राजो देवी, सुधा,कैलाश देवी, संजीव, मधु,ममतेश,कुसुम, बबीता,सरिता, धर्मेंद्र, मुनेश, मंजू, बाला, अनिता आदि मौजूद रहे।



मोरना:शुकतीर्थ गंगा घाट पर उपस्थित सफाई कर्मचारी

**कार्यालय, ग्राम पंचायत बडकता वि.ख. बुढाना ( मुजफ्फरनगर )**

पत्रांक: मोमो/ राज्यवित्त/ केंद्रीय वित्त/मनरेगा/राष्ट्रीय ग्राम/ स्वराज अभियान/ आपूर्ति दिनांक 22/10/25

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बड़कता विकास खंड बुढाना द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचम राज्यवित्त 15वां वित्त आरजीएसए अंत्येष्टीस्थल का निर्माण कार्य व पंचायत घर के एक कमरे के निर्माण कार्य एवं अन्य वित्तयोजनान्तर्गत होने वाले निर्माण/मरम्मत कार्यों में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री जैसे ईंट, सीमेन्ट, बालू, रेत, कोरसैण्ड, इण्टरलॉक टाईल्स, विटीफाइड टाईल्स, सरिया रोडी, चैनल, सोलर लाईट सामग्री, प्लास्टिक बैंक, स्ट्रीट लाईट सामग्री हैण्डपम्प रिपेयर रिबोर सामग्री, हाईमास्ट साईन बोर्ड ई-रिक्शा/रेडा ओपन जिम सामग्री, आरओ वॉटर कूलर, स्कूल/ऑफिस आंगनबाडी केन्द्र फनीचर, डस्टबिन लाईब्रेरी सामग्री, पेन्टिंग कार्य सेनेटाइज फॉगिंग जेसीबी द्वारा मिटी का कार्य पानी निकासी का कार्य, बिजली फिटिंग का कार्य व अन्य सामग्री आदि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु अधिकृत ठेकेदार/फर्म से दिनांक 27.10.2025 को दोपहर 02.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है जो 27.10 2025 को दोपहर 03.00 बजे पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदादाता का व्यापार कर आयकर पंजीकरण डाकुमेंट को छोड़करऋ होना अनिवार्य है। सम्बन्धित कार्यों के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत बडकता**
**वि.ख. बुढ़ाना ( मु.नगर )**

**ग्राम सचिव**
**ग्राम पंचायत बडकता**
**वि.ख. बुढ़ाना ( मु.नगर )**

# लाल दयाल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पांच गोल्ड मेडल जीतकर किया विद्यालय का नाम रोशन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** लाल दयाल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्तराखंड ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पाँच गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया।





यह प्रतियोगिता केएफसी कॉटेज, धनोल्टी (उत्तराखंड) में आयोजित की गई थी। विद्यालय के कोच फुरकान के निर्देशन में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

उदय मौतला (80 किलो वर्ग), आलोक सिंह (50 किलो वर्ग), सिद्धार्थ सिंह (40 किलो वर्ग), केशव (86 किलो वर्ग) और अभिनव चोकर (50 किलो वर्ग) ने अपने-अपने वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल किए। प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को विद्यालय में आयोजित समारोह में चेयरमैन कर्मवीर सिंह ने मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य शिल्पी अरोरा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

चेयरमैन कर्मवीर सिंह ने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यालय के कोच और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

# ग्रामीणों की पंचायत में पहुंची एसडीएम अपूर्वा

## कई समस्याओं को लेकर दिया गया एक ज्ञापन

**बुढाना।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत केंद्र सरकार पूरे देश को स्वच्छ बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है लेकिन संबंधित अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन को ठेंगा दिखाते नजर आ रहे हैं। वे सरकार के इस मिशन और उससे जुड़ी हुई योजनाओं को पलीता लगा रहे हैं। सरकार देश में साफ सफाई को लेकर लगातार बड़े बड़े दावे कर रही है लेकिन धरातल पर हकीकत कुछ और ही है। इस आधुनिक युग में भी ग्रामों की हालत खस्ता है। बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव हुसैनाबाद भनवाडा में पिछले काफी दिनों से गांव के मुख्य मार्ग पर जलभराव और गंदगी के चलते ग्रामीण परेशान हैं। गांव के मुख्य मार्ग पर जलभराव के चलते कई हादसे भी हो चुके है मगर अब तक संबंधित अधिकारियों की नीद नहीं टूटी। ग्रामीणों ने बृहस्पतिवार को पूर्व घोषणा के तहत परेशान होकर गांव में भारतीय किसान यूनियन सेवक के बैनर तले पंचायत आयोजित कर आक्रोश जताया और जलभराव की समस्या को लेकर कार्रवाही की मांग की। इस पंचायत में बुढ़ाना एसडीएम अपूर्वा यादव भी ग्रामीणों के बीच पहुंची और ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने एसडीएम को अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण जलभराव की समस्या को लेकर कई माह से दुखी हैं और लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रहे है मगर अब तक समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। इस ज्ञापन के देने के बाद क्या समस्याओं का समाधान होगा इस पर अब ग्रामीणों की नजर लग गयी है।



## स्मार्ट मीटर लगाने पर विरोध प्रदर्शन

# बिजली विभाग के अफसर लौटे खाली हाथ

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 15 स्थित मोहल्ला जाकिर कॉलोनी में गुरुवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब बिजली विभाग की टीम मोहल्ले में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची। विभाग के कर्मचारियों के पहुंचते ही स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। धीरे-धीरे मामला इतना बढ़ गया कि मोहल्ले के लोगों ने नारेबाजी करते हुए बिजली विभाग की टीम को काम रोकने पर मजबूर कर दिया।

जानकारी के अनुसार, बिजली विभाग के कर्मचारी जाकिर कॉलोनी में सरकार की योजना के तहत स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचे थे। जैसे ही विभाग की टीम घरों पर मीटर लगाने लगी, स्थानीय लोगों ने एकजुट होकर इसका विरोध किया। इस दौरान मोहल्ले के एक व्यक्ति ने भाकियू मज़दूर सर्वसमाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम खान को फोन कर मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही नदीम खान अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक क्षेत्र के लोग नहीं चाहते, तब तक किसी भी कीमत पर स्मार्ट मीटर नहीं लगने दिए जाएंगे। मौके पर पहुंचे नदीम खान ने मीडिया से बात करते हुए कहा, हहमें जानकारी मिली कि बिजली विभाग के लोग जबरन स्मार्ट मीटर लगाने आए हैं। हम मौके पर पहुंचे और विभाग को स्पष्ट कह दिया कि जनता की मजह्न के खिलाफ कोई मीटर नहीं लगाया जाएगा। अगर किसी ने जबरदस्ती की तो हम सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेंगे। वहीं बिजली विभाग के एसडीओ ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि वे केवल सरकारी योजना के अंतर्गत स्मार्ट मीटर लगाने गए थे। उन्होंने कहा, हहम लोगों को समझाने की कोशिश करते रहे कि स्मार्ट मीटर से किसी को कोई नुकसान नहीं होगा। शहर में अब तक एक लाख से अधिक मीटर लगाए जा चुके हैं और कहीं से भी कोई शिकायत नहीं आई है। यह सरकार की योजना है जिसका उद्देश्य पारदर्शिता और सटीक बिलिंग है। इस बीच, भाकियू मज़दूर सर्वसमाज के कार्यकर्ताओं और बिजली विभाग के अधिकारियों के बीच तीखी बहस भी हुई, जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि विभाग के कर्मचारी मोहल्ले में मीटर लगाने आए थे, लेकिन भारी विरोध के चलते उन्हें लौटना पड़ा। मोहल्ले के निवासी शाहिद सैफी ने कहा, हहमारे मोहल्ले में जब बिजली विभाग के लोग मीटर लगाने आए, तो सभी ने विरोध किया। पुराने मीटर ठीक चल रहे हैं, फिर स्मार्ट मीटर लगाने की क्या जरूरत है? हमने विरोध किया और विभाग के कर्मचारी वापस चले गए। फिलहाल, जाकिर कॉलोनी में स्थिति शांत है, लेकिन लोगों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी बनी हुई है। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने अपील की है कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें और सरकारी योजनाओं में सहयोग करें। मामला अब जिला प्रशासन के संज्ञान में है, जिससे उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही समाधान निकाला जाएगा।



### पुलिस को दिए कार्यवाही करने के निर्देश

**बुढ़ाना।** कब्रिस्तान प्रकरण में बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना कस्बे की हिंडन नदी के समीप स्थित कब्रिस्तान के मुतवल्ली जरीफ अहमद निवासी मौहल्ला उत्तरी काजीवाडा बुढ़ाना कुछ गणमान्य लोगों के साथ बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह से मिले और कब्रिस्तान का बोर्ड उखाड़कर उसको गायब करने और उनको हत्या की धमकी देने वाले भूमाफियाओं के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की। जिस पर सीओ ने तुरंत ही फोन पर बुढ़ाना पुलिस को[sic] उक्त प्रकरण की सही जांच कर गायब हुए बोर्ड की बरामदगी और आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सीओ बुढ़ाना से मिलने वालों में मौहम्मद शेख अयाजुद्दीन नंबरदार, अजीम सिद्दीकी, रूवेज सिद्दीकी, महताब सिद्दीकी और शारिक सिद्दीकी थे।

# आश्वासन के बाद शिक्षकों का धरना खत्म



**मुजफ्फरनगर।** उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ का चल रहा धरना गुरुवार को आश्वासन के बाद समाप्त हो गया।

ज्ञातव्य है कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों के हीलाहवाली के चलते 6 अक्टूबर 2025 से शिवकुमार यादव प्रान्तीय उपाध्यक्ष एवं जिला संरक्षक तथा डॉ0 अमित कुमार जैन जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में जनपद के शिक्षक कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे थे। लंबे समय से चल रहे धरने पर वित्त संबंधी प्रकरणों को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक स्तर से भी कोई कठोरतम कदम नहीं उठाया गया था। अपनी मांगों को लेकर शिक्षकों में भारी रोष दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा था प्रान्तीय उपाध्यक्ष एवं जिला संरक्षक शिवकुमार यादव के साथ कुछ शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी महोदय से भी मिला जिलाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश श्रीवास एवं लेखाधिकारी रूबी सिंह शिक्षकों के एक प्रतिनिधि मण्डल से मिले। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से शिवकुमार यादव (प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं जनपद संरक्षक), डॉ अमित कुमार जैन (जिला अध्यक्ष), अरुण कुमार (जिला मंत्री) एवं पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह रहें, सभी प्रकरणों पर विस्तृत वार्ता हुई जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय द्वारा त्वरित रूप से सभी प्रकरणों का निस्तारण करने एवं भविष्य में शिक्षकों एवं शैक्षिक प्रशासन के बीच तारतम्य बनाने का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद शिक्षकों ने भी अपने अधिकारियों का सम्मान रखते हुए धरने को खत्म कर दिया। धरने में प्रमुख रूप से संजय कुमार मोघा, प्रवीण कुमार शर्मा,आदित्य सक्सेना, सुरेंद्र सिंह, राजेन्द्र सिंह,धर्म पाल, संजीव त्यागी, सुनील गोयल,अमित उपाध्याय,सुनील कुमार त्यागी, सुभाषचंद्र, राजेश कुमार, हेमन्त बिश्नोई, आदित्य गोयल, विजेंद्र बहादुर सिंह,अजय त्यागी, रामबीर सिंह,आदि सैकडो शिक्षक उपस्थित रहे।

# चार दिन पूर्व हुए सड़क हादसे में घायल महिला ने तोड़ा दम

**चार दिन पूर्व अज्ञात वाहन ने मारी थी टक्कर**

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** चार दिन पूर्व नेशनल हाइवे पर हुए सड़क हादसे में घायल महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। महिला की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, खतौली क्षेत्र के ग्राम भैसी निवासी पप्पू चार दिन पूर्व अपनी पत्नी अनिता के साथ साइकिल से किसी कार्यवश नेशनल हाइवे पर गया था। बताया गया कि जब दोनों पति-पत्नी साइकिल से वापस गांव लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया था।

जहां डॉक्टरों ने महिला की हालत को नाजुक देखते हुए उसे मेरठ के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। चार दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद गुरुवार को महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिजनों ने घटना की जानकारी खतौली पुलिस को दी है। पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है।

# दूसरी साप्ताहिक बन्दी पर भी मैन बाजार रहा पूर्ण बन्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** लगभग महीना भर त्यौहारो की छूट के बाद दूसरी सप्ताहिक बन्दी पर पुरकाजी का मैन बाजार इक्का दुक्का दुकानो को छोड कर पूर्णरूप से बन्द रहा है जबकि पुरानी हाईवे और लक्सर मार्ग की सभी दुकाने दिन भर पूर्ण रूप से खुली रही है । लेकिन गुरुवार को पुरकाजी के मैन बाजार में साप्ताहिक बन्दी का खूब असर देखा गया है । जबकि सडक और लक्सर रोड एवं रोड की मार्किट रोज की भांति खुली रही है।

बताते चले कस्बे में शासन प्रशासन के निर्देशानुसार गुरुवार साप्ताहिक बंदी दिवस है त्यौहारी छूट के उपरान्त दूसरी सप्ताहिक बन्दी पर मैन बाजार मे साप्ताहिक बन्दी का खूब असर देखा जा रहा है ।लेकिन सडको पर स्थित प्रत्येक सप्ताहिक बन्दी दिवस पर सभी दुकाने रोज की भांति खोली जा रही है ।जबकि बाजार मे भी उन्ही खादय वस्तु ओ की दुकाने है जो सडको पर है मगर सडक के दुकानदारों में शासन प्रशासन के सभी कायदे कानूनो को ताक पर रखकर मजाक उडाया जा रहा है शासन प्रशासन का कानून तो सभी दुकानदारो के लिए एक है लेकिन पुरकाजी में इक्का दुक्का दुकान छोडकर पूरा बाजार बन्द रहता है मगर पुराने हाईवे और लक्सर मार्ग पर सभी दुकाने रोज की भांति खुली रहती है । क्या इन दुकानो पर कार्यरत श्रमिका का सरे आम शोषण नहीं है तो क्या है ? बताते चले सप्ताहिक बन्दी दिवस गुरुवार को यह असर केवल कस्बे के मैन बाजार मे ही देखा गया है लेकि न लक्सर रोड और पुराने हाईवे की अधिक तर दुकानदारो द्वारा शासन प्रशासन के कायदे कानून कोताक पर रख कर बेखौफी से रोज की भांति दुकाने खोली जा रही है श्यादा[sic] ये दुकानदार साप्ताहिक बन्दी के दायरे से बहार है जबकि आज साप्ताहिक बंदी दिवस पर मेंन बाजार सहित अन्य मार्किट की लगभग 98 :दुकान बंद रही है तथा बाजार तथा उक्त मार्किटो में दिन भर लाकडाऊन जैसा नजारा रहा है श[sic] जबकि पुराने हाईवे और लक्सर रोड पर दुकाने खुले रहने पर दिनभर खूब चहल पहल का नजारा रहा है ।

### मुनादी कर पुलिस ने वांछित को दी चेतावनी

**मोरना।** न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत न होने वाले जड़वड़ गांव निवासी व्यक्ति के आवास पर पुलिस ने नोटिस लगाकर मुनादी कराई है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव जड़वड़ गांव में एक ही परिवार के दो पक्षों में उस समय मारपीट हुई थी जब वह खेत मे कार्य कर रहे थे। मारपीट में लाठी-डंडे व धारदार हथियार चलने से दोनों पक्षों के करीब दस लोग घायल हो गए थे। जिसमें सुरेशपाल ने प्रवीण, सुरेंद्र, सुंदर, सूबे सिंह व दो अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। दूसरे पक्ष ने भी मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमे में वांछित सुंदर व सूबे सिंह को पकड़ने के लिए कई बार दबिश दी, परंतु सफलता नहीं मिली। गुरुवार को पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दोनों के मकान पर नोटिस चस्पा किए व गांव में मुनादी करवाकर 15 दिनों मे न्यायलय के समक्ष समर्पण करने अन्यथा कुर्की करने की चेतावनी दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली विभाग की लापरवाही से कभी भी हो सकता बड़ा हादसा

**खतौली।** ब्लॉक के गांव चन्दसीना में बिजली विभाग की लापरवाही के कारण ग्रामीणों पर हादसे का खतरा मंडरा रहा है। गांव में मुख्य विद्युत लाइन काफी दूरी पर होने के कारण ग्रामीणों ने अपने घरों में बिजली पहुंचाने के लिए दूर जाकर मुख्य लाइन से खुले तार जोड़ रखे हैं। इन तारों के नीचे से ही गांव का मुख्य मार्ग गुजरता है, जिससे कभी भी शॉर्ट सर्किट या करंट लगने से बड़ा हादसा हो सकता है। यही नहीं, समीप स्थित एक ग्रामीण के मकान की छत पर करंट आने की शिकायत भी सामने आई है, जिससे परिवार को लगातार खतरा बना हुआ है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भाकियू नेता समीर ख़ान मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की समस्या को संज्ञान में लिया। उन्होंने इस संबंध में बिजली उपखंड अधिकारी को पत्र लिखकर तत्काल समाधान की मांग की। सूत्रों के अनुसार, संबंधित जेई ने भी मामले की जानकारी ली थी, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही विभाग ने इस समस्या का समाधान नहीं किया, तो वे बिजली विभाग के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

### जलीय जीवों का शिकार करने वाले को वन विभाग ने किया गिरफ्तार

**मोरना।** हस्तिनापुर वन्य जीव अभ्यारण्य क्षेत्र में जलीय जीव जन्तुओं का शिकार करने वाले आरोपी को वन विभाग की टीम ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मोरना रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी रविकांत ने जानकारी देते हुए बताया कि वन विभाग की टीम को सुचना मिली की उत्तराखंड राज्य का एक शिकारी हस्तिनापुर वन्य जीव अभ्यारण्य क्षेत्र में जलीय जन्तुओं का शिकार कर रहा है मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार करते हुए आरोपी के पास से एक नाव जाल रस्सी में बंधे कांटे व एक संरक्षित ब्लैक कॉमोरेंट (जल कव्वा) बरामद किया गया जलीय जन्तुओं व मछलियों को शिकारी के कब्जे से मुक्त कर पानी में छोड़ दिया गया। पूछताछ में शिकारी ने अपना नाम नजाकत निवासी गांव जोगावाला जनपद हरिद्वार बताया आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में डिप्टी रेंजर दीपक कुमार, अमित पुंडीर, नंदकिशोर शर्मा आदि मौजूद रहे।

### श्री खाटू श्याम की शोभायात्रा निकाली

**मीरापुर।** कस्बे में श्री खाटू श्याम जी की भव्य शोभायात्रा का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर पाठ उत्सव मनाया गया तथा भव्य निशान यात्रा निकाली गई। यह यात्रा थाना परिसर से प्रारंभ होकर कस्बे के मुख्य मार्गों से होती हुई बालाजी मंदिर मुकलमालपुरा रोड पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया।शोभायात्रा में सजे हुए रथ, भजन मंडलियों के मधुर कीर्तन और ढोल-नगाड़ों की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते चल रहे थे। इस दौरान भव्य श्याम दरबार सजाया गया, जिसमें फूलों की वर्षा, शाम की रसोई और इत्र वर्षा का आयोजन हुआ। यात्रा के दौरान जगह-जगह पर जलपान व प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रभात शर्मा, मनीष अग्रवाल, दीपक प्रजापति, डॉ. बलराम गिरि, विकास खटीक, विनोद सुकरालिया, आयुष काम्बोज, अशोक रस्तोगी, रवि शर्मा, अर्भित काम्बोज, भरत सिंह गुर्जर, मनोज मदान, नवीन सैनी, सार्थक प्रजापति और विकास कश्यप सहित कई श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा। यात्रा के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल मुस्तैद रहा और पूरा आयोजन शांतिपूर्ण एवं श्रद्धामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

### महिला आयोग सदस्य ने की गर्भवती महिलाओं की गोद भराई

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सपना कश्यप ने तहसील सदर के विकास खंड बघरा में महिला जनसुनवाई/ जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। सदस्या ने महिलाओं की उत्पीड़न से संबंधित समस्याएं सुनी। उन्होंने उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए महिला उत्पीड़न से संबंधित समस्याओं का नियमानुसार निस्तारण किया जाए, इसमें किसी प्रकार की कोई शिथिलता ना बरती जाए।जनसुनवाई से पूर्व सदस्या ने विकासखंड बघरा में सीएचसी का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित चिकित्सा को को निर्देश दिए कि डिस्पेंसरी में सभी दवाइयां उपलब्ध रहे यदि कोई दवाई खत्म होने से पहले उन दवाइयां का मांग कर ली जाए जिससे मरीजों को आसानी से दवा मिल सके। कोई भी दवा बाहर की ना लिखी जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं का प्रसव सीएचसी में कराए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सीएचसी में साफ सफाई और बेहतर कराए जाने के निर्देश दिए।माननीय सदस्य ने बाल विकास एवं पुष्ट आहार विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई में पोषण पोटली का वितरण किया। सदस्य ने 6 माह के शिशुओं को को अन्न प्राशन भी कराया। सदस्य ने जनसुनवाई के उपरांत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों/अभियानों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशाओं को प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र तथ बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग में वर्ष 20 25 में संभव अभियान तथा आठवें पोषण माह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ियों को प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।इसअवसर पर जिला प्रोवेशन अधिकारी संजय कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी संतोष शर्मा ,क्षेत्राधिकारी फुगाना रूपालीराय, खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दिव्या वर्मा, महिला थाना प्रभारी, नायब तहसीलदार, एवं समाज कल्याण विभाग के एडीओ, सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ राजीव द्वारा किया गया।

# अजीज फातिमा हाईस्कूल में हुई मेहंदी प्रतियोगिता

**बुढ़ाना।** आज बृहस्पतिवार के दिन कस्बा बुढ़ाना की हिंडन नदी के समीप स्थित शिक्षण संस्था अजीज फातिमा हाईस्कूल बुढ़ाना में वार्षिक प्रोग्राम के आयोजन में मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।



जिसमें छात्रा आईशा, छात्रा हिबा, छात्रा शिफा, छात्रा अकशा, छात्रा हूरिया, छात्रा अलीना, छात्रा सना, छात्रा तूबा, छात्रा वजीहा, छात्रा समिया, छात्रा नुजहत, छात्रा सारागुल, छात्रा रमशा, छात्रा सोहा, छात्रा सादिका, छात्रा नाबिया, छात्रा जैनब छात्रा इंजीला और छात्रा अदीबा सहित अन्य कई छात्राओं के द्वारा बनाए गये मेहंदी के कुछ डिजाइनों एवं धरा पर बनाई गयी रंगोली को सराहा गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में शिक्षिका फलक, शिक्षिका शाजिया, शिक्षिका महक, शिक्षिका सीमा और शिक्षिका मनतशा इत्यादि शिक्षकों का सहयोग देखने को मिला। यहां प्रबंधक मौहम्मद अहमद एवं प्रधानाचार्य हाजी नूर मौहम्मद रिजवानी ने प्रतिभाग करने वाली सभी अध्यनरत छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बुढ़ाना नगर पंचायत के सभासद नसीम सिद्दीकी रहे। जिन्होंने सभी छात्राओं की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना की। सभी प्रतिभागी छात्राओं ने इन दोनों प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और मुख्य अतिथि के साथ ही स्कूल के पूरे स्टाफ द्वारा मिली सराहना पर हर्ष जताया।

# एके सिंह का विदाई समारोह, आर्यावर्त रवा राजपूत एकता सेवा समिति ने किया सम्मानित

**खतौली।** त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, शुगर यूनिट खतौली में कार्यरत अपर गन्ना महाप्रबंधक ए.के. सिंह के सम्मान में आर्यावर्त रवा राजपूत एकता सेवा समिति (पंजी.), शाखा जनपद मुजफ्फरनगर की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में समिति पदाधिकारियों ने ए.के. सिंह को पटका पहनाकर एवं भेंट देकर सम्मानित किया। इस दौरान समिति द्वारा शुगर मिल के अन्य सम्मानित स्टाफ सदस्यों को भी पटका पहनाकर आदरपूर्वक सम्मान प्रदान किया गया। यह आयोजन आपसी सहयोग, सम्मान और पारस्परिक सौहार्द का प्रतीक रहा। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष गुलजारी लाल के साथ डॉ. रणवीर सिंह, अजय चौहान, अभिषेक रवा राजपूत, गौरव राजपूत, कुलदीप कुमार, धीरज कुमार, राजेंद्र सिंह, राष्ट्रवीर सिंह, सर्वेश कुमार, राजेंद्र भाटी सहित शुगर मिल का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा। समिति ने सभी सम्मानित अतिथियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करते हुए हार्दिक धन्यवाद किया।



# कुछ पल दादा -दादी और नाना-नानी के संग

**मुजफ्फरनगर।** दून वैली प्रांगण में दादा -दादी, नाना -नानी की कहानियों का आयोजन किया गया । जिसके अंतर्गत कक्षा एल. के. जी. की छात्रा उर्वशी के दादा जयदेव बालियान, कक्षा यूकेजी की छात्रा अविका के दादा नरेंद्र चौधरी, प्ले कक्षा के छात्र अ"याश के दादा दादी ;षभ जैन, रेखा जैन और कक्षा नर्सरी की छात्रा वैष्णवी की नानी सरोज विद्यालय परिसर में पधारी। विद्यालय की परंपरा अनुसार अतिथियों का स्वागत छोटे-छोटे बच्चों ने तिलक लगाकर किया । दादा -दादी और नाना-नानी नन्हे नन्हे बच्चों के बीच आकर बहुत ही उत्साहित और आनंदित हुए। उन्होंने बच्चों को प्यारी प्यारी कहानियां सुनाई। तुलसी मां को जल अर्पित किया।अध्यापिकाओ ने भी बच्चों को रोचक और शिक्षा प्रद कहानियां सुनाई ।बच्चों ने थैंक यू कार्ड देकर दादा -दादी और नाना-नानी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल उप प्रधानाचार्या मिस ईवा गुप्ता ने कहा कि आज हम सभी दादा -दादी और नाना-नानी के प्यार से वंचित हो गए हैं। दून वैली ने आज विद्यालय में कहानियों का आयोजन कर बच्चो को उस स्नेह व ममता भरे अहसास को प्राप्त कराने का प्रयास किया है। उन्होंने विद्यालय परिसर में आए अतिथियों का तहे दिल से धन्यवाद किया। इस अवसर पर सभी अध्यापिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा।




मुजफ्फरनगरः दादा-दादी के साथ खुश होते बच्चे।

### नाबालिग किशोरी से युवक ने लाखों रुपए के सोने के गहने व नकदी हड़पी

**छपार।** एक युवक ने नाबालिग किशोरी को बहका फुसलाकर उससे लाखों रुपए कीमत के सोने के गहने व हजारों रुपए हडप लिये। पुलिस ने पीडिता के परिजनों की शिकायत आरोपी को हिरासत में ले लिया ओर किशोरी कै डाक्टरी परीक्षण के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। थाना छपार क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने गांव की ही एक नाबालिग को बहका फुसलाकर उससे सोने के कंगन, अगूंठी, गले की चेन कानों की बाली हड़प ली और लगभग 20 हजार रुपए नगद हड़प लिये। पता चलने पर परिजनों ने पुलिस को आरोपी व उसकी मां के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया ओर किशोरी को डाक्टरी परीक्षण के लिये जिला चिकित्सालय भेज दिया है।

# बत्राज हेल्थ केयर क्लीनिक का चेयरमैन ने किया शुभारंभ

**मुज़फ्फरनगर।** डॉ. बत्राज हेल्थकेयर ने मुज़फ्फरनगर में द्वारिकापुरी मोड पर अपनी फेंचाइज़ी क्लीनिक और उत्तर प्रदेश में अपनी 20वीं क्लीनिक के लॉन्च की घोषणा करते हुए खुशी जताई।

उद्घाटन समारोह में मीनाक्षी स्वरूप (अध्यक्ष, नगर पालिका मुज़फ्फरनगर), मोहम्मद यासिन (बिजनेस पार्टनर), डॉ. बत्राश्ज ग्रुप ऑफ कंपनीज के वरिष्ठ मेंटर डॉ. हरदीप सोनी तथा एजीएम ऑपरेशंस विक्रम धवन ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की। ब्विव[sic] स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, होम्योपैथी दुनिया भर में दवा की दूसरी सबसे बड़ी प्रणाली है, जिसमे भारत में 10 करोड़ से अधिक लोग अपनी स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती की जरूरतों के लिए होमियोपैथी पर निर्भर हैं। डॉ. बत्रा श्ज का नाम होम्योपैथी का पर्याय है। पद्मश्री डॉ. मुकेश बत्रा, जो भारत के प्रमुख होम्योपैथ हैं, ने 1982 में मुंबई में एक मरीज-केंद्रित संस्थान के रूप में डॉ. बत्राश्ज हेल्थकेयर की स्थापना की। डॉ. बत्राश्ज हेल्थकेयर के बारे में भारत, बांग्लादेश, यूके, यूएई, बहरीन, थाईलैंड और मलेशिया सहित 7 देशों में लगभग 130 शहरों में 200+ क्लीनिकों के साथ, डॉ. बत्राज होम्योपैथी क्लीनिक्स में त्वचा विशेषज्ञों, बाल विशेषज्ञों और अनुभवी होम्योपैथिक डॉक्टरों सहित 350+ से अधिक डॉक्टर हैं।

एक्सोजेन जैसी अपनी नवीनतम तकनीक के साथ, डॉ. बत्राश्ज पुनर्योजी सौंदर्य की अगली पीढ़ी को सक्षम बना रहा है। यह अत्याधुनिक उपचार जड़ों में बालों के पुनर्जनन के लिए 10 अरब कोशिकाओं वाले एक शक्तिशाली एक्ष्सोसोम[sic] आधारित सूत्रीकरण फॉर्मूलेशन का उपयोग करता है। चिकित्सकीय रूप प्रमाणित इस प्रक्रिया से केवल 4 सत्रों में परिणाम दिखाई देने लग जाते हैं। डॉ. बत्राश्ज ने एआई हेयर प्रो डिवाइस भी पेश किया है जो बालों की समस्या के उपचार के लिए तेज, अत्मधिक अनुरूप और सटीक रूप से मापने योग्ध परिणाम प्रदान करता है।



त्वचा के लिए, ब्रांड होम्मोपैथी की अच्छाई को अत्याधुनिक सौंदर्य समाधानों के साथ जोड़ने वाले, दुष्प्रभाव मुक्त डॉ. बत्राश्ज न्यू यू रेंज ऑफ होमियो फेशियल की ऑफर करेगा। इसके अलावा, मुज़फ्फरनगर क्लीनिक डॉ. बत्राश्ज ऐलर्जीन की नवीनता भी लाएगी, जिसमें मरीज एक सिंगल प्रिक टेस्ट् के साथ 45 से अधिक खाद्य एलर्जेन के लिए परीक्षण करा सकते हैं और अपनी त्वचा की एलर्जी का इलाज कर सकते हैं। साथ ही सफेद दाग, सोरायसिस और एक्जिमा जैसी पुरानी त्वचा की समस्याओं का इलाज डॉ. बत्राज डर्मा हील के माध्यम से कर सकते हैं, जो त्यचा के लिए होम्योपैथी के गुणों के साथ संयुक्त एक चिकित्सीय लाइट ट्रीटमेंट है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि डॉ. बत्रा श्ज़ ने सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए एक उत्कृष्ट प्रतिष्ठा अर्जित की है, और मुझे मानवता की सेवा के इस नेक मिशन में योगदान देने पर गर्व है। बत्राश्ज ग्रुप ऑफ कंपनीज़ के वरिष्ठ सलाहकार, डॉ. हरदीप सोनी ने कहा कि सीमित अवधि के लिए पंजीकरण पर 25 : की छूट का विशेष परिचयात्मक ऑफर प्राप्त करें।

# श्रीराम कॉलेज ने मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय अंतरमहाविद्यालय बॉक्सिंग टूर्नामेंट पर किया कब्जा

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर माँ शाकुम्भरी ब्विवविद्यालय[sic] से सम्बद्ध महाविद्यालयों के अंतरमहाविद्यालय की बाक्सिंग (पुरूष एवं महिला) वर्ग की प्रतियोगिता का टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें माँ शाकुम्भरी सहारनपुर से संबद्ध विभिन्न जिलो के महाविद्यालयों से आये हुये खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व डा0 रीता बोरा, सेलेक्टर ने किया।बाक्सिंग (पुरूष एवं महिला) के टूर्नामेंट का शुभारम्भ माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय की प्रतिनिधि डा0 रीता बोरा, सेलेक्टर तथा मुख्य अतिथि डा प्रेरणा मित्तल, प्राचार्या श्री राम कॉलेज, मुजफ्फरनगर, डा अशोक कुमार निदेशक श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर तथा प्रमोद कुमार शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक अध्यापक द्वारा विधिवत रूप से किया गया।शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय टीम के चयन हेतु आज बाक्सिंग (पुरूष एवं महिला) वर्ग की टीम का टीम इवेंट मैच खेले गये। बांक्सिंग (पुरूष वर्ग) के मैच में प्रथम स्थान श्रीराम कालेज, द्वितीय स्थान एसडी कॉलेज ने प्राप्त किया। वही बाक्सिंग (महिला वर्ग) में प्रथम स्थान श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर, द्वितीय स्थान हरि कॉलेज, सहारनपुर ने प्राप्त किया। इस टूर्नामेंट में चयनित की गई महाविद्यालय की बाक्सिंग (पुरूष एवं महिला) टीम माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय की टीम का नेतृत्व करते हुये नोर्थ जोन अंतरविश्वविद्यालय बाक्सिंग (पुरूष एवं महिला) वर्ग की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। प्राचार्य डा0 प्रेरणा मित्तल ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कराते हुये कहा कि विभिन्न महाविद्यालयों से आये बाक्सिंग (पुरूष एवं महिला) खिलाडियों का प्रदर्शन काबिले तारिफ है। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार तथा प्रवक्ता भूपेन्द्र कुमार, डॉ0 अब्दुल अजीज खान, संदीप सहरावत, अमरदीप, प्रशान्त, तरूण तथा विश्वदीप कौशिक आदि का योगदान रहा।

### हथियारों के साथ तीन दबोचे

**पुरकाजी।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान धारा तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 अवैध तमंचे तथा तीन जिन्दा करतूस 315 बोर तथा एक खोखा कारतूस बरामद कर उनके विरुद धारा 3 / 25/27 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही करते हुए तीनो आरोपियो को न्यायलय मे पेश किया गया है। एसएसपी के निर्देशानुसार गुरुवार को उत्तराखण्ड अर्तगत ग्राम बूडपुर बार्डर गंग नहर पटरी ठेका देशी शराब के निकट से 1 .हर्षित पुत्र पंकज . 2 . विकास पुत्र देवेंद . 3 .राहुल पुत्र रामबीर समस्त निवासी गण बुडपुर थाना मंगलौर -हरिद्वार (उत्तराखण्ड ) तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अवैध कॉलोनियों पर नगर पंचायत की सख्ती, भेजा नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत थाना भवन प्रशासन ने अवैध रूप से काटी जा रही कॉलोनियों पर सख्त रुख अपनाते हुए कॉलोनाइजरों को सात दिन का अंतिम अवसर दिया है। अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने सार्वजनिक सूचना जारी कर स्पष्ट किया कि किसी भी कॉलोनी में पानी, बिजली, सड़क एवं जल निकासी जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी संबंधित कॉलोनाइजर की होती है।

उन्होंने कहा कि अधिकांश कॉलोनाइजर भोली-भाली जनता को भ्रमित कर कॉलोनी काटकर चले जाते हैं, जिससे भविष्य में आम जनमानस को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

नगर पंचायत ने पहले भी कई बार ऐसे कॉलोनाइजरों को अपनी कॉलोनी नियमित कराने के लिए नोटिस जारी किए थे, लेकिन अब तक किसी ने कार्रवाई नहीं की।अधिशासी अधिकारी ने बताया कि हाल ही में जब नगर पंचायत ने दोबारा अभियान चलाया तो सभी कॉलोनाइजरों ने अपनी कॉलोनी को नियमित करने के लिए सात दिन की अतिरिक्त समय सीमा मांगी थी, किंतु उसके बाद भी किसी ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि उनके संज्ञान में यह बात आई है कि कुछ लोग नगर पंचायत को बदनाम करने के उद्देश्य से कॉलोनाइजरों से धन की मांग कर रहे हैं। सभी कॉलोनाइजरों को निर्देश दिया गया है कि वे किसी के बहकावे में न आएं और न ही किसी को अपनी ओर से कोई पैसा दें। यदि किसी व्यक्ति द्वारा धन की मांग की जाती है तो उसकी सूचना साक्ष्य सहित तत्काल अधिशासी अधिकारी को दें, ताकि ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जा सके।अधिशासी अधिकारी ने कहा कि यदि सात दिवस की समय सीमा के भीतर कॉलोनाइजरों द्वारा अपनी कॉलोनी को नियमित नहीं किया गया तो नगर पंचायत बिना किसी पूर्व सूचना के कठोर कार्रवाई करेगी, जिसके लिए संबंधित कॉलोनाइजर स्वयं जिम्मेदार होंगे।नगर अध्यक्षा की सख्ती से प्रशासन सक्रिय हुआ। नगर अध्यक्षा द्वारा हाल ही में बिना टेंडर के चल रहे नाले के निर्माण कार्य को रुकवाया गया था, जिसके बाद नगर पंचायत प्रशासन हरकत में आया और नियम विरुद्ध कार्यों पर निगरानी और तेज कर दी गई। नगर अध्यक्षा के इस कदम से अव्यवस्था पर लगाम लगाने की दिशा में प्रशासन ने तत्परता दिखाई है।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में गिरफ्तार कर कोर्ट में किया पेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को मुम्बई पुलिस ने शहर के मोहल्ला मनिहारान निवासी एक युवक को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मुम्बई पुलिस ने अभियुक्त को गिर फ्तार कर कैराना कोर्ट में पेश किया गया, जिसके बाद अपने साथ ले गई। पकडा गया युवक पब्जी गेम में दोस्ती कर युवती से मिलने मुम्बई जा चुका है।

गुरूवार को महाराष्ट्र की थाना आरसीएफ मुम्बई, जनपद वृहनामुम्बई पुलिस शामली पहुंची। मुम्बई पुलिस के उपनिरीक्षक खेडकर ने शहर कोतवाली पुलिस में आमद दर्ज कराते हुए शहर के मोहल्ला मनिहारान निवासी नदीम पुत्र सईद के घर पर छापा मारा, जहां से नदीम को गिरफ्तार कर लिया गया। मुम्बई



पुलिस ने बताया कि पकडे गए युवक ने वर्ष 2018 में पब्जी के माध्यम से एक युवक दोस्ती की थी।

जिससे मिलने के लिए वह कई बार मुम्बई भी गया और शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया गया। युवती द्वारा बार बार शादी का दबाव बनाने के बाद भी युवक ने शादी नही की और शादी करने से इंकार कर दिया। जिसके बाद युवती द्वारा आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। मुम्बई पुलिस शहर कोतवाली में लिखा पढी कराने, मेडिकल परीक्षण कराकर और कैराना कोर्ट में पेशकर अभियुक्त को अपने साथ ले गई है।

## बैठक का आयोजन

**नहटौर।** ब्लॉक के डवाकरा हाल में बीएलडीसी की ब्लॉक स्तर की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया। आज सांय करीब चार बजे आयोजित बैठक की अध्यक्षता अग्रणी जिला प्रबंधक ने की। पंजाब नेशनल बैंक हल्दौर से डायरेक्टर, दीनदयाल (एडीओ), ब्लॉक मिशन मैनेजर महेश, परवेज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। मुख्य रूप से ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी), शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता अभियान तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस किया गया।

# मतदाता पुनरीक्षण के लिए कांग्रेस में ओमप्रकाश शर्मा व रविंद्र आर्य बने समन्वयक




**शामली।** उत्तर प्रदेश में शुरू होने जा रहे मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए कांग्रेस पार्टी ने शामली जनपद की कैराना और थानाध्भवन विधानसभा के लिए ओमप्रकाश शर्मा और रविंद्र आर्य को शामली विधानसभा के लिए समन्वयक नियुक्त किया है। भारत निर्वाचन आयोग ने देश के विभिन्न राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया शुरू की है जिसमें उत्तर प्रदेश में भी एसआईआर शुरू होने जा रहा है। निर्वाचन आयोग के आदेश पर जिला प्रशासन द्वारा अपने बीएसओ नियुक्त किए हैं जो घर-घर जाकर मतदाता पुनरीक्षण करेंगे। इसके अलावा राजनीतिक दलों ने भी उत्तर प्रदेश के प्रत्एक जनपद में अपने कोर्डिनेटर नियुक्त किए हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य व सहारनपुर शहर कोर्डिनेटर ओमप्रकाश को कैराना व थानाभवन विधानसभा के लिए एसआईआर कोर्डिनेटर नियुक्त गया है। ओमप्रकाश शर्मा ने बाबू खान को थानाभवन और अमित डिंपल शर्मा को कैराना विधानसभा पर सहायक समन्वयक नियुक्त किया है। वहीं रविंद आर्य को शामली विधानसभा के लिए एसआईआर कोर्डिनेटर बनाया गया है। रविंद्र आर्य ने पूर्व शहर अध्यक्ष वैभव गर्ग व ओमबीर उपाध्याय को अपना सहायक समन्वयक बनाया है। राजनीति पार्टी के एसआईआर कोर्डिनेटर प्रशास. निक बीएसओ के साथ मिलकर एसआईआर की प्रक्रिया को पूर्ण करने का काम करेंगे और किसी भी प्रकार की त्रुटि को संशोधन कराने का कार्य करेंगे।

# चिकित्सक पर हमले में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** चिकित्सक को जमीन पर गिराकर डंडे से ताबड़तोड़ प्रहार करके घायल करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी दर्जी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी ने एक दिन पूर्व तेज आवाज में गाने बजाने का विरोध करने पर चिकित्सक पर हमला कर दिया था।

कस्बे के मोहल्ला सरावज्ञान निर्मल चौराहा निवासी डॉ। प्रदीप जैन ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि उसका क्लीनिक मोहल्ले में ही स्थित है, जिस पर वह और उसकी पत्नी बैठते है। क्लीनिक के पास में ही मोहल्ला अफगानान निवासी आदित्य नामक युवक ने सिलाई की दुकान कर रखी है। युवक अपनी दुकान में तेज आवाज में गाने बजाता है और मना करने के बावजूद



भी नही मानता। विगत बुधवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे वह और उसकी पत्नी क्लीनिक पर मरीजों की जांच करके दवाई लिख रहे थे। इसी बीच उसने एक मरीज की धड़कन चेक करनी चाही, लेकिन पड़ोसी युवक की दुकान में बज रहे गाने की तेज आवाज के चलते मरीज की धड़कन का पता नही चल पाया। उसने युवक को गाने की आवाज कम करने को कहा, जिस पर युवक आग. बबूला होकर उस पर टूट पड़ा। आरा. पी ने उसके साथ में गाली-गलौच करते हुए भयंकर मारपीट शुरू कर दी। आरोपी उसे जमीन पर गिराकर डंडे से मारपीट करने लगा, जिसमें वह लहूलुहान हो गया। आस-पास के लोगो व राहगीरों ने आरोपी से बाम. ुश्किल उसे बचाया। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चला गया था। चिकित्सक से मारपीट की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। वहीं, पुलिस ने आरा. ेपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

## गुरुनानक देव के प्रकाशोत्सव पर कार्यक्रम



**नजीबाबाद ।** गुरु नानक देव के 556 वें प्रकाशोत्सव पर ग्राम महाव. तपुर बिल्लौच स्थित गुरुद्वारा में गुरुबाणी का पाठ किया गया। गुरबाणी का पाठ सुनकर संगत निहाल हो गई। इस मौके पर दीवान भी सजाये गये, साथ ही गुरबाणी का पाठ सुनकर संगत निहाल हो गई। पांचों बाणियों का संगता ने पाठ श्रवण किया, प्रथम भोग के बाद हजूरी रागी जत्था भाई जसवीर सिंह ने गुरबाणी शबद गायन से संगतों को निहाल किया। इसके उपरांत ज्ञानी मनजिंदर सिंह ने गुरु नानक जी के प्रकाश दिवस पर प्रकाश डाला। आनन्द साहिब जी का पाठ भी किया गया। गुरु सिख भाईचारा सोसायटी के अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, खजांची सरदार करने सिंह, पूर्व प्रधान सरदार बलवीर सिंह, सरदार बिट्टू सिंह, जसराम की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

## एक नजर

### थानाभवन शुगर मिल के सामने ट्रक.बाइक की भिड़ंत, युवक गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** कस्बे के पास शुगर मिल के सामने बृहस्पतिवार को ट्रक और बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार अनिल पुत्र अशोक निवासी जाफरपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को



आनन-फानन में थाना भवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, अनिल डॉक्टरों को दवाइयां सप्लाई करने का कार्य करता है। बताया जा रहा है कि वह शामली से अपना कार्य निपटाकर बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान शुगर मिल के सामने ट्रक से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अनिल की मोटरसाइकिल ट्रक के नीचे घुस गई और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गांव बुच्चाखेड़ी में न्याय पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गुरुवार को क्षेत्र के गांव बुच्चाखेड़ी में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में न्याय पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ प्राथमिक शिक्षक संघ शामली के जिला मंत्री गुलाब सिंह ने फीता काटकर किया। खेल प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में जूनियर स्तर में नाहिद बुच्चाखेड़ी और आकांक्षा मवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कबड्डी में जूनियर हाईस्कूल बुच्चाखेड़ी और खो-खो में मवी की टीम ने विजय घोषित हुई। प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी कैराना सुशील कुमार शर्मा ने मेडल और शील्ड प्रदान करके पुरस्कृत किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पुरुषार्थ के जरिए जीवन के प्रत्एक क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ शामली के जिला कोषाध्यक्ष हारूण चौहान तथा नाजिम अली, गजानंद, बृजेश कुमार, अरविंद कुमार, पिंटू खोखर, शैलेंद्र मान, अमित कुमार, अब्दुल सत्तार, सुलोचना पालीवाल, पारुल त्यागी, इशरत जहां, सोनाली चौहान आदि अध्यापक उपस्थित रहें।

### मुनि ने समझाया आत्मनिर्भरता के गुणों को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला शामली में आयोजित धार्मिक सभा में मुनि 108 विव्रत सागर ने कहा कि जैन दर्शन संसार के सभी दर्शनों में अद्वितीय है, क्योंकि यह किसी को दास या अनुयाई नहीं बनाता, बल्कि सबको स्वयं का मालिक बनने की प्रेरणा देता है। यहां



दासता का नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का संदेश निहित है। मुनि ने कहा कि जहां अन्य दर्शनों में भगवान के भक्त बनने की बात होती है, वहीं जैन दर्शन व्यक्ति को भगवान बनने का मार्ग बताता है। जैन गुरु अपने शिष्य से कहते हैं कि बेटा, तू मेरा चेला मत बन, तू तो खुद का गुरु बन। यह संदेश आत्म-जागृति और अपनी अंतरध्वनि को पहचानने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि प्रत्एक व्यक्ति के भीतर आत्मा की आवाज निरंतर उठती रहती है, जो सही और गलत का बोध कराती है। यदि हम इस आंतरिक स्वर को सुनना सीख लें, तो हमें किसी बाहरी सहारे की आवश्यकता नहीं रहती। यही अंतरात्मा हमारी सच्ची गुरु है, जो हमें सद्कर्म की ओर प्रेरित करती है और सच्चे धर्म के मार्ग पर अग्रसर करती है। मुनि वव्रत सागर ने कहा कि जैन दर्शन का सार यही है कि सच्चा धर्म तब शुरू होता है जब हम अपनी आत्मा की आवाज सुनना सीख जाते हैं। यही आत्मा हमारी मुक्ति का द्वार है। कार्यक्रम में चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन का शुभारंभ अरुण जैन, सिद्धार्थ जैन द्वारा किया गया। पाद प्रक्षालन का सौभाग्य संजीव जैन, प्रीति जैन, राजीव जैन को प्राप्त हुआ।

# सतलोक आश्रम में दिव्या धाम यज्ञ का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।।** वेदखेड़ी स्थित सतलोक आश्रम में आयोजित तीन दिवसीय शदिव्या धाम यज्ञश के समापन चरण में अखंड पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक समागम में हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने नशा, चोरी, ठगी, रिश्वतखोरी जैसी सामाजिक बुराइयों का परित्याग करते हुए जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज से नि:शुल्क नामदीक्षा ग्रहण की। बृहस्पतिवार को इस महासमागम के समापन अवसर पर आश्रम के प्रदेश समन्वयक हृदेश दास ने बताया कि तीनों दिनों तक प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगातार श्रद्धालु आते रहे और इस पावन अवसर का लाभ उठाया। उन्होंने बताया कि आने वाले



सभी श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क भोजन एवं पेयजल की व्यवस्था की गई थी, जिसका हजारों लोगों ने उपयोग किया। तीनों दिन संत रामपाल जी महाराज की अमृतवाणी का अखंड पाठ चला, जिसने पूरे वातावरण में भक्ति की सुगंध बिखेर दी। आयोजित किए गए विशाल सामूहिक भोज द्धभंडारेत्र्र ने स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं के बीच खासी चर्चा बटोरी। दहेज मुक्त विवाह जैसे सामाजिक सन्देश को प्रोत्साहन दिया गया तथा एक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया आश्रम के प्रवेश द्वार पर एक भव्य प्रदर्शनी लगाई गई, जहां सभी पवित्र धार्मिक ग्रंथों को प्रमाण सहित प्रदर्शित किया गया था। इस समागम की सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि सैकड़ों लोगों ने अपनी मनमानी छोड़कर सभी बुरी आदतों और कुकर्मों से तौबा करते हुए संत रामपाल जी महाराज से नि:शुल्क नामदीक्षा ली। यह कदम उनके एक बेहतर और नैतिक जीवन की शुरुआत का प्रतीक बना। कार्यक्रम के दौरान, संत कबीर साहब की प्रार्थना सभा में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे आश्रम परिसर में एक अद्भुत आध्यात्मिक उत्साह का वातावरण बना रहा।

# झगड़ा कर रहे तीन लोगों का पुलिस ने किया चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में जमीनी विवाद को लेकर आपस में झगड़ा कर रहे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए कानूनी कार्रवाई कर चालान किया है। दूसरी और गंगेरू में पत्नी के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी मे चालान किया है। थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी प्रवेश और रीतिक दोनों चचेरे भाई हैं। विगत बुधवार को दोनों चेचर और तेहरे भाइयों के बीच जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हो गई थी। दोनों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी थी और कार्रवाई की मांग की थी। गुरुवार को जमीनी विवाद को लेकर फिर से दोनों लोग आपस में झगड़ने लगे मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया और थाने ले आई। दूसरी और गंगेरू निवासी महिला शबाना ने बताया कि उसका पति मुजफ्फर आए दिन उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करता है। घरेलू विवाद सुलझाने के लिए आए मामा के साथ भी आरोपी ने मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गुरुवार को तीनों लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए गुरुवार को चालान कर दिया।

# दो मादक पदार्थ तस्कर हरियाणा में गिरफ्तार, हरियाणा पुलिस की दबिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** हरियाणा के सोनीपत जनपद के थाना गन्नौर क्षेत्र से पुलिस ने कस्बा निवासी दो युवकों को मादक पदार्थ तस्करी करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। गुरुवार को हरियाणा पुलिस दोनों मादक पदार्थ तस्करों को लेकर कस्बे में पहुंची और कई जगहों पर दबिश दी। मादक पदार्थ तस्कर नहीं मिलने पर हरियाणा पुलिस दोनों तस्करों को लेकर वापस लौट गई।

विगत एक सप्ताह पूर्व कस्बे के सलेमपुर मार्ग निवासी मुबारिक पुत्र आबिद व मोहल्ला मिर्दगान निवासी कैफ असारी पुत्र याकूब को हरियाणा जनपद के सोनीपत जिले की गन्नौर पुलिस ने स्मैक तस्करी करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने दोनों तस्करों के कब्जे से स्मैक बरामद करते हुए दोनों तस्करों को जेल भेज दिया था। गुरुवार को गन्नौर थाने के उप निरीक्षक प्रदीप एवं संदीप, हेड कांस्टेबल विकास के साथ दोनों तस्करों को रिमांड पर लेकर कस्बे में पहुंची।

हरियाणा पुलिस ने थाने पर आमद कराते हुए दोनों तस्करों को लेकर कस्बे के कई स्थानों पर मादक पदार्थ तस्करों के ठिकानों पर दबिश दी। हरियाणा पुलिस के आने से पूर्व ही तस्कर मौके से फरार हो गए। हरियाणा पुलिस अपने साथ लाई दोनों तस्करों को लेकर वापस लौट गई। हरियाणा पुलिस की दबिश से नगर में मादक पदार्थ तस्करों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

# देव दीपावली पर्व देर रात्रि श्रद्धा व उल्लास से मनाया

**शामली।** शहर में देव दीपावली पर्व देर रात्रि श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनियों और फूलों से सजाया गया। रात्रि में दीप जलाए गए और पूजा अर्चना की गई। बुधवार देर शाम शहर के पुरानी सब्जी मंडी स्थित मां शाकुंभरी देवी चौदस वाला मंदिर में देव दीपावली पर्व देर



रात्रि श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रांगण में दीपक जलाकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। देर रात तक भक्तों का आना-जाना जारी रहा। मंदिरों में भजन-कीर्तन, आरती और पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया। देव दीपावली पर्व पर शहर के प्रमुख मंदिर हनुमान धाम, शिव मंदिर गांधी चौक, दुर्गा मंदिर मिल रोड में विशेष साज-सज्जा की गई। हर ओर दीपों की रौशनी से नगर झिलमिला उठा और श्रद्धालु जय राम, हर हर महादेव के जयघोष के साथ धार्मिक उत्सव में डूबे नजर आए। भक्तों ने कहा कि देव दीपावली का पर्व अंधकार पर प्रकाश और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर अमन कांबोज, प्रशांत शर्मा, पंडित प्रदीप शर्मा, पंडित शिवम शर्मा, सौरभ गुप्ता, सागर गर्ग, अजय गुप्ता, पंडित अनुराग शर्मा, हिमांशु गर्ग, अंकुर, शिवम गर्ग आदि मौजूद रहे।

# आउटसोर्सिंग सफाईकर्मियों को पालिका ने वितरित किए ईएसआई कार्ड

**खबर का असर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगरपालिका परिषद कैराना में तैनात सैंकड़ों आउटसोर्सिंग सफाईकर्मियों को कर्मचारी राज्य बीमाद्धईएसआईत्र्र कार्ड वितरित किए गए है। सफाई कर्मचारी यूनियन के कैराना नगराध्यक्ष रहे सचिन कुमार ने एक सप्ताह पूर्व कर्मचारी भविष्य निधिद्धईपीएफत्र्र व कर्मचारी राज्य बीमाद्धईएसआईत्र्र कार्ड में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायती-पत्र भेजा था, जिसे विगत बुधवार के अंक स्थानीय मीडिया ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

विगत 31 अक्टूबर को सफाई कर्मचारी यूनियन नगरपालिका परिषद कैराना के पूर्व अध्यक्ष सचिन कुमार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायती-पत्र भेजा था। पत्र में बताया था कि नगरपालिका परिषद कैराना के विभिन्न विभागों में विगत 10-11 वर्षों से करीब 200-250 कर्मचारी आउटसोर्सिंग माध्यम से काम कर रहे है। आरोप है कि पिछले 01-02 वर्ष से इन कर्मचारियों के वेतन से कर्मचारी भविष्य निधिद्धईपीएफत्र्र के नाम पर जो कटौती की जा रही है, वह इन कर्मचारियों के खाते में जमा नही हो रही है। इसके अलावा, प्रत्एक आउटसोर्सिंग कर्मचारी के वेतन से कर्मचारी राज्य बीमाद्धईएसआईत्र्र के नाम पर 90 रूपए प्रतिमाह काटा जा रहा है, लेकिन किसी भी कर्मचारी को आज तक ईएसआई कार्ड नही दिया गया है।

02 नवंबर 2021 को जारी शासनादेश के अनुसार आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को मौसम के अनुसार वर्दी दिए जाने का प्रावधान है।

परन्तु, सम्बंधित अधिकारी व बाबू को लिखित व मौखिक रूप से अवगत कराए जाने के बावजूद किसी भी आउटसोर्सिंग सफाई कर्मी को आजतक एक बार भी वर्दी नही दी गई।

पत्र में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन से कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) व कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) के नाम पर कटने वाली राशि तथा वर्दी के प्रकरण में हो रही धोखाधड़ी की जांच कराकर नगरपालिका परिषद कैराना हो रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग की गई थी। इस मामले को क्षेत्र के समाचार-पत्रों ने प्रमुखता से प्रका. शित किया था। खबर प्रकाशित होने से हुक्मरानों की नींद खुली है।

गुरुवार को नगरपालिका परिषद कैराना में तैनात करीब 160 आउटसोर्सिंग सफाईकर्मियों को कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) कार्ड वितरित किए गए है। सफाईनायक अबसार अहमद, मोहम्मद असलम, शाहिद हसन व दीपक पाहिवाल के द्वारा ए कार्ड वितरित किए गए है। इस दौरान सफाई कर्मचारी यूनियन नगरपालि. का परिषद कैराना के पूर्व अध्यक्ष सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद शामली ( जनपद-शामली )

पत्रांक: 592 दिनांक: 06.11.2025

**ई-टैण्डर अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद शामली यूजर चार्ज के आधार पर डोर-टू-डोर कूडा कलैक्शन का कार्य तथा एमआरएफ सेन्टर का समस्त संचालन का कार्य कराना चाहती है, जिसके लिए दिनांक 17.11.25 समय 5:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर निविदांए रजिस्टर्ड श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से शर्तो के आधार पर आमंत्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्ते वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। अभिलेख दिनांक 7.11.25 से दिनांक 17.11.25 तक सांय 5:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। सभी निविदादाता दिनांक 17.11.25 की सांय 5:00 बजे तक वेबसाईट ww.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर/ दरें डाल सकते है। जो दिनांक 18.11.25 को समय: 11:00 बजे से खोले जाएंगे। निर्धारित निविदा शुल्क पालिका के निम्न खाता में जमा किया जा सकता है। जिसकी प्रप्ति निविदा के साथ अपलोड की जानी अनिवार्य होगी, अन्यथा की स्थिति में निविदा पर कोई विचार नही किया जाएगा ।

| | |
|---|---|
| **बैंक का नाम** | **आई.सी.आई.सी.आई. बैंक शाखा शामली** |
| **खाता संख्या** | **066801001515** |
| **आई.एफ.एस.सी. कोड** | **ICIC0000668** |

| Tender Referance | /E-T/SFI/2025-26 |
|---|---|
| Publish and Time for RFP | 07-11-2025 UPTO 4:00 PM |
| Last Date and time for Submission of tender | 17-11-2025 AT 5:00 PM |
| Open E-Tender Date | 18-11-2025 AT 11:00 PM |
| Place of Opening of E-Tender | Nagar Palika Parishad Shamli Office |
| E-Tender Secutity | Net Amount of RTGS |
| E-Tender Document Processing | 500+GST@18%=590 (RTGS) for eatch work |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद शामली

# छापा मारने पहुंचे एसीएमओ से मारपीट

## पुलिस को मौके पर बुलाकर किया दून अल्ट्रासाउंड सेंटर सील, आरोपियों पर कराया गया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बिना मानकों के चल रहे एक दून अल्ट्रासाउंड सेंटर पर टीम के साथ पहुंचे एसीएमओ के साथ वहां मौजूद दबंगों द्वारा मारपीट कर कार्रवाई रोकने का प्रयास किया। बाद में पुलिस को मौके पर बुलाकर सेंटर को सील करते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया।

पीड़ित नाहिद अंसारी की तहरीर पर सीएमओ ने नगर कोतवाली स्थित दून अल्ट्रासाउंड सेंटर पर जांच के लिए एसीएमओ कपिल देव को निर्देशित किया था। मौके पर पहुंचकर एसीएमओ ने औचक निरीक्षण किया, जहां मौजूद दबंगों ने एसीएमओ व टीम से मारपीट और जानलेवा हमला किया। इसके बाद एसीएमओ ने मौके पर ही पुलिस बुलाकर अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया।




एसीएमओ कपिल देव ने बताया कि मौके पर कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था और एक लड़की अल्ट्रासाउंड कर रही थी। दबंगों ने उनके साथ मारपीट करते हुए कार्य करने से रोक दिया। पुलिस बुलाने पर अल्ट्रासाउंड करने वाली युवती मौके से फरार हो गई। मानकों के विरुद्ध बिना अधिकृत डॉक्टर के सेंटर चलाए जाने के चलते इसे सील किया गया। एसीएमओ ने थाना नगर कोतवाली में तहरीर देकर अधिकारी पर जानलेवा हमला और सरकारी काम में बाधा डालने को लेकर मुकदमा दर्ज करने की लिखित शिकायत दी। स्वास्थ्य विभाग की इस बड़ी कार्रवाई से अवैध क्लिनिक और जांच केंद्र चलाने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। सीएमओ प्रवीन कुमार का कहना है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। क्लिनिक का रजिस्ट्रेशन कैंसिल करते हुए संबंधित डॉक्टर को ब्लैक लिस्ट किया जा रहा है। आगे सघन अभियान चलाकर मानक विरुद्ध व अवैध जांच केंद्रों पर कार्रवाई की जाएगी।

# कैलाशपुर में आम के बाग में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** कैलाशपुर गांव के जंगल में एक आम के बाग में पेड़ पर एक युवक का शव लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने जाँच पड़ताल शुरू की है।

गुरुवार को थाना गागलहेड़ी क्षेत्र के गांव कैलाशपुर के जंगल में एक आम के बाग में पेड़ एक 22 वर्षीय युवक का शव लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकठ्ठा हो गई सूचना के बाद मौके पर पहुंची गागलहेड़ी पुलिस और फॉरेनसिक टीम ने जाँच पड़ताल कर मर्तक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। मर्तक की पहचान रजत पुत्र विनोद निवासी कैलाशपुर हुई है।वही मतर्क के परिवार में कोहराम मच गया।रजत परिवार में इकलोता वारिस था।वह पेंट का काम कर गुजारा करता था। वही गांव वालों ने बताया गया है कि मर्तक मानसिक रोगी था।वही थानां प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।जो भी तथ्य सामने आयेंगे उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# घर-घर सर्वे में लगे बीएलओ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** नगर क्षेत्र में एस आई आर का कार्य शुरू कर दिया गया है। बीएलओ घर घर जाकर सर्वे कर रहे हैं वहीं क्षेत्रीय लोग भी उन्हें सहयोग कर रहे हैं।

एसआईआर के अंतर्गत बीएलओ ने घर घर जाकर मतदाताओं का सर्वे करना शुरू कर दिया है। वार्ड नम्बर 17 में बीएलओ संदीप कुमार ने जब सर्वे शुरू किया तो पूर्व सभासद हाजी मोहम्मद अय्यूब ने आगे बढ़ कर उन्हें सहयोग किया। हाजी मोहम्मद अय्यूब ने लोगों को अपने दस्तावेज तैयार रखने का आवाह्न करते हुए कहा कि केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाताओं का सर्वे किया जा रहा है।इसलिए पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कागजात तैयार रखें। चुनाव आयोग द्वारा जिन दस्तावेजों को मान्य घोषित किया गया है उनकी फोटो स्टेट और मतदाता के फोटो बनवा कर रखें।जब बीएलओ द्वारा दस्तावेजों की माँग की जाए तो फौरन उपलब्ध कराए जाएं।हाजी मोहम्मद अय्यूब ने कहा कि फार्म भरने के बाद बीएलओ से रसीद प्राप्त कर लें।

इस दौरान नफीस अंसारी,अमन, शमशाद आदि मौजूद रहे।

# किराया जमा न करने पर निगम की 5 दुकानें सील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज भी अपना वसूली अभियान जारी रखा। अभियान के दौरान आज गुरुद्वारा रोड पर नगर निगम द्वारा किराया जमा न करने पर अपने ही पांच किरायेदारों की पांच दुकानों को सील कर दिया गया। उधर 850 बडेृ बकायादारों की कुर्की की तैयारी की जा रही है। बकायादारों को डिमाण्ड नोटिस भेजे गए हैं।

कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया कि नगरायुक्त ने बडेृ बकायादारों से वसूली के लिए कुर्की अभियान चलाने के निर्देश दिए है। नगरायुक्त के निर्देशानुसार बडेृ स्तर पर बडेृ बकायादारों की कुर्की अभियान शुरु किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिन बकायादारों की कुर्की व सीलिंग की कार्रवाई की जायेगी, उन बकायादारों से कुर्की व सीलिंग कार्रवाई का खर्चा भी वसूल किया जायेगा। कर अधीक्षक ने बताया कि 30 नवंबर तक चालू वित्तीय वर्ष की डिमाण्ड पर ऑन लाइन टैक्स जमा कराने पर 10 प्रतिशत तथा ऑफ लाइन जमा कराने पर 5 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। उन्होंने बताया कि बकायादारों की सहूलियत के लिए महानगर में हर दिन चार कैंप लगाकर भी वसूली की जा रही है। करदाता कैंपों में भी अपना टैक्स जमा कराकर टैक्स में छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।



नगरायुक्त शिपू गिरि ने सभी करदाताओं से अपील की है कि जिन करदाताओं को बिल प्राप्त नहीं हुए हैं वे नगर निगम पहुंचकर अपना बिल प्राप्त कर लें और अविलंब टैक्स जमा करा दें। टैक्स बकाया रहने पर निगम द्वारा कुर्की व सीलिंग आदि की दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी। नगरायुक्त ने कहा कि जिन लोगों को जीआईएस सर्वे के नोटिस प्राप्त हुए है और उन्होंने अपने बिलों का निस्तारण नहीं कराया है। वे निगम में स्वत: निर्धारण प्रपत्र भरकर राशि जमा कराएं और छूट का लाभ उठाएं।

कार्रवाई की कड़ी में आज अपनी ही दुकानों को किरायेदारों द्वारा किराया जमा न कराने पर सील कर दिया गया। कर अधीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त दुकानदारों को किराया जमा कराने के लिए मांग पत्र भेजा गया था लेकिन किरायेदारों द्वारा किराया जमा न करने पर दुकानों को सील कर दिया गया।

इन दुकानदारों में प्रथम तल की दुकान नंबर एक के किरायेदार राकेश पर 87 हजार 941 रुपये किराया, 13 नंबर दुकान के किरायेदार विनोद कुमार पर 2 लाख 45 हजार 733 रुपये, दुकान नंबर 15 के किरायेदार नरेश कुमार की ओर 45 हजार 839, दुकान नंबर 18 के किरायेदार सुनील ठकराल पर 1 लाख 35 हजार 558 रुपये, नीचे ग्राउण्ड पर पालिका द्वार की उत्तर दिशा में दुकान नंबर तीन के किरायेदार हाजी जाबाज खां पर 1 लाख 44 हजार 951 रुपये किराया बकाया था।

इसके अलावा शहीद गंज में भी आठ दुकानदारों से एक लाख 15 हजार 217 रुपये की तथा महानगर में हर रोज लगाये जा रहे चार कैंपों से 2 लाख 90 हजार रुपये की वसूली की गयी। कार्रवाई के दौरान सुरेंद्र सिंह कर अधीक्षक, आर आई मनीष चौहान, टीसी आशीष कुमार व विजय नागपाल व प्रवर्तन दल की टीम शामिल रही।

# रामपुर मनिहारान व छुटमलपुर में निकाला गया भव्य नगर कीर्तन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** गुरुनानक देव जी के 556 वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष में गुरुद्वारा पंजाबी सभा द्वारा नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी।

गुरुवार को श्री गुरुनानक देव जी के 556 वें प्रकाशोत्सव के मौके पर गुरुद्वारा पंजाबी सभा के तत्वाधान में नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। गुरु ग्रन्थ साहिब को दरबार में विराजमान कर यात्रा प्रारम्भ हुई दरबार के आगे चल रहे पंच प्यारे वाहे गुरु का खालसा वाहे गुरु की फतेह के जय घोष से वातावरण धर्ममय बना हुए थे।महिलाएं दरबार के ठीक सामने दरबार के सम्मान में सफाई करती हुई चल रही थी वहीं अन्य महिलाएं कीर्तन से गुरुवाणी का गुणगान कर रही थी। शोभा यात्रा दिल्ली हाइवे से प्रारम्भ होकर मुख्य बाजार गली मौहल्लो से होते हुए गुरुद्वारे पहुंची। रास्ते मे श्रद्धालुओ ने यात्रा का भव्य स्वागत किया।पंजाबी सभा द्वारा चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलद. ीप बालियान, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नक्षत्र पँवार, पूर्व चेयरपर्सन प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी को पटका पहना कर सम्मानित किया गया।



इस दौरान प्रधान मनजिंदर सिंह, मंत्री मदनलाल बाठला, ग्रन्थी सुरजीत सिंह, अंकुश छावड़ा, धर्मेंद्र कुमार, राजू छाबड़ा, सुरेश छाबड़ा, सन्नी बजाज, कविता, हरप्रीत, श्रुति, संगीता, पिंकी, कोमल, सुदेश, प्रियंका कौर आदि सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



**छुटमलपुर।** श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की खुशी में कस्बे में गुरुवार को भव्य नगर कीर्तन सजाया गया।

पंजाबी कॉलोनी स्थित दुख निवारण गुरुद्वारे से शुरू हुई यह यात्रा श्रद्धा और उत्साह का अनुपम दृश्य बनी। सैकड़ों श्रद्धालु इसमें शामिल होकर गुरु महाराज के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते नजर आए।

नगर कीर्तन की सबसे बड़ी आकर्षण पंजाब प्यारे और पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब जी की भव्य झांकी रही, जो फूलों और रंग-बिरंगी सजावट से सुसज्जित थी। पांवटा साहिब से आए अखाड़े के कुशल कलाकारों ने तलवारबाजी, लाठी चलाना और ऊंची छलांग जैसे रोमांचक करतब दिखाए, जिन्हें देखकर दर्शक दंग रह गए। महिलाएं आगे चलकर झाड़ू से मार्ग स्वच्छ करतीं और मधुर कीर्तन गातीं, जिसकी गूंज पूरे इलाके में फैल गई। सड़क के दोनों ओर खड़े बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और पुरुष फूल बरसाकर स्वागत करते रहे।यात्रा ने सहारनपुर रोड से शुरू होकर देहरादून रोड, एचडीएफसी बैंक के सामने से गुजरते हुए रूडकी रोड तक सभी प्रमुख बाजारों का भ्रमण किया। हर चौराहे पर लोगों की भीड़ उमडी और जयकारे गूंजते रहे।

अंत में यात्रा पंजाबी कॉलोनी लौटकर गुरुद्वारे में संपन्न हुई, जहां अरदास और शबद कीर्तन के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधायक नरेश सैनी, ब्लॉक प्रमुख पति योगेश पुंडीर, संजय भगत, जीता सेठ, सोनू सैनी, हरीश सेठ, राज सिंह साध, अशोक कुमार, सोनू पाहुजा, राजकुमार बत्रा, उषा डाबर, कविता अरोरा, सुरेन्द्र पाहवा, मोनिका, मोनू डाबर, नरेश खुराना, राजेश राणा, विशाल बंसल के अलावा विभिन्न हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

उनकी मौजूदगी ने हिन्दू-सिख एकता का संदेश दिया। कीर्तन की लहरियों और भक्ति रस में डूबा यह आयोजन न केवल धार्मिक उत्सव था, बल्कि सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रदर्शन भी बना।

पूरा कस्बा गुरु नानक देव जी के उपदेशों-सत्य, सेवा और समानताख्र की छांव में एकजुट नजर आया।

# ट्राली में रक्तदान शिविर लगाने वालों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** लखनौती रोड पर बिजलीघर के समीप सडक किनारे एक ट्राली में संचालित रक्तदान शि. विर को लेकर गत दिवस घटित प्रकरण में दीपक सैनी राष्ट्रीय बजरंग दल व अन्य अज्ञात के खिलाफ मुक. दमा पंजीकृत कराया गया है।

इन लोगों पर चार नवम्बर को ब्लड डोनेशन कैम्प में महिलाओं के साथ छेड़छाड़, गाली गलौच, अभद्र व्यवहार करने व धमकी देने के सम्बन्ध में बीएनएस की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। राष्ट्रीय बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने बिना अनुमति के रक्तदान शिविर लगाने और हेलमेट बाँटने का आरोप लगाकर हंगामा कर दिया था। उक्त प्रकरण से जुडी कुछ महिलाओं द्वारा कोतवाली में दर्ज मुकदमे के आधार पर पुलिस ने जांच शुरु करदी है। उधर विहिप जिलाध्यक्ष दिग्विजय त्यागी और बजरंग दल जिला सहसंयोजक अतुल सैनी ने विज्ञप्ति जारी कर आरोपी के बजरंगदल कार्यकर्ता होने से इंकार किया है। नाम के आगे राष्ट्रीय बजरंगदल संगठन लिखने की अपील की है।

❑**गंगोह।** श्रीमद्भा गवत कथा शुभारंभ करने के लिए गुरुवार को मंगल कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के समापन पर कलशों को व्यास पीठ पर स्थापित कर दिया गया।

# फतेहपुर पुलिस ने पकड़े नशे के दो तस्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** पुलिस उपमहानि. रीक्षक अभिषेक सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे "ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर" अभियान के तहत थाना फतेहपुर पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों पर कड़ा प्रहार किया। दो अलग-अलग कार्रवाइयों में दो तस्करों को गिरफ्तार कर कुल 380. 80 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई।

थानाध्यक्ष विनय शर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक शेषपाल सिंह, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार , रोहित राणा व बब्लू कुमार की टीम ने चेकिंग के दौरान कलसिया रोड से बिजलीघर रोड आम का बाग के पास सनव्वर उर्फ पप्पू पुत्र अनीस, निवासी दौतली मुगल को पकड़ा। उसके कब्जे से 237 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। मुकदमा संख्या 317/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट दर्ज किया गया।



इसी टीम में उपनिरीक्षक मशकूर अली, हेड कांस्टेबल सोहन सिंह व होमगार्ड राहुल कुमार ने छुटमलपुर से अलीपुर सिम्भालकी जाने वाली सड़क पर शौकीन पुत्र जरीफ, निवासी दतौली मुगल को दबोचा। उसके पास से 143.80 ग्राम चरस मिली। मुकदमा संख्या 318/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत हुआ। शौकीन का आपराधिक इतिहास भी सामने आयाख्रवर्ष 2019 में मु0अ0सं0 429/19 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में वह आरोपी रह चुका है। फॉरवर्ड-बैकवर्ड लिंक की जांच जारीदोनों अभियुक्तों से मादक पदार्थों की तस्करी के फॉरवर्ड व बैकवर्ड लिंक की गहन जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष विनय शर्मा ने बताया कि ऑपरेशन सवेरा के तहत लगातार चेकिंग व मुखबिरों की मदद से तस्करों पर नकेल कसी जा रही है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस मुहिम की सराहना की और नशामुक्त समाज की अपील की।

# महिलाओं को सुरक्षा का कराया अहसास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 05 के तहत महिलाओं को उनकी सुरक्षा तथा सायबर फ्रॉड के प्रति जागरूक किया गया।

बृहस्पतिवार को मिशन शक्ति इंचार्ज महिला एसआई सुमन एवं महिला कांस्टेबल मनिता द्वारा नगर के मुख्य चौराहों पर महिलाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें सरकारी योजनाओ, सायबर फ्रॉड तथा पुरुषों को डिजिटल अरेस्टिंग के बारे में जानक. री दी।

इस दौरान टीम ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, वूमेन पावर लाइन, आपातकाल. ीन पुलिस सेवा तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर आदि की जानकारी देते हुए पम्पलेट भी वितरित किये।

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है **सतगुरू संत शिरोमणी गुरु रविदास मन्दिर सेवा समिति ग्राम व पोस्ट शेरपुर खानाजादपुर, तहसील बेहट, जिला-सहारनपुर** के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रमन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी/सदस्य है- 1. श्री प्रेम सिंह सरंक्षक 2 श्री कमल किशोर अध्यक्ष 3. श्री सतीश कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष 4. श्री सचिन कुमार उपाध्यक्ष 5. श्री मोनू कुमार महासचिव 6. श्री अमित सचिव 7. श्री शिवानन्द कोषाध्यक्ष 8. श्री संजीव कुमार उप कोषाध्यक्ष 9. श्री प्रिंस कुमार कानूनी सलाहकार 10. श्री सलेन्द्र कुमार ऑडिटर 11. श्री अनित कुमार प्रचारमन्त्री 12. श्री प्रदीप कुमार सह प्रचारमन्त्री 13 श्री जय कुमार संगठनमन्त्री 14. श्री मिंटू कुमार उपसंगठनमन्त्री 15 श्री राहुल कुमार मीडिया प्रभारी 16. श्री सीटू कुमार उप मीडिया प्रभारी 17. श्री मांगेराम संयोजक 18 श्री विकास कुमार सह संयोजक 19 श्री नीटू सलाहकार 20. श्री विपिन कुमार सदस्य 21 श्री पदम सदस्य 22 श्री अंजेश कुमार सदस्य 23. श्री मिथुन कुमार सदस्य 24. श्री रोहित सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है।

यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत **मन्दिर** के पंजीकरण के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो यह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर **मन्दिर** के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**आज्ञा से ( शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय )**
**सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स सहारनपुर।**

# दोनों तरह के लगाए जाएंगे मीटर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** उर्जा निगम ने स्मार्ट मीटर के प्रति भ्रंतियां दूर करने के लिए नगर पालिका परिषद में सभासदों व अन्य को लेकर बैठक बुलाई है। भ्रंतियां दूर करने के लिए पालिका कार्यालय पर सबसे पहले दोनों तरह के मीटर लगाए जाएंगे।

गुरुवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक में एससी रविंद्र बाबू ने कहा कि स्मार्ट मीटर के प्रति लोगों में फैली भ्रातियां गलत हैं। उन्होने कहा कि स्मार्ट मीटर से किसी बिल की समस्या नहीं होगी। हर माह की पहली तारीख को सभी को अपने देय का पता लग जाएगा। जिसे सभी समय से जमा करा दे। उन्होने बताया कि गलत बिल आने की कतई संभावना नहीं है। उन्होने बताया कि आम आदमी का मीटर के प्रति भ्रम दूर करने के लिए स्मार्ट तथा वर्तमान लगे मीटर को लगाया जा रही है जिससे भ्रम दूर होगा। बैठक में एससी के अलावा पूर्व चेयरमेन नोमान मसूद, एक्सईएन राजा कुमार, एसडीओ अंकुश दिनेश वर्मा, जेई शिव कुमार आदि भी शामिल रहे।

# माता पिता को दुख न दें: आचार्य सुभाष

**गंगोह।** कथा व्यास आचार्य सुभाष बहुगुणा ने कहा कि माता-पिता को दुख देने वाला पुत्र जीवन में कभी भी सुखी नहीं रह सकता। दुनिया में अच्छे व्यक्ति को ही याद किया जाता है।

मोहल्ला कानूनगोयन स्थित होली चौंक पर आयोजित कथा के प्रथम दिन का शुभारंभ युवा ब्राह्मण संगठन उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक कौशिक कथा वाचक आचार्य सुभाष बहुगुणा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर अभिषेक कौशिक ने कहा कि हमें अपना जीवन सफल बनाने के लिए भागवत कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए। भागवत से मिले ज्ञान को यदि हम अपने जीवन में उतारेंगे तो निश्चित ही हमारा जीवन सफल हो जाएगा। कथा के पहले दिन कथा वाचक आचार्य सुभाष बहुगुणा ने कहा कि निश्चित ही हमें प्रभु का गुणगान करना चाहिए। इससे हमारे कष्ट दूर होते हैं और हमें सुखी जीवन प्राप्त होता। परमात्मा बड़ा ही कृपालु है और भजन करने से मन को भी संतुष्टि मिलती है।



कहा कि भक्त के भाव से ही भगवान प्रसन्न होते है। संत का सम्मान करने की बात कहते हुए उन्होने कहा कि दुनिया में अच्छे व्यक्ति को ही याद किया जाता है। व्यक्ति को हर स्थिति का सामना करते हुए सदा माहौल के हिसाब से मुस्कराते रहना चाहिए। ईश्वर को सर्वत्र बताते हुए कथा व्यास ने कहा कि बड़ों को कष्ट देने वाला व्यक्ति जीवन में कभी भी सुख नहीं पा सकता है। लोभ से दूर रहने की बात करते हुए कहा कि यह मनुष्य को भगवान से दूर करता है। कथा में पुरुष व महिलाएं श्रद्धालु मौजूद रहे।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र आसिफ को नाफरमानी व गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**मौ. अफजाल पुत्र गुलजार अहमद निवासी पटना उर्फ नयाबांस, थाना चिलकाना, जिला सहारनपुर।**

# गन्ने के कोल्हू में लगी आग से खोई व पत्ती जलकर हुई राख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गन्ना कोल्हू में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। इससे खोई और पत्ती जलकर राख हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने आग पर काबू पाया।

गांव गोपाली में जहांगीर के गन्ना कोल्हू में रखी खोई और पत्ती ने अचानक आग पकड़ ली और आग की लपटें व धुआं उठने लगा। मौके पर् जमा भीड ने पानी आदि की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। कई व्यक्तियों के कोल्हू में फंसे होने की सूचना पर तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची, हालांकि सभी सकुशल थे। सूचना अग्रिशमन दल को दी गई। जानकारी मिलते ही फायर बिग्रेड की टीम गांव पहुंची और खासी मशक्कत कर आग पर नियंत्रण किया। फायर बिग्रेड अधिकारी रोहित सिंह ने बताया कि कोल्हू में गुड़ बनाने की भट्टी से ही कोई चिंगारी निकल कर पत्ती के ढेर में जा लगी, जिससे आग लगी है। बताया कि पत्ती के तीन ढेरों में आग लगी थी, जिसे फायर बिग्रेड की एक ही गाड़ी ने नियंत्रण कर लिया था।



# महिला की मिशन शक्ति टीम ने बचाई जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पारिवारिक कलह से तंग महिला आत्महत्या करने के लिए घर से निकली। लेकिन गनीमत रही की इस दौरान मिशन शक्ति टीम ने उसे बचा लिया। जिसे बाद में उसके परि. जनों के सुपूर्द किया गया।

साखन खुर्द गांव निवासी ओमपाल की पत्नी मोंटी बृहस्पतिवार की दोपहर घरेलू कलह से तंग आकर घर से निकल गई। वह नहर में कूदकर खुदकुशी करने के लिए जा रही थी। लेकिन इस दौरान ड्यूटी कर रही मिशन शक्ति टीम ने महिला को देखा और बचा लिया। टीम ने बामुश्किल उसे समझाया और अपने साथ ले गई। बाद में उसके परिजनों को कोतवाली बुलाया गया। महिला और उसके ससुरालियों को समझाने के बाद महिला को उसके पति के साथ भेज दिया।



# आवारा कुत्तों के आतंक से दहशत नगरवासी को हमलाकर किया घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आवारा कुत्तों के आतंक के चलते लोगो में दहशत का माहोल हैं आए दिन लोगो पर आवारा कुत्तो द्वारा हमला कर घायल होने से नगरवा. सियों व ग्रामीणो में भारी रोष व्यक्त है। नगरवासियों ने पालिका प्रशासन से मांग की है कि अतिशीघ्र आवारा कुत्तो से बचाव के लिए कदम उठाएं। ताकि आवारा कुत्तो के आतंक से लोगो को राहत मिल सके।

मोहल्ला शाहजीलाल निवासी असद सिद्दीकी ने बताया कि सुबह करीब आठ बजे वह मोहल्ला नीम तला स्थित कार्यालय से घर लौट रहे थे, जैसे ही वह बाहर निकले आवारा कुत्तों ने उन पर हमला कर दिया। पैर में काट लेने से वह घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाया। बाद में परिजनों ने उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। नगर में आवारा कुत्ते आए दिन लोगों पर हमलावर हो रहे हैं। अनेक बार नगरवासी प्रशासन से इन्हें पकड़वाने की गुहार लगा चुके हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिससे नगर व ग्रामीणों में रोष है बतां दें बीते दिन भी परौली गांव में एक ग्रामीण पर आवारा कुत्तो ने हमला कर घायल कर दिया था जिसको सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



# स्काउट एवं गाइड शिविर का हुआ शुभारंभ

**देवबन्द।** इस्लामिया इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय भारत स्काउट एवं गाइड शिविर का शुभारंभ प्राचार्य अरशद जमा ने प्रार्थना व झंडा गीत से किया। इसमें स्काउट गाइड से प्रशिक्षण को जीवन में उतारने का आह्वान किया गया।

इस्लामिया इंटर कॉलेज प्रागण में आयोजित शिविर का शुभारंभ कॉलेज के प्रधानाचार्य अरशद जमा ने स्काउट प्रार्थना और झंडा गीत के साथ किया। इसमें सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर अमित कुमार सैनी तथा जिला सचिव दीपक कुमार गुप्ता मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग का समाज सेवा से निकट का संबंध है, नि:स्वार्थ भाव से सेवा करके उन्हें प्रसन्नता होती है। शिविर संचालक राजपाल सिंह पुंडीर व स्काउट मास्टर जाहिद अख्तर ने संयुक्त रुप से कहा कि स्काउट शि. विरों के माध्यम से छात्रों में रोजगार परक दक्षताओं से आत्मनिर्भर होने की क्षमता उत्पन्न होती है। शिविर में राजपाल पुंडीर और जाहिद अख्तर समेत गाइड कैप्टन वंशिका पुंडीर व फरहाना परवीन ने छात्रों को स्काउट गाइड आंदोलन की जानकारी, नियम, सिद्धांत, चिंह, सैल्यूट, बाया हाथ मिलाना, झंडे के प्रकार झंडा गीत, टोली विधि और अनुशासन आदि का प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य काजी औसाफ आलम, यामीन खां, अकरम अली, मनोज चौहान आदि छात्र शामिल रहे।






# भाषण व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में एचएवी इंटर कालेज में भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह से भाग लेते हुए वल्लभ भाई पटेल के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया गया।

एचएवी इंटर कालेज प्रागण में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक मोहन लाल कोरी ने कहा कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों को एक कर भारत को एक संयुक्त गणराज्य बनाने में अपना योगदान दिया था। प्रधानाचार्य हेम सिंह ने छात्रों से सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान हुई भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 12 की छात्रा दीपमाला ने प्रथम, अनिका ने द्वितीय, कक्षा 11 के छात्र सागर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 12 की अनिका, कक्षा 10 की रूद्राक्षी और शगुन क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे है। प्रवक्ता राजेश कुमार, प्रमोद कुमार, सुखसागर, महेंद्र सिंह, शिवनंदन आदि शामिल रहे।



# चित्रों के माध्यम से देशभक्ति एवं महिला सशक्तिकरण का दिया संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** राजकीय माडल महाविद्यालय कपूरी गोविंदपुर में करियर काउंसिलिंग एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें प्रतिभागियों ने अपने चित्रों के माध्यम से देशभक्ति, एकता एवं महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।

प्राचार्य डा. राकेश कुमार ने छात्रों को करियर विकल्पों एवं आत्मनिर्भरता के अलावा उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं आदि की जानकारी दी। अखंड भारत एवं नारी शक्ति विषय पर हुई चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रों ने अपने मनोभावों को चित्रों के माध्यम से कलात्मक रूप दिया। डा. मदन पाल सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति के तहत आयोजित यह कार्यक्रम नारी शक्ति और युवा वर्ग दोनों के सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक कदम है। संचालन डा. प्रशांत कुमार ने किया। डा. सचिन कुमार, डा. त्रिसुख सिंह, डा. रेनू रानी, डा. धीर सिंह आदि शामिल रहे।




# व्यापारियों की सुरक्षा भाजपा सरकार की प्राथमिकता: अरूण वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार व्यापारियों की सुरक्षा सम्मान और सुविधाओं के लिए लगातार ऐतिहासिक कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में व्यापारिक माहौल पहले से अधिक सुरक्षित और पारदर्शी हुआ है।

अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि स्योहारा ही नहीं पूरे उत्तर प्रदेश में व्यापारी वर्ग सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहा है। सरकार ने बाजारों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, अतिक्रमण मुक्त सड़कें बनाने और व्यापारिक टैक्स व्यवस्था को सरल करने जैसे कदम उठाए हैं। जिससे व्यापारी निश्चित होकर कारोबार कर रहे हैं। व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार व्यापारियों को राष्ट्र निर्माण की रीढ़ मानती है। सरकार हर छोटे-बड़े व्यापारी की आवाज सुन रही है और समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प है कि कोई भी व्यापारी असुरक्षित या असहज महसूस न करे और इस दिशा में पुलिस प्रशासन को भी सख्त निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि व्यापारी समाज का सबसे मेहनती और ईमानदार वर्ग है। जो बिना किसी भेदभाव के देश की आर्थिक व्यवस्था को मजबूती देता है। अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि उन्होंने स्वयं कई बार व्यापारियों की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाया और अधिकांश मुद्दों का समाधान भाजपा सरकार ने तत्काल कराया। जिससे व्यापारी वर्ग में संतोष और विश्वास का माहौल है। इसी क्रम में अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि स्योहारा नगर और आसपास के क्षेत्रों में व्यापारिक विकास के लिए जल्द ही कई प्रस्ताव भेजे जाएंगे। उन्होंने बताया कि नगर के प्रमुख बाजारों में स्ट्रीट लाइट, सड़क मरम्मत और सफाई व्यवस्था को लेकर भाजपा नेताओं की टीम सक्रिय रूप से काम कर रही है। साथ ही नगर के व्यापारियों के लिए एक समर्पित हेल्पलाइन नंबर जारी कराने की पहल भी की जाएगी। ताकि किसी भी परेशानी की स्थिति में व्यापारी सीधे संपर्क कर सकें। इस अवसर पर अरुण कुमार वर्मा ने नगर के व्यापारियों से एकजुट होकर सरकार की नीतियों का सहयोग करने की अपील की उन्होंने कहा कि जब व्यापारी सुरक्षित होगा तभी प्रदेश मजबूत और समृद्ध बनेगा। अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार सुरक्षित व्यापारी सशक्त उत्तर प्रदेश के संकल्प पर पूरी तरह कार्य कर रही है।



## हेलमेट के प्रति किया जागरुक

**देवबन्द।** सुरक्षा को लेकर पुलिस हेलमेट के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए लगातार सख्ती बरत रही है। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो के सभी पेट्रोल पंपों पर पुलिसकर्मी तैनात रहे, बिना हेलमेट के फ्यूल डलवाने पहुंचे बाइक चालकों को तेल लिए बिना ही वापस लौटना पड़ा। पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए हेलमेट को लेकर लगातार जागरुकता अभियान चला रही है, कई तरह की गाइड लाइन भी जारी की जाती रही हैं, लेकिन लोग खुद की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है। बृहस्पतिवार को भी पुलिस ने दुपहिया वाहन चालकों को जागरुक करने के लिए अभियान चलाया। इसके तहत नगर से लेकर देहात क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों पर पुलिसकर्मी तैनात रहे। बिना हेलमेट किसी भी दुपहिया वाहन चालक को तेल नहीं दिया गया।

# मॉर्निंग वॉक पर निकले अधेड़ को कुचलने का आरोपी वाहन चालक दबोचा

## सब्जी एवं टमाटर लेकर आ रहा था धामपुर, हो गया था हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**धामपुर।** जैतरा में मंगलवार सुबह टहलने निकले अधेड़ व्यक्ति की तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर से मौत हो गई थी। घटना के दो दिन बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी चालक को पकड़ लिया है। आरोपी अमरोहा का रहने वाला बताया जा रहा है, जो धामपुर मंडी में सब्जी लेकर आया था।

ग्राम जैतरा निवासी सत्येंद्र प्रताप सिंह (62 वर्ष) पुत्र घासीराम रोजाना की तरह सुबह अपने पालतू कुत्ते के साथ मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। उस समय क्षेत्र में घना कोहरा और अंधेरा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार टाटा मैजिक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वे सड़क किनारे बने नाले में गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। सत्येंद्र सिंह का पालतू कुत्ता किसी तरह घर पहुंचा, जिससे परिवार को चिंता हुई। जब वे घर नहीं लौटे, तो खोजबीन शुरू की गई। लगभग चार घंटे बाद उनका शव पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के पास मिला, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर कोतवाल मृदुल कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो एक टाटा मैजिक वाहन तेज रफ्तार से जाते दिखा। चौकी प्रयास के पास गाड़ी को धामपुर की सब्जी मंडी की ओर जाते देखा गया। वहीं से पुलिस ने वाहन की पहचान करते हुए चालक इमरान निवासी जोया, जिला अमरोहा को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि आरोपी ने हादसे के बाद अपनी गाड़ी को वर्कशॉप में मरम्मत के लिए भेज दिया था ताकि सबूत मिटाए जा सकें। सीओ अभय पांडेय ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर वाहन जब्त कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है और जल्द ही पूरा खुलासा किया जाएगा।

# साहनपुर में जल्द बनेगा कूड़ा निस्तारण प्लांट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर पंचायत साहनपुर में 27.5 लाख रुपये की लागत से नया MRF सेंटर (कूड़ा निस्तारण प्लांट) बनाया जा रहा है। यह प्लांट पहले NHAI हाईवे निर्माण के दौरान ध्वस्त हो गया था, जिसके बाद डीएम बिजनौर द्वारा नई भूमि आवंटित की गई थी। अब इस पर कार्य तेजी से शुरू हो गया है। आज मौके पर पहुंचकर नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी एवं सिविल अभियंता स्मृति गुप्ता ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यालय लिपिक सादिक बाबू सहित नगर पंचायत के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# गंगा स्नान मेले का समापन

## गंगा आरती के बाद उजड़ गया तम्बुओं का शहर




मेले में गंगा आरती और स्काउट गीत करते आयोजक और स्काउ।



मेले में मिट्टी के बर्तनों की खरीदारी करती महिलाएं।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** अटूट आस्था और धार्मिक समागम के साथ चार दिन तक चलने वाला गंगा स्नान मेले का गंगा आरती और पूजन के बाद समापन हो गया। इसके साथ ही मेले में लगने वाला तम्बुओं का शहर उजड़ गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज गुदड़ी मेला आयोजन के साथ नांगल में आयोजित गंगा स्नान मेले का समापन किया गया। गुदड़ी मेले में महिलाओं ने मिट्टी के बर्तनों, रोजमर्रा के घर के सामान की जमकर खरीदारी की।

नजीबाबाद ब्लॉक क्षेत्र ही नहीं यहां उत्तराखंड के रंजीतपुर, भिक्कमपुर, बखारपुर और राय घटी से भी इस मेले में श्रद्धालु पहुंचे। गंगा स्नान मेले की तरह ही यह मेला भी भव्य रहा, जिसमें श्रद्धालु सुबह से लेकर शाम तक घर के रोजमर्रा के इस्तेमाल में आने वाले सामान की खरीदारी करते नजर आए। गुदड़ी मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा के पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाई और नौका विहार का भरपूर आनंद लिया। मेला समापन के मौके पर वीरेंद्र शर्मा ने सभी सहयोग करने वाले, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, गोताखोरों, किसान यूनियन, दुक. ानदारों, राजस्व प्रशासन आदि को धन्यवाद दिया। स्काउट गीत और गंगा आरती के बाद मेले का समापन कर दिया, जिसके बाद तंबुओं का यह शहर उजड़ना शुरू हो गया।

इस मौके पर आरबीएस के स्काउट प्रभारी संजय कुमार सिंह, सह प्रभारी सतेंद्र यादव, रामपाल सिंह, सत्यपाल सिंह, गौतम कुमार, सुशील फौजी, नरपाल फौजी, नरेंद्र कुमार, ललित कुमार, गार्विन चौधरी, सिंधुराज सिंह आदि मौजूद रहे।

# पच्चीस को शिक्षक एवं कर्मचारी दिल्ली करेंगे कूंच : चंद्रहास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर राजकीय वाहन चालक स्वस्थ परिवार कल्याण संघ के बैनर तले जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष फ्रैंक आस्किंग एवं जिला मंत्री नरेंद्र कुमार के संचालन में बैठक आयोजित हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए अटेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि आगामी 25 नवंबर को दिल्ली में टीईटी परीक्षा अनिवार्यता एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण के विरोध में महारैली राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व आयोजित की जाएगी। जिसमें देश के लाखों शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद होकर प्रतिभाग करे। यह वक्त संगठित होकर संघर्ष करने का है। यदि संगठित होकर संघर्ष करेंगे, तो निश्चित शिर्घ सुखद परिणाम मिलेंगे। जिलाध्यक्ष फ्रैंक आस्क्रीन एवं जिला मंत्री नरेंद्र कुमार ने कहा कि अटेवा ईमानदारी से पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्षरत है। हमारा संघ अटेवा के आगामी आंदोलन में साथ है। पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है, जिसके लिए हम अटेवा के साथ रह कर निरंतर संघर्षरत है। आगामी 25 नवंबर को राजकीय वाहन चालक संघ का पूर्ण समर्थन रहेगा। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष प्रकाश चंद सैनी ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा का संघर्ष काबिले-तारीफ है। आगामी 25 नवंबर दिल्ली महारैली को डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन का पूर्ण समर्थन है। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष वीर सिंह, जबर सिंह, अमित मेहरोत्रा, कर्मवीर, क्षतिज कुमार, भरत सिंह, पंकज कुमार, सत्येंद्र कुमार, आदेश कुमार, प्रदीप कुमार आदि ने संबोधित किया।

## एसएचओ जय भगवान सिंह ने की प्रेस वार्ता

**हीमपुर दीपा।** थाने का चार्ज संभालने के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक जय भगवान सिंह ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। उन्होंने स्थानीय पत्रकारों से परिचय करने के उद्देश्य इस बैठक का आयोजन किया। बैठक में पहुंचे पत्रकारों से उन्होंने वार्ता में बताया कि वह हमेशा निष्पक्ष कार्रवाई करते हैं। नजीबाबाद, किरतपुर और नूरपुर थाने में रहा उनका कार्यकाल इस बात की गवाही है। उन्होंने बताया कि उनके समय में कोई निर्दोष जेल नहीं जाएगा साथ ही अपराधियों की कोई सुनवाई नहीं होगी। पत्रकारों से अनुरोध करते उन्होंने कहा कि पुलिस और पत्रकार समाज के अभिनं अंग है, जिन्हें साथ मिलकर सामाजहित में कार्य करना है। वहीं प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करना, अपराधियों को जेल पहुंचाना और अधिकाधिक जनसुनवाई कर पीड़ितों में कानून के प्रति अच्छा भाव स्थापित करने को अपनी प्राथमिकता बताया है।

## बाइक चोर मनीष उर्फ मंगल गिरफ्तार

**शेरकोट।** थाना क्षेत्र के ग्राम वाजिदपुर निवासी सतीश की बाइक बुधवार को गंगा स्नान मेले में चोरी हो गई थी। जिसकी रिपोर्ट पीड़ित द्वारा अज्ञात के विरुद्ध कराई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की और कुछ ही घंटों में बाइक सहित आरोपी मनीष उर्फ मंगल पुत्र शैलेन्द्र सिसौदिया निवासी मौहल्ला वीरथला को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने बताया कि वह बेरोजगार है और घर वाले उसे खर्च के लिए पैसे नहीं देते। इसलिए उसने बाइक चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी का चालान कर न्यायालय भेजते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा चंद घण्टों में चोरी हुई बाइक को बरामद कर चोर को पकड़ कर जेल भेजे जाने की कार्यवाही की सरहाना हो रही है।

## पिंजरे में फिशिंग कैट कैद

**नहटौर।** क्षेत्र के गांव दामनगर में गुलदार को पकड़ने के लिए वन विभाग ने पिंजरा लगाया था। आज सुबह करीब दस बजे जब किसान जंगल गए, तो उन्होंने पिंजरे में फिशिंग कैट (जंगली बिल्ली) कैद हुई देखी। पहले पिंजरे में गुलदार कैद होने की सूचना वन विभाग को दी गई। गुलदार कैद होने की खबर पर उसे देखने के लिए ग्रामीण भी जंगल की ओर पहुंचे, लेकिन वहां जाकर पता चला कि फिशिंग कैट कैद हुई है।

## स्काउट गाइड शिविर में प्रतियोगिता

**धामपुर।** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज सरकड़ा में स्काउट और गाइड द्वितीय सोपान शिविर के अंतिम दिवस में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं कराई गई। जिसमें जिला स्काउट गाइड ट्रेनर श्रीमती रितु रानी ने छात्राओं को तंबू निर्माण, विभिन्न प्रकार के गैजेट्स और पुल का निर्माण, बिना बर्तन के खाना बनाना आदि प्रतियोगिताएं कराई। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉक्टर नेहा वर्मा ने टेंट व पुल का निरीक्षण किया व साथ ही साथ बिना बर्तनों के द्वारा बनाए हुए भोजन का आनंद लिया। इस अवसर पर विद्यालय की गाइड प्रभारी श्रीमती सरला मैं छात्राओं द्वारा किए गए कार्य की शरण की और उनका उत्साह वर्धन किया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, आशिया जहाँ पत्नी श्री मुहम्मद इमरान, निवासी मकान संख्या 144, ग्राम मुबारकपुर, पोस्ट नंदी फिरोजपुर, सहारनपुर-247001, उत्तर प्रदेश, ने अपना नाम आशिया जहाँ (Aashiya Jahan) से बदलकर आसो (AASO) कर लिया है। अबसे, सभी आधिकारिक अभिलेखों, दस्तावेजों और पत्राचार सहित सभी उद्देश्यों के लिए मुझे आसो (AASO) के नाम से जाना और संबोधित किया जाएगा।

आसो (AASO) पत्नी
श्री मुहम्मद इमरान।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ध्रुव का नाबाद शतक, भारत 'ए' 255 पर सिमटा

**बेंगलुरु, वार्ता।** ध्रुव जुरेल (नाबाद 132) की शतकीय पारी के दम पर भारत ए गुरुवार को दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन का 255 रन के सम्मानजनक स्कोर पर सिमट गया। यहां दक्षिण अफ्रीका ए टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत ए की शुरुआत खराब रही और उसने नियमित अंतराल पर एक के बाद एक विकेट गंवाये। भारत ए का पहला विकेट दूसरे ओवर में अभिमन्यु ईश्वरन (शून्य) के रूप में गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये साई सुदर्शन ने केएल राहुल के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 16वें ओवर में टियान वैन वुरेन ने केएल राहुल (19) को आउटकर भारत को दूसरा झटका दिया।

### दीप्ति, लैनिग और सोफी के रिलीज होने की संभावना

**मुंबई, वार्ता।** चूंकि पांचों टीमें गुरुवार को अपनी रिटेंशन सूची की घोषणा करने वाली हैं, इसलिए कुछ बड़े नाम-जिनमें दीप्ति शर्मा, मेग लैनिग, सोफी एक्लेस्टोन और अमेलिया केर शामिल हैं - के इसमें शामिल होने की संभावना नहीं है। आगामी महिला प्रीमियर लीग मेगा नीलामी से पहले, प्रत्येक टीम अधिकतम पांच रिटेंशन कर सकती है। इन रिटेंशन में अधिकतम तीन भारतीय कैप्ड खिलाड़ी, दो विदेशी खिलाड़ी और दो भारतीय अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं। अगर कोई फ्रेंचाइजी पांच खिलाड़ियों को रिटेन करना चाहती है, तो उनमें से एक खिलाड़ी अनकैप्ड खिलाड़ी होना चाहिए, जैसा कि नीचे मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के मामले में देखा जा सकता है।

# भारत ने चौथा टी-20 जीता

- **ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में सबसे बड़े अंतर से हराया, टीम इंडिया ने सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाई**
- **टी-20 अंतर्राष्ट्रीय के दूसरे सबसे छोटे स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया ऑलआउट, सुंदर-शिवम दुबे व अक्षर पटेल चमके**

गोल्ड कोस्ट, वार्ता। भारत ने चौथे टी-20 मैच में ऑस्ट्रेलिया को 48 रन से हरा दिया। यह इंडिया की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसके घर में सबसे बड़ी जीत है। पिछला रिकार्ड 37 रन का है, जो भारत ने 2016 में एडिलेड में बनाया था।

गोल्ड कोस्ट में गुरुवार को 168 रन का टारगेट चेज कर रही ऑस्ट्रेलिया 18.2 ओवर में 119 रन पर ऑलआउट हो गई। वाशिंगटन सुंदर ने 3 रन देकर 3 विकेट झटके। अक्षर पटेल और शिवम दुबे को 2-2 विकेट मिले। टॉस हारकर बैटिंग कर रही भारतीय टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 167 रन बनाए। शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा 46 रनों की पारी खेली। उन्होंने अभिषेक शर्मा के साथ 56 रनों की ओपनिंग साझेदारी की। कप्तान सूर्यकुमार यादव 20 और शिवम दुबे 22 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया के नाथन एलिस और एडम जम्पा ने 3-3 विकेट झटके। जैवियर बार्टलेट और मार्कस स्टोयनिस को एक-एक विकेट मिला। अक्षर पटेल ऑलराउंडर अक्षर पटेल प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्होंने भारतीय पारी के आखिरी ओवर्स में 11 बाल पर एक चौके और एक छक्के के सहारे नाबाद 21 रन की पारी खेली। इस पारी ने टीम का स्कोर 167 रन तक पहुंचा दिया।

फिर गेंदबाजी में मैथ्यू शार्ट (25 रन) और जोश इंग्लिस (12 रन) को आउट करके ऑस्ट्रेलिया पर शुरुआती दबाव बनाया।

उन्होंने 4 ओवर्स की गेंदबाजी में 20 रन दिए। भारत ने 2-1 की बढ़त बनाई इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। सीरीज का पहला मुकाबला बेनतीजा रहा था। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे मैच को जीतकर 1-0 की बढ़त ली थी। उसके बाद भारत ने तीसरे मैच में जीत दर्ज करके 1-1 की बराबरी हासिल की थी।

मैच के बाद अक्षर पटेल बोले कि टीम के लिए योगदान देकर खुश हूं प्लेयर ऑफ द मैच अक्षर पटेल ने कहा किटीम के लिए योगदान देकर खुश हूं। मेरे पास विकेट भांपने का समय था। साथियों ने बताया था कि पिच आसान नहीं है और गेंद रुक कर आ रही है। इसीलिए मैंने इंतजार किया और शार्ट खेले।

उन्होंने कहा कि बतौर बालर यही सोचता हूं कि बैटर का मजबूत पक्ष क्या है। मेरी योजना यही रहती है कि अगर बैटर मुझे हिट करे तो मैं गुड लेंथ एरिया के आसपास गेंद डालूं। और अगर वह स्वीप का प्रयास करते हैं तो फुलर लेंथ गेंद डालूं।



# गेंदबाजों ने परिस्थितियों के अनुसार खुद को अच्छी तरह से ढाला: कप्तान

**करारा, वार्ता।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथा टी-20 जीतने और सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाने का श्रेय गेंदबाजों को देते हुए गुरुवार को कहा कि गेंदबाजों ने परिस्थितियों के अनुसार खुद को अच्छी तरह से ढाला। सूर्यकुमार ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा कि सभी बल्लेबाजों को इसका श्रेय जाता है।

शुभमन और अभिषेक ने अच्छी शुरुआत दिलाई और बाद में आने वाले सभी बल्लेबाजों ने अपना योगदान दिया तो मुझे लगता है कि बल्लेबाजों की ओर से यह एक कम्पलीट टीम एफर्ट था। ड्यू पड़ रही थी, लेकिन गेंदबाजों ने परिस्थितियों के अनुसार खद को अच्छी तरह से ढाला। हमेशा ऐसे गेंदबाजों का टीम में होना अच्छा होता है जो जरूरत पड़ने पर कुछ ओवर डाल सकें। अंतिम मैच के लिए काफी उत्सुक हूं। प्लेयर ऑफ द मैच बने अक्षर पटेल ने कहा कि मैं नंबर सात पर बल्लेबाजी के लिए गया और मेरे पास विकेट भांपने का समय था, साथी बल्लेबाज ने बताया कि पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं है और गेंद रुक कर आ रही है। टीम की जरूरत के हिसाब से खेलने पर मेरा ध्यान रहता है कोई मेरी पसंद का नंबर नहीं है मैं बस टीम के लिए



योगदान देकर खश हूं। बतौर गेंदबाज मैं यही सोचता हूं कि बल्लेबाज का मजबूत पक्ष क्या है। मेरी योजना यही रहती है कि अगर बल्लेबाज मुझे हिट करे तो मैं गुड लेंथ एरिया के आसपास गेंद डालूं। और अगर वह स्वीप का प्रयास करते हैं तो फुलर लेंथ गेंद डालूं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने हार के बाद कहा कि 167 का स्कोर पार स्कोर था। इस तरह की चेज में आपको अच्छी साझेदारियों की जरूरत होती है और हमें वो नहीं मिलीं। भारत ने काफी अच्छी क्रिकेट खेली, आदर्श स्थिति तो यही होती है कि हम हमेशा सर्वश्रेष्ठ टीम के साथ खेलें लेकिन आगे बड़ी सीरीज आने वाली है।

# दिप्तायान ने नेपोमनियाचथी को हराया

- **विश्व चैंपियन गुकेश डी और सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय अर्जुन ऐरीगेसी भी अगले दौर में पहुंच गए है**

**पणजी, वार्ता।** भारत के ग्रैंडमास्टर दिप्तायान घोष ने काले मोहरों से खेलते हुए बड़ा उलटफेर करते हुए दो बार के कैंडिडेट्स विजेता इयान नेपोम. नियाचथी को हरा दिया जबकि ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा ने लगभग त्रुटिहीन प्रदर्शन करते हुए आर्सेनी नेस्टरोव को हराकर यहां जारी फिडे विश्व कप 2025 के तीसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व चैंपियन गुकेश डी और सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय अर्जुन एरिगैसी भी अगले दौर में पहुंच गए हैं। पहली बाजी में सफेद मोहरों से ड्रॉ खेलने वाले गुकेश ने 2024 के विश्व जूनियर चैंपियन कजाकिस्तान के काजीबेक नोगेरबेक को 59 चालों में हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। अर्जुन दोनों मुकाबलों में पूरे अंक हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय रहे। उन्होंने बुल्गारिया के ग्रैंडमास्टर मार्टिन पेट्रोव को सफेद मोहरों से 48 चालों में हराकर दो मुकाबलों में दो जीत दर्ज कीं। लेकिन यह दिन निस्संदेह दिप्तायान के नाम रहा। नेपोमनियाचथी के खिलाफ दूसरे राउंड का पहला गेम सफेद मोहरों से ड्रॉ होने के बाद, भारतीय ग्रैंडमास्टर ने शुरुआती मुकाबलों में रूसी खिलाड़ी की एक छोटी सी गलती का फायदा उठाया और 47 चालों में जीत हासिल की।

अपना पहला विश्व कप खेल रहे दिप्तायान ने कहा कि नेपो को किसी मैच में हराना बहुत बड़ी बात है। इसलिए, निश्चित रूप से यह एक बड़ा दिन है। इस जीत को आत्मसात करने में थोड़ा समय लगेगा। इससे पहले, 39 वर्षीय हरिकृष्णा ने आठवीं चाल में ही अपनी रानी का त्याग करके नेस्टरोव के घोड़े और बिशप को पकड़कर बढ़त हासिल की और फिर केवल 29 चालों में मैच जीतकर तीसरे दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। हरिकृष्णा ने मंगलवार को अपनी रणनीति पर विचार करते हुए कहा कि मैंने इसे नौ साल पहले तैयार किया था और सोच रहा था कि क्या इसे अभी इस्तेमाल करूं या शायद मेरे प्रतिद्वंद्वी को इसका मुकाबला करने का सबसे अच्छा तरीका पहले से ही पता हो। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगा कि शायद उन्हें इसके बारे में पता होगा, लेकिन फिर मैंने फैसला किया, मुझे इसे खेलने दो। फिडे विश्व कप 2025 एक सिगल-एलिमिनेशन नॉक-आउट टूर्नामेंट के रूप में खेला जा रहा है, जिसमें 82 देशों के 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित विश्वनाथन आनंद कप के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे है। इस ट्रॉफी का नाम भारतीय दिग्गज विश्वनाथन आनंद के नाम पर रखा गया है। दूसरे राउंड में कुल 17 भारतीय खिलाड़ी मैदान में थे, जिसमें ग्रैंडमास्टर अरविद चितंबरम और ग्रैंडमास्टर कार्तिक वेंकटरमन के बीच अखिल भारतीय मुकाबला था। अन्य भारतीयों में, ग्रैंडमास्टर रौनक साधवानी, विदित गुजराती, आर- प्रज्ञानंद और नारायणन एसएल अपने दोनों मैच ड्रॉ करने के बाद टाईब्रेक राउंड में प्रवेश कर रहे हैं। विश्व जूनियर चैंपियन प्रणव वी- भी गुरुवार को टाई-ब्रेक खेलेंगे, क्योंकि वे नॉर्वे के आर्यन तारी से दूसरा गेम हार गए थे।

# स्मृति मंधाना अक्टूबर के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी की होड़ में



**दुबई, वार्ता।** तीन स्पिनर-नोमान अली, सेनुरन मुथुसामी और राशिद खान-अक्टूबर के लिए आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार की दौड़ में हैं, जबकि आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप की स्टार खिलाड़ी ऐश गार्डनर, स्मृति मंधाना और लॉरा वुलफार्ट ने महिला वर्ग में जगह बनाई है। भारत की सलामी बल्लेबाज मंधाना और दक्षिण अफ्रीका की वुलफार्ट आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के बड़े मैचों में महत्वपूर्ण योगदान देने के बाद इस प्रतिष्ठित महिला मासिक पुरस्कार की दौड़ में हैं। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर गार्डनर अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह बनाने वाली ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की तिकड़ी में शामिल हैं। पाकिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर नोमान और दक्षिण अफ्रीका के मुथुस्वामी को पाकिस्तान में दो मैचों की आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला में अपनी-अपनी टीमों को एक-एक मैच जिताने में मदद करने के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। यह श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ रही थी।

लेग स्पिनर राशिद को सफेद गेंद वाले क्रिकेट में उनके प्रदर्शन के आधार पर यह नामांकन मिला है। दोनों श्रेणियों के लिए तीन नामांकितों को प्रत्येक कैलेंडर माह के पहले से आखिरी दिन तक के प्रदर्शन के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया गया है।

# पंजाब एफसी ने दिखाया धैर्य सेमीफाइनल में बनाई जगह

**फातोर्दा, वार्ता।** पंजाब एफसी ने जबरदस्त धैर्य और संयम का प्रदर्शन करते हुए बेंगलुरु एफसी को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर एआईएफएफ सुपर कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली। जवाहरलाल नेहरू फातोर्दा स्टेडियम में खेले गए इस अंतिम ग्रुप मैच में दोनों टीमों के बीच निर्धारित समय तक मुकाबला गोलरहित रहा। चूंकि दोनों टीमें अंक और गोल के मामले में बराबरी पर थीं, इसलिए ग्रुप विजेता का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। मुहीत शब्बीर ने बेंगलुरु के रयान विलियम्स का तीसरा शॉट शानदार तरीके से बचाया, जबकि पंजाब एफसी के न्सुंगुसी एफ्फियोंग, प्रिसटन रेबेलो, समीयर जेल्जकोविच, लिओन ऑगस्टिन और विनीत राय ने सटीक निशाना साधकर 'शेरों' को सुपर कप के इतिहास में पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचाया। पंजाब एफसी के मुख्य कोच पनायियोटिस डिल्मपेरिस ने शुरुआती एकादश में दो बदलाव किए - घायल मुहम्मद सुहैल की जगह लिओन ऑगस्टिन को शामिल किया गया और नाइजीरियाई स्ट्राइकर न्सुंगुसी एफ्फियोंग को मंगलेन्थांग किपजेन की जगह शुरुआती लाइनअप में उतारा गया। वहीं, बेंगलुरु एफसी के कोच जेरार्ड जरागोसा ने पिछली मैच की वही टीम मैदान में उतारी। पहले हाफ में पंजाब एफसी का दबदबा रहा। टीम ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और आक्रामक मूड में आगे बढ़ी। एफ्फियोंग को हाफ का पहला असली मौका तब मिला जब दानी रामिरेज ने बेंगलुरु के डिफेंडर से गेंद छीनी और एफ्फियोंग के लिए शानदार पास दिया, लेकिन स्ट्राइकर गेंद को ठीक से नियंत्रित नहीं कर पाए और मौका चूक गए। पंजाब के हमलावरों ने बेहतरीन तालमेल दिखाया और लिओन ऑगस्टिन का एक शॉट बार के ऊपर चला गया। दूसरी ओर, बेंगलुरु एफसी काउंटर अटैक के सहारे खेलते रहे, लेकिन पंजाब की सुदृढ़ रक्षा पंक्ति और गोलकीपर मुहीत शब्बीर ने कोई भी मौका नहीं दिया।

# पीवी सिंधु लॉस एंजेलिस 2028 में तीसरा ओलंपिक पदक जीत सकती हैं: सायना

**मुंबई, वार्ता।** लंदन 2012 ओलंपिक पदक विजेता सायना नेहवाल का मानना है कि साथी शटलर पीवी सिधु के पास लॉस एंजेलिस 2028 खेलों में तीसरा ओलंपिक पदक जीतकर इतिहास रचने का 'अनुभव' और दृढ़ संकल्प दोनों है। इस सप्ताह की शुरुआत में मुंबई में आयोजित फिट इंडिया नेशनल फिटनेस एंड वेलनेस कॉन्क्लेव के दौरान, पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी ने ओलंपिक डॉट कॉम को बताया कि सिधु की जीत की संभावना इस बात पर निर्भर करती है कि वह लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक से पहले अपने शरीर और फॉर्म को कितनी अच्छी तरह प्रबंधित करती हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिधु ने रियो 2016 में रजत और टोक्यो 2020 में कांस्य पदक जीता था। इस तरह वह दो व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला और पहलवान सुशील कुमार के बाद दूसरी भारतीय



- **पीवी सिंधु के पास ओलंपिक पदक जीतकर इतिहास रचने का अनुभव और दृढ़ संकल्प दोनों हैं**

एथलीट बन गईं। हालांकि, पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के शानदार प्रदर्शन के बावजूद, भारत पेरिस 2024 से खाली हाथ लौटा, दोनों ही पोडियम से बाल-बाल चूक गए। सायना को लगता है कि सेन, एचएस प्रणय और सात्विक-चिराग एक बार फिर भारत की सबसे बड़ी उम्मीद होंगे, लेकिन ष्अभी कुछ भी भविष्यवाणी करना जल्दबाजी होगी क्योंकि फिटनेस और फॉर्म की कभी गारंटी नहीं होती और खेलों के लिए अंतिम क्वालीफिकेशन से पहले के हफ्ते सबसे जडादा मायने रखते हैं। रियो 2016 में रजत पदक जीतने वाली सिधु ने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की ही बिगजियाओ को 21-13, 21-15 से हराकर महिला एकल में कांस्य पदक जीता। पेरिस में, सिधु प्री-क्वार्टर फाइनल चरण में उसी प्रतिद्वंद्वी से 21-19, 21-14 से हार गईं। पिछले महीने, उन्होंने यूरोपीय चरण से पहले लगी पैर की चोट के कारण, 2025 में होने वाले सभी बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन टूर इवेंट्स से शेष वर्ष के लिए नाम वापस ले लिया। 2025 में, सिधु का प्रदर्शन काफी निराशा. जनक रहा है। कम से कम आधा दर्जन बार पहले दौर में बाहर होने से उनकी प्रतिष्ठा को कोई खास फायदा नहीं हुआ है। वेबसाइट के अनुसार, पिछले कुछ सीजन में चोटों ने उन्हें परेशान किया है।

# फीफा करेगा लोगों को 'फीफा शांति पुरस्कार' से सम्मानित

**जिनेवा, वार्ता।** फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) दुनिया में संघर्षो को समाप्त कराने वाले और शांति के प्रयास करने वाले लोगों को आगामी विश्वकप के फाइनल ड्रा के दौरान 'फीफा शांति पुरस्कार' से सम्मानित करेगा।

फीफा ने जारी एक बयान में कहा कि फीफा शांति पुरस्कार - फुटबॉल दुनिया को एकजुट करता है, यह दुनिया भर के पांच अरब से ज्यादा फुटबॉल पसंद करने वाले लोगों की ओर से दिया जाएगा। फुटबॉल में और फुटबॉल के लिए अपने रोजाना के कामों से, ये सभी लोग फीफा के आदर्श वाक्य 'फुटबॉल दुनिया को एकजुट करता है' में योगदान देते हैं, क्योंकि वे लड़कियों और लड़कों, महिलाओं और पुरुषों को जुनून, खुशी, आशा और आनंद के इर्द-गिर्द एकजुट करते हैं, और इसलिए यह बिल्कुल सही है कि एक विशेष पुरस्कार एक विशेष उपलब्धि को पहचान दे। अमेरिका के वॉशिगटन में विश्वकप फाइनल ड्रा के दौरान फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो पांच दिसंबर 2025 को पहला पुरस्कार देंगे। इन्फेंटिनो ने कहा कि अस्थिर और बंटी हुई दुनिया में जरूरी है कि उन लोगों के अभूतपूर्व काम को मान्यता दी जाए, जो संघर्षो को खत्म करने और लोगों को साथ लाकर शांति कायम करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि फुटबॉल शांति के लिए खड़ा है, और पूरे वैश्विक फुटबॉल समुदाय की ओर से, फीफा शांति पुरस्कार फुटबॉल दुनिया को एकजुट करता है, उन व्यक्तियों के विशाल प्रयासों को पहचानेगा जो लोगों को एकजुट करते हैं, और आने वाली पीढ़ियों के लिए आशा लाते हैं।

# आप युवा लड़कियों के लिए रोल मॉडल है: मुर्मु



**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को विश्व. कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ियों के मुलाकात की और कहा कि वे आज युवा पीढ़ी की लड़कियों के लिए रोल मॉडल बन गई हैं, इससे उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। यहां राष्ट्रपति भवन में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस समारोह में भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ियों ने ट्रॉफी लेकर राष्ट्रपति मुर्मु के साथ फोटो खिचवाई। इस दौरान कप्तान हरमनप्रीत कौर ने राष्ट्रपति को खिलाड़ियों के हस्ताक्षर वाली टी-शर्ट भेंट की। इस अवसर पर श्रीमती मुर्मु ने कहा कि आप युवा पीढ़ी, विशेषकर लड़कियों के लिए रोल मॉडल बन गई हैं, इससे वह जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगी। राष्ट्रपति ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की हर सदस्य को बधाई दी और कहा कि उन्होंने क्रिकेट विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया है। देश और विदेश में लाखों भारतीय इस जीत का जश्न मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह टीम भारत को दिखाती है। वे अलग- अलग क्षेत्रों, अलग-अलग सामाजिक पृष्ठभूमि, अलग-अलग परिस्थितियों का प्रतिनिधित्व करती हैं। लेकिन वे एक टीम हैं - भारत। यह टीम भारत को उसके सबसे अच्छे रूप में दिखाती है। श्रीमती मुर्म ने कहा कि टीम ने सात बार की विश्व चैंपियन और उस समय तक अजेय रही ऑस्ट्रेलियाई टीम को सेमीफाइनल में हराकर सभी भारतीयों का अपनी काबिलियत पर विश्वास मजबूत किया है। एक मजबूत टीम के खिलाफ एक मुश्किल मैच में बड़े अंतर से फाइनल मैच जीतना टीम इंडिया की उत्कृष्टता का एक यादगार उदाहरण है। उन्होंने कहा कि वे रोल मॉडल बन गई हैं। युवा पीढ़ी, खासकर लड़िकयां, जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि जिन खूबियों से उन्होंने इतिहास रचा है, उन्हीं खूबियों से वे भविष्य में भी भारतीय क्रिकेट को शीर्ष पर रखेंगी।

# स्क्वैश विश्व कप में भारत समेत 12 देश भाग लेंगे

**चेन्नई, वार्ता।** मेजबान भारत, गत विजेता मिस्र और पिछले संस्करण के उपविजेता मलेशिया सहित बारह देश 9 से 14 दिसंबर तक चेन्नई में आयोजित होने वाले स्क्वैश विश्व कप 2025 में भाग लेंगे। खेल की वैश्विक नियामक संस्था, विश्व स्क्वैश ने पुष्टि की है कि एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में होने वाले मिश्रित टीम टूर्नामेंट के पांचवें संस्करण में 12 देश प्रतिस्पर्धा करेंगे। 2023 में इसी स्थान पर आयोजित पिछले संस्करण में आठ स्क्वैश टीमों ने भाग लिया था। यह 12 वर्षों में पहला स्क्वैश विश्व कप था। स्क्वैश विश्व कप 2025 की टीमें :

ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, मिस्र, हांगकांग,भारत, ईरान, जापान, मलेशिया, पोलैंड, कोरिया गणराज्य, दक्षिण अफ्रीका, स्विट्जरलैंड

# स्टार माइन में धड़ल्ले से अवैध खनन, प्रतिबंधित मशीनों का नेटवर्क



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ पुलिस प्रशासन और आरटीओ विभाग की घेराबंदी के बावजूद भी धडल्ले से न केवल अवैध खनन का खुला खेल चल रहा है बल्कि प्रतिबंधित मशीनों के नेटवर्क के द्वारा अवैध खनन हो रहा है। सोशल मीडिया पर स्टार माइन का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसके बावजूद भी प्रतिबंधित मशीनों से खुले आम खनन जारी है।

सोशल मीडिया पर बेहट के खनन जोन स्थित स्टार माइन का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है बावजूद इसके पुलिस प्रशासन आंखे बंद किये हुए है। ग्रामीण सूत्रों के मुताबिक, इलाके में करीब 80 प्रतिबंधित मशीनों का पूरा मकड़जाल फैला हुआ है और इन्हीं मशीनों से अवैध खनन खुलेआम जारी है।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की मौजूदगी के बावजूद रात-दिन मशीनें चल रही हैं, जिससे पर्यावरण और किसानों की जमीन दोनों पर गंभीर असर पड़ रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि पीटीजेड कैमरे के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था करने का दावा करने वाला तहसील बेहट प्रशासन अब इस पर कोई ध्यान क्यों नहीं दे रहा?

साथ ही यह भी चर्चा है कि ड्रोन कैमरे जिनसे खनन क्षेत्र की गतिविधियों पर नजर रखी जानी थी, वह अब कहां गायब हैं? जबकि विभाग की ओर से पहले कहा गया था कि खनन जोन की निगरानी सैटेलाइट के जरिए की जाएगी।

ऐसे में स्थानीय लोगों ने मांग की है कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए पीएसी को दोबारा खनन क्षेत्र में तैनात किया जाए, ताकि अवैध खनन पर रोक लग सके और सरकारी राजस्व की हानि रोकी जा सके।

## अवैध खनन परिवहन करते 3 वाहन पकड़े



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** राजस्व तथा पुलिस टीम द्वारा संयुक्त चैकिंग अभियान के दौरान अवैध खनन सामाग्री का परिवहन करते हुए 3 वाहनो को पकड़ा गया है। वहीं मौके पर आमदा फसाद करने वाले 3 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है।

मिली जानकारी के मुता. बिक एसडीएम सुबोध कुमार एवं थाना प्रभारी विनोद कुमार द्वारा पुलिस तथा राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के साथ चौकिंग के दौरान बिना नम्बर प्लेट तथा बिना माइनिंग टैग के ओवरलोड खनन सामाग्री से भरे हुए 3 डंपर पकडे गये है। जिनके चालको के पास कोई भी अभिलेख खनन साम्रगी से सम्बन्धित नही मिला।

उक्त तीनों वाहनों को पकडकर थाना लाकर सीज किया गया। वहीं एक दूसरे की गाड़ी पकड़वाए जाने की बात को लेकर मौके पर आमादा फसाद करने वाले तीन आरोपी मुकम्मिल पुत्र गयूर निवासी भूरा कन्डेला थाना कैराना जनपद शामली, अनस पुत्र अब्बाश निवासी दूधगढ थाना चिलकाना व मुजकीर पुत्र तेज अली निवासीण बुढनपुर थाना गंगोह को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया है कि उक्त तीनों आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तारी टीम में एसआई चन्द्रपाल सिंह, हैड कांस्टेबल मोहित शर्मा तथा कांस्टेबल दुर्गेश कुमार शामिल रहे।

## अवैध खनन से भरी दो ट्रैक्टर ट्रालियों पर कार्रवाई



**सरसावा।** हरकत में आई पुलिस एवं तहसील सदर की संयुक्त टीम ने अवैध खनन से भरी दो ट्रैक्टर ट्रालीयो पर कार्यवाही करते हुए सीज की गई। जिससे खनन माफियाओं में हड़कंप मचा रहा।

गुरुवार दोपहर तहसील सदर की टीम एवं थाना सरसावा पुलिस की संयुक्त टीम में शामिल लेखपाल आकाश कुमार एवं थाना सरसावा प्रभारी निरक्षक संजीव कुमार टीम समेत ग्राम घघोंड के समीप पहुंचे तो वहां उन्होंने अवैध खनन रेत से भरी दो ट्रैक्टर ट्रालियां पकड़ी दोनों ट्रैक्टर ट्रालियां पर टीम द्वारा कार्यवाही कर शाहजहांपुर पुलिस चौकी के सुपुर्द की गई।सरसावा क्षेत्र में अवैध खनन के वाहनों पर कार्यवाही से खनन माफियाओं में दिन भर हड़कंप मचा रहा।

## खनिज वाहनों पर एआरटीओ ने दर्ज कराए नम्बर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल के निर्देशानुसार, आज परिवहन विभाग ने जिले के खनिज परिवहन हेतु उपयोग हो रहे वाहनों पर शीशे (विंडशील्ड) के दोनों ओर और वाहन के पीछे वाहन संख्या लिखने हेतु अभियान प्रारम्भ किया। यह अभियान जिले के तीनों टोल स्थानों सय्यद माजरा टोल, सरसावा टोल और कोलकी टोल पर संचालित किया जा रहा है।



आज की इस मुहिम में कुल 76 वाहनों पर उनकी वाहन संख्या अंकित की गई। इस अभियान में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एमपी सिंह, पीटीओ के साथ-साथ पुलिस एवं परिवहन कर्मी उपस्थित रहे।

परिवहन विभाग द्वारा सभी वाहक मालिकों से अनुरोध किया गया कि वे कृपया इस अभियान में सहयोग प्रदान करें और अपने वाहनों के शीशे के दोनों ओर तथा पीछे वाहन संख्या निर्देशानुसार लिखवाएं, जिससे वाहनों की पहचान में आसानी हो सके। यदि वाहन मालिक इस निर्देश का पालन नहीं करेंगे तो उनके वाहनों का परिचालन रोका जाएगा।

## जागरूक किया

**सहारनपुर।** यातायात माह के अंतर्गत आज क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री प्रिया यादव द्वारा थाना गागलहेड़ी क्षेत्र के एक पेट्रोल पम्प पर नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान के तहत सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी ने वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन न केवल स्वयं की, बल्कि दूसरों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। पुलिसकर्मियों और पेट्रोल पम्प कर्मचारियों को भी बिना हेलमेट पेट्रोल न दिए जाने के निर्देशों से अवगत कराया गया।

## परिषद विद्यालयों में मॉक परीक्षा आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिले के समस्त परिषदीय विद्यालयो में कक्षा 6 से आठ तक के छात्रों का नेट पैटर्न पर मॉक परीक्षा का आयोजन किया गया।



परीक्षा में परिषदीय विद्यालयों के कक्षा 6 से 8 तक नामांकित कुल 51871 बच्चों के सापेक्ष, उपस्थित बच्चों की संख्या 45413 अर्थात 87.54 प्रतिशत छात्रों ने प्रतिभाग किया। पारदर्शी परीक्षा के उद्देश्य हेतु विद्यालय में तैनात अध्यापकों को अन्य विद्यालय में कक्ष निरीक्षक के रूप में तैनात कर विद्यालय में परीक्षा कराई गई। उत्तर पुस्तिकाओं को सील बंद लिफाफा में ब्लॉक संसाधन केंद्र पर एकत्रित कराया गया। परीक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन अनुश्रवण हेतु जनपद स्तर पर जनपद स्तरीय अधिकारी, तहसील एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को विद्यालयों के अनुश्रवण हेतु सचल दल व पर्यवेक्षक लगाये गए। तत्पश्चात ब्लॉक संसाधन केंद्र पर ही शिक्षकों को बुलाकर अन्य विद्यालय की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अध्यापकों द्वारा करवाया जाएगा।

## भाषण प्रतियोगिता में बच्चों ने डाला लौहपुरूष के जीवन पर प्रकाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मेयर डा. अजय सिंह ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनपके आदर्शो को अपनाना चाहिए।

गौरी शंकर इंद्रपाल सिंह इंटर कॉलेज में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती के उपलक्ष में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह उपस्थित रहे विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश कुमार ने डॉ. अजय कुमार सिंह का माला द्वारा स्वागत किया तथा मंच का संचालन अध्यापक सौरभ गौतम ने किया। अध्यापिका साक्षी व श्रीमती अनुराधा सक्सेना के सहयोग से प्रतियोगिता में पायल, तनु, अर्जुन, दिव्या, नीतिका, सूर्यवंश, वंश तथा अंश सैनी भाग लिया और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जीवन पर प्रकाश डाला तथा उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प किया। इस प्रतियोगिता में दिव्या ने प्रथम स्थान, अंश सैनी ने द्वितीय स्थान तथा अर्जुन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जीवन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी और सभी का उत्साहवर्धन किया इस अवसर पर रकम सिंह, सुशील कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, अनीता, कोमल, कुलदीप कुमार, सोनल गुप्ता, मीना उपस्थित रहे।

## आईएमए चिकित्सकों ने दिए मानवीय सहायता के टिप्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सिविल डिफेंस ट्रैनिंग प्रोग्राम में आईएमए चिकित्सकों ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान देते हुए मानवीय सहायता के तरीके बताये।

महाराज सिंह कालेज के सभागार में आयोजित ट्रैनिंग प्रोग्राम में चिकित्सकों ने सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों को मानव शरीर का परिचय, प्राथमिक चिकित्सा, रोगी का मूल्यांकन, बड़े हादसे की स्थिति में ट्राइएज करना, सीपीआर तकनीक, घायलों की ड्रेसिंग और उन्हें अस्पताल पहुचाने के तरीके आदि। इस कार्यक्रम के आईएमए से मुख्य वक्ता एवम ट्रेनर के रूप में डॉ. रविकांत निरंकारी, डॉ. शैलजा चटर्जी, डॉ. सुशांत शर्मा, डॉ. रजनीश सिंघल,डॉ अभिषेक,डॉ गिरीश डंग




शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सकों द्वारा अन्य स्वास्थ्य पेश. ेवरों एवम आम नागरिकों को आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक चिकित्सा देने के लिए प्रशिक्षित करना है।कार्यक्रम में आईएमए के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा, सचिव डॉ. नीरज कुमार आर्य, कोषाध्यक्ष डॉ. अनुपम मलिक, सिविल डिफेंस सोसाइटी के पदाधिकारी राजेश कुमार जैन, कश्मीर सिंह एवम अन्य सदस्य, बडी संख्या में आम नागरिक एवम महाराज सिंह कालिज के छात्र, छात्राएं एवम शिक्षक उपस्थित रहे।

## आज चार घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्तिः अवधेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विद्युत विभाग के अंतर्गत नगरीय वितरण खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार ने कहा कि कल (आज) चार घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

उन्होने कहा कि बिजनेस प्लान 2024-25 के तहत 33/11 केवी उपकेंद्र गानकमऊ पर औद्योगिक फीडर के क्षतिग्रस्त पोल को बदलने एवं परिवर्तक पावर टेस्टिंग का कार्य आज शुक्रवार को कराया जा रहा है। इस कारण दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति औद्योगिक क्षेत्र, ओजपुरा, साहिब जी नगर, नवादा रोड, अंकितविहार, वेदविहार, काजीपुरा, फतेहपुरजट्ट, गांधीनगर, अभिषेकनगर, कोरीमाजरा, प्रणव विहार, रूप विहार, गलीरा रोड, दुर्गाविहार, आर.के.पुरम, हरिनगर, नंदवाटिका, छोटीलाइन, अर्जुननगर, रहिमाबाद, प्रकाश लोककॉलोनी, लक्ष्मीपुरम, पूजा पुरम, आनंद विहार, भगतवाटिका, उत्तम नगर, रवि नगर, एवन कॉलोनी, मक्खन नगर, मधुबन विहार आदि क्षेत्रों में बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार ने कहा कि यह कार्य उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु आवश्यक रखरखाव एवं सुधारात्मक कार्य के रूप में किया जा रहा है। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा करते हुए असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

## ग्लोकल यूनिवर्सिटी को मिली बड़ी उपलब्धि

### क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैकिंग 2026 में यूनिवर्सिटी को मिला 103वां स्थान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल यूनिवर्सिटी ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यूनिवर्सिटी को क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में स्थान मिला है। ग्लोकल यूनिवर्सिटी एशिया की 801-850 रैंक बैंड और दक्षिण एशिया में 254वें स्थान पर रही है। यह उपलब्धि शिक्षा, शोध और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के निरंतर प्रयासों का परिणाम है।



क्यू.एस. रैंकिंग में विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन कई मानकों पर किया जाता आईजीएस जैसे शैक्षणिक प्रतिष्ठा, नियोक्ता प्रतिष्ठा, फैकल्टी-स्टूडेंट अनुपात, अंतरराष्ट्रीय शोध नेटवर्क और शोध प्रकाशन। ग्लोकल यूनिवर्सिटी ने इंटरनेशनल रिसर्च नेटवर्क में शानदार प्रदर्शन किया है, जहाँ इसे 103वां स्थान और 90.4 अंक मिले हैं। ग्लोकल यूनिवर्सिटी के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति निजामुद्दीन ने कहा कि ग्लोकल यूनिवर्सिटी की यह प्रगति हमारे दृष्टिकोण और टीम वर्क का प्रमाण है। हम छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार कर रहे हैं। ग्लोकल यूनिवर्सिटी के कुल. पति प्रोफेसर डॉ. जॉन फिनबे ने कहा, कि यह ग्लोकल यूनिवर्सिटी परिवार के सभी सदस्यों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और वैश्विक स्तर पर उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। ग्लोकल यूनिवर्सिटी की कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी ने कहा कि यह उपलब्धि हमारे सतत सुधार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह हमें और बेहतर करने की प्रेरणा देती है।

ग्लोकल यूनिवर्सिटी के आईक्यूएसी निदेशक प्रोफेसर संजय ने कहा, यह सम्मान हमारे गुणवत्ता संवर्धन प्रयासों की पुष्टि करता है। हम शिक्षा और शोध दोनों में और ऊँचाई हासिल करने के लिए संकल्पित हैं। यह उपलब्धि ग्लोकल यूनिवर्सिटी को भारत के उभरते हुए श्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थानों की श्रेणी में एक विशेष स्थान दिलाती है।

## गांजा व मोटरसाइकिल के साथ तस्कर पकड़ा

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 555 ग्राम अवैध गांजा एवं एक मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

थाना जनकपुरी पुलिस ने थाना प्रभारी परविंद्र सिंह व उपनिरीक्षक चंद्रपाल सिंह के नेतृत्व में चौकिंग के दौरीन एक शातिर नशा तस्कर जब्बार पुत्र फैजान निवासी ग्राम सिम्भालका जुनारदार थाना जनकपुरी को ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे खंडहरनुमा गोदाम से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 555 ग्राम अवैध गांजा व एक मोटरसाइकिल बरामद कर ली। पुलिस के अनुसार दबोचा गया आरा. ेपी शातिर किस्म का बदमाश है जिसके खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में लगभग 22 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने धारा-18/20 के तहत जेल भेज दिया।

## रामलीला मैदान पर कमरों का निर्माण शुरू

### मेयर डा.अजय सिंह व विधायक गुंबर ने किया कार्य का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मेयर डा अजय सिंह व विधायक राजीव गुंबर ने लेबर कॉलोनी की रामलीला के लिए दो कमरों के निर्माण कार्यो का आज पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ किया



लेबर कॉलोनी मैदान की रामलीला में कलाकारों की सुविधा हेतु कोई भी कमरा नहीं था। कमेटी पदाधिकारी द्वारा मेयर डॉक्टर अजय सिंह से संपर्क किया गया। उनकी सहमति के बाद आज से रामलीला मैदान पर दो कमरों के निर्माण का कार्य शुरू हो गया। इन दो कमरों के निर्माण की लागत करीब 13 लख रुपए है। आज मेयर डॉक्टर अजय सिंह वहर विधायक राजीव कुमार ने विधि विधान के साथ भूमि पूजन किया। मेयर डॉक्टर अजय सिंह ने कहा कि शहर के लोगों को सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

## आसिम को बनाया प्रदेश महासचिव

### जहीर तुर्की को प्रदेश सचिव व फिरोज को उत्तराखंड में जिम्मेंदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना ने किसान नेता आसिम मलिक को प्रदेश महासचिव व जहीर तुर्की को प्रदेश सचिवमनोनीत किया, जबकि महात्मा गांधी फांउडेशन के संस्थापक फिरोज खान को उत्तराखण्ड प्रदेश महासचिव बनाया गया है।



गौरतलब है कि पिछले एक दशक से पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा व भाकियू वर्मा के प्रदेश महासचिव के पद पर कार्य करते हुए किसानों की आवाज बुलन्द करने वाले आसिम मलिक ने जहीर तुर्की व फिरोज खान व अपने अन्य साथियों के साथ भाकियू टिकैत की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। आसिम मलिक के अनुभव व किसान हित मे किये गये कार्यों के चलते पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना ने उन्हें प्रदेश महासचिव व जहीर तुर्की को प्रदेश संगठन मन्त्री मनोनीत किया है इसी कड़ी में भाकियू के राष्ट्रीय महामचिव राजवीर सिह जादौन ने फिरोज खान को उत्तराखण्ड का प्रदेश महासचिव नियुक्त करने की घोषणा की। नवनियुक्त प्रदेश महासचिव आसिम मलिक ने कहाकि भाकियू टिकैत किसानों का सबसे बड़ा व मजबूत संगठन है जिसमे शामिल होकर वह स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे है। उन्होंने कहा कि बडी मजबूती व ईमानदारी के साथ किमानो की समस्याओं, शोषण व उत्पीडन के खिलाफ संघर्ष करने का काम किया जायेगा।

**12 तक होगी भागवत कथा**

**गंगोह।** महिला मंडल द्वारा मोहल्ला कानून गोयान स्थित होली चौक पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

6 नवंबर से 12 नवंबर तक होने वाली श्रीमद् भागवत कथा कथा वाचक आचार्य पंडित सुभाष बहुगुणा व यज्ञ आचार्य पंडित सेमवाल द्वारा की जायेगी।

कथा का समय दोपहर 2 से शाम 5 बजे रहेगा। कथा का शुभारंभ 6 नवंबर को सुबह आठ बजे मंगल कलश यात्रा से होगा।

## पुरस्कार वितरण के साथ बैडमिंटन प्रतियोगिता सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेष अंडर-11 वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले रोमांचक अंदाज में सम्पन्न हुए, जिसमें एकल मुकाबले में सांवि कुमार, श्रेष्ठ कुमार, युगल मुकाबले में आभ्या दीक्षित, अन्वी प्रधान, अर्णव सोलंकी, वेदांत विहान अपने-अपने वर्गो में विजेता बने।

गांधी पार्क स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में गुरुवार को अंडर-11 वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले रोमांचक अंदाज में सम्पन्न हुए। खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया। गर्ल्स सिंगल्स (अंडर-11) के फाइनल में सांवि कुमार (लखनऊ) ने मेघा सिंह (अलीगढ़) को 21-18, 22-24, 21-19 से पराजित कर खिताब



जीता। बॉयज सिंगल्स (अंडर-11) में श्रेष्ठ कुमार (आगरा) ने रोमांचक मुकाबले में ओनिस खंडेलवाल (आगरा) को 18-21, 25-23, 21-9 से हराया। गर्ल्स डबल्स (अंडर -11) में आभ्या दीक्षित (आगरा) और अन्वी प्रधान (मेरठ) की जोड़ी ने किमाया सिंह और सांवि कुमार (लखनऊ) को सीधे सेटों में 21-13, 21-9 से हराया। बॉयज डबल्स (अंडर-11) में अर्णव सोलंकी (गोरखपुर) और वेदांत विहान (मेरठ) की जोड़ी ने तेजस श्रीवास्तव और यथार्थ राव गौतम (अयोध्या) को 21-15, 16-21, 21-17 से मात देकर विजेता बने।प्रतियोगिता में विज. ेता और उपविजेता खिलाड़ियों को घ्1,00,000 की कुल इनामी राशि, ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता के समापन पर पुरस्कार वितरण का कार्य जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने कहा कि छोटे-छोटे खिलाड़ी जिस जज्बे और संघर्ष भावना से खेल रहे हैं, वह प्रेरणादायक है। हर अंक के लिए उनका प्रयास यह सिखाता है कि जीवन में छोटी गलतियों से भी सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में रेफरी के रूप में गोरखपुर के अजय सिंह, मैच कंट्रोलर उन्नाव के मयंक कुमार, तथा अंपायर अभिषेक कुमार (उन्नाव), राहुल घोष (महाराजग. ंज), अभिषेक पटेल (संत कबीर नगर), उत्सव शर्मा (हापुड़), वंदना सूर्यवंशी (अलीगढ़) एवं अंजलि पटेल (उन्नाव) की सराहनीय भूमिका रही। इस अवसर पर श्रीमती सुगंध गुप्ता, श्रीमती रेखा गुप्ता, श्रीमती अर्चना गुप्ता, श्रीमती साधना गुप्ता, डॉ. पी.डी. गर्ग, अनुराग गुप्ता, मयंक अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल, सजग सचदेवा, अक्षत गुप्ता, डॉ. अशोक कुमार गुप्ता (जिला एथलेटिक संघ सचिव), यशपाल पुंडीर, रामकुमार (जिला बास्केटबॉल संघ सचिव), शेर सिंह, मनीष कुमार, अंशुल कुमार, श्रीमती निशु राणा, आचार्य भीम, साक्षी गोयल, शिखर प्रताप सिंह, ज्वेल, जॉर्ज, साहिल आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स
सम्पादकीय
शुक्रवार, 7 नवम्बर 2025

# वायु प्रदूषण खतरनाक

प्रत्येक वर्ष सर्दियों में दिल्ली को फसल अवशेषों के दहन, वाहनों से निकलने वाले उत्सर्जन और प्रतिकूल मौसम की स्थिति के परिणामस्वरूप वातावरण में प्रदूषकों के अवस्थित रह जाने के कारण गंभीर वायु प्रदूषण का सामना करना पड़ता है। वर्ष 2025 में दिल्ली सरकार और आईआईटी कानपुर ने कृत्रिम वर्षा कराने के लिए क्लाउड सीडिंग प्रयोग किए, लेकिन कम वायुमंडलीय नमी के कारण इस प्रयास को सीमित सफलता मिली। इस घटना ने यह स्पष्ट किया कि 'क्लाउड सीडिंग' एक अस्थायी और अनिश्चित उपाय है, जो यह संकेत देता है कि प्रदूषण के मूल कारणों से निपटने के लिए दीर्घकालिक, समन्वित और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित रणनीतियों की आवश्यकता है, न कि प्रतीकात्मक हस्तक्षेपों पर निर्भरता की। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में इससे संबंधित याचिका दाखिल की गई है, जिसमें बताया गया है की देश की राजधानी दिल्ली में ही 22 लाख बच्चों के फेफड़ों में संक्रमण हो गया है। इसमें यह भी मांग की गई की प्रदूषण को पब्लिक हेल्थ इमरज. ेंसी घोषित किया जाए। वास्तव में प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक होता है, इसलिए केंद्र सरकार को सभी राज्यों को इस संबंध में एडवाइजरी जारी करनी चाहिए कि प्रदूषण को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। इसमें देश के हर नागरिक को बढ़चढ़कर भागीदार बनना होगा, तब कहीं वायु प्रदूषण को कम किया जा सकता है। भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे की वर्ष 2024 की एक रिपोर्ट क्लाउड सीडिंग को एक मौसम परिवर्तन तकनीक के रूप में परिभाषित करती है जिसमें वर्षा बढ़ाने के लिए उपयुक्त बादलों में 'बीज' कण प्रविष्ट कराए जाते हैं। भारत में तेजी से बढ़ते मोटरीकरण ने वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को प्रदूषण का एक प्रमुख स्रोत बना दिया है। अकेले दिल्ली में परिवहन सभी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 30 प्रतिशत से अधिक का योगदान( भारत के प्रमुख शहरों का ग्रीनहाउस गैस फूटप्रिंट) देता है। वाहन सूक्ष्म कणिका पदार्थ (पीएम 2.5), नाइट्रोजन ऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड और हाइड्रोकार्बन उत्सर्जित करते हैं, जिससे वायु की गुणवत्ता बहुत बिगड़ जाती है। ग्लोबल बर्डन आफ डिजीज 2023 रिपोर्ट के अनुसार वायु प्रदूषण भारत में अकाल मृत्यु और विकलांगता के शीर्ष तीन कारणों में से एक बना हुआ है। वायु प्रदूषण भारत में सालाना 20 लाख से अधिक मौतों का कारण बनता है। इसके लिए सरकार की नहीं आम जन भी जिम्मेदार है। जिसका खामियाजा केवल बच्चों को ही नहीं बड़ों को भी भुगतना पड़ रहा है। हर साल सर्दियों के मौसम में ऐसी दिक्कतें आती हैं और कुछ लोग कोर्ट भी चले जाते हैं, लेकिन कोर्ट का एक ही कहना है कि इस संबंध में केंद्र और राज्य सरकारों को मिल जुलकर काम करने की जरूरत है। कोर्ट के इस आदेश के बाद भी न तो केंद्र सरकार ही और न राज्य सरकारें ही अपने कर्तव्यों को पूरा कर रही हैं, जिस कारण वायु प्रदूषण हर साल गंभीर अवस्था में चला जाता है।


## अमीरों की धन-दौलत 62 प्रतिशत बढ़ी



देश की अर्थव्यवस्था में तेजी से बढ़ती असमानता और आर्थिक विषमता समाज के लिए एक गहरी चिंता का विषय है, जब देश के एक प्रतिशत अमीरों की धन-दौलत पिछले कुछ वर्षों में 62 प्रतिशत बढ़ गई है, तो यह समझना कठिन नहीं कि 99 प्रतिशत नता के हिस्से में कितना धन बचा होगा, इस बढ़ती आर्थिक खाई ने न केवल आर्थिक भेदभाव को, बल्कि सामाजिक भेदभाव को भी और गहरा किया है, जब समाज के कुछ वर्गों के पास अपार संपत्ति और संसाधन केंद्रित हो जाते हैं, तो बाकी जनता के लिए अवसर और सम्मान के द्वार सीमित हो जाते हैं, आय का तार्किक और न्यायपूर्ण वितरण ही सामाजिक समानता का सच्चा मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# जागरूकता से ही जीती जा सकती हैं कैंसर की लड़ाई



योगेश कुमार गोयल



कैंसर, किसी भी व्यक्ति के लिए यह एक ऐसा शब्द है, जिसे अपने किसी परिजन के लिए डॉक्टर के मुंह से सुनते ही परिवार के तमाम सदस्यों की सांसें गले में अटक जाती हैं और पैरों तले की जमीन खिसक जाती है। ऐसे में परिजनों को परिवार के उस अभिन्न अंग को सदा के लिए खो देने का डर सताने लगता है। बढ़ते प्रदूषण तथा पोषक खानपान के अभाव में यह बीमारी एक महामारी के रूप में तेजी से पफैल रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि हमारे देश में पिछले बीस वर्षों के दौरान कैंसर मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। प्रतिवर्ष कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं। कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे मरीजों में आशा की नई उम्मीद जगाने, लोगों को कैंसर होने के संभावित कारणों के प्रति जागरूक करने, प्राथमिक स्तर पर कैंसर की पहचान करने और इसके शीघ्र निदान तथा रोकथाम के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भारत में प्रतिवर्ष 7 नवम्बर को 'राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस' मनाया जाता है। वास्तव में यह महज एक दिवस भर नहीं है बल्कि कैंसर से लड़ रहे उन तमाम लोगों में नई चेतना का संचार करने और नई उम्मीद पैदा करने का विशेष अवसर भी है।

भारत में कैंसर के करीब दो तिहाई मामलों का बहुत देर से पता चलता है और कई बार तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। कैंसर के संबंध में यह समझ लेना बेहद जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है किन्तु अगर इसका सही समय पर पता लग जाए तो लाइलाज मानी जाने वाली इस बीमारी का अब उपचार संभव है। यही वजह है कि देश में कैंसर के मामलों को कम करने के लिए कैंसर तथा उसके कारणों के प्रति लोगों को जागरूक किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है ताकि वे इस बीमारी, इसके लक्षणों और इसके भयावह खतरे के प्रति जागरूक रहें। कैंसर से लड़ने का सबसे बेहतर और मजबूत तरीका यही है कि लोगों में इसके प्रति जागरूकता हो, जिसके चलते जल्द से जल्द इस बीमारी की पहचान हो सके और शुरूआती चरण में ही इसका इलाज संभव हो। यदि कैंसर का पता शीघ्र लगा लिया जाए तो इसके उपचार पर होने वाला खर्च काफी कम हो जाता है। यही वजह है कि जागरूकता के जरिये इस बीमारी को शुरूआती दौर में ही पहचान लेना बेहद जरूरी माना गया है क्योंकि ऐसे मरीजों के इलाज के बाद उनके स्वस्थ एवं सामान्य जीवन जीने की संभावनाएं काफी ज्यादा होती हैं। हालांकि देश में कैंसर के इलाज की तमाम सुविधाओं के बावजूद अगर हम इस बीमारी पर लगाम लगाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं तो इसके पीछे इस बीमारी का इलाज महंगा होना सबसे बड़ी समस्या है। वैसे देश में जांच सुविधाओं का अभाव भी कैंसर के इलाज में एक बड़ी बाधा है, जो बहुत से मामलों में इस बीमारी के देर से पता चलने का एक अहम कारण होता है। यह भी जान लें कि 'कैंसर' आखिर है क्या? जब हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कमजोर हो जाती है तो शरीर पर विभिन्न प्रकार की बीमारियां हमला करना शुरू कर देती हैं। ऐसी परिस्थितियों में कई बार शरीर की को. शिकाएं अनियंत्रित होकर अपने आप तेजी से विकसित और विभाजित होने लगती हैं। कोशिक. ाओं के समूह की इस अनियंत्रित वृद्धि को ही कैंसर कहा जाता हैं। जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में भी फैलने लगता है और कैंसर की यह स्थिति बहुत घातक हो जाती है। दुनियाभर में कैंसर से लड़ने और इसे हराने के लिए निरन्तर चिकित्सीय खोजें हो रही हैं और इन प्रयासों के चलते ही अब कैंसर का प्रारम्भिक स्टेज में तो सफल इलाज संभव भी है। अगर शरीर में कैंसर होने के कारणों की बात की जाए तो हालांकि इसके कई तरह के कारण हो सकते हैं लेकिन अक्सर जो प्रमुख कारण माने जाते रहे हैं, उनमें मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, व्यायाम न करना, ज्यादा मात्रा में अल्कोहल व नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार की कमी इत्यादि इन कारणों में शामिल हो सकते हैं। कभी-कभार ऐसा भी होता है कि कैंसर के कोई भी लक्षण नजर नहीं आते किन्तु किसी अन्य बीमारी के इलाज के दौरान कोई जांच कराते वक्त अचानक पता चलता है कि मरीज को कैंसर है लेकिन फिर भी कई ऐसे लक्षण हैं, जिनके जरिये अधिकांश व्यक्ति कैंसर की शुरूआती स्टेज में ही पहचान कर सकते हैं। कैंसर के लक्षणों में कुछ प्रमुख हैं, वजन घटते जाना, रकत की कमी होना, निरन्तर बुखार बने रहना, शारीरिक थकान व कमजोरी, चक्कर आना, उल्टी होना, दौरे पड़ना शुरू होना, आवाज में बदलाव आना, सांस लेने में दिक्कत होना, खांसी के दौरान खून आना, लंबे समय तक कफ रहना और कफ के साथ म्यूकस आना, कुछ भी निगलने में दिक्कत होना, पेशाब और शौच के समय खून आना, शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ या सूजन होना, माहवारी के दौरान अधिक स्राव होना इत्यादि। कीमोथैरेपी, रेडिएशन थैरेपी, बायोलॉजिकल थैरेपी, स्टेम सेल ट्रांसप्लांट इत्यादि के जरिये कैंसर का इलाज होता है किन्तु यह प्राय: इतना महंगा होता है कि एक गरीब व्यक्ति इतना खर्च उठाने में सक्षम नहीं होता।

**जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में भी फैलने लगता है और कैंसर की यह स्थिति बहुत घातक हो जाती है। दुनियाभर में कैंसर से लड़ने और इसे हराने के लिए निरन्तर चिकित्सीय खोजें हो रही हैं और इन प्रयासों के चलते ही अब कैंसर का प्रारम्भिक स्टेज में तो सफल इलाज संभव भी है। अगर शरीर में कैंसर होने के कारणों की बात की जाए तो हालांकि इसके कई तरह के कारण हो सकते हैं लेकिन अक्सर जो प्रमुख कारण माने जाते रहे हैं, उनमें मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, व्यायाम न करना, ज्यादा मात्रा में अल्कोहल व नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार की कमी इत्यादि इन कारणों में शामिल हो सकते हैं। कभी-कभार ऐसा भी होता है कि कैंसर के कोई भी लक्षण नजर नहीं आते किन्तु किसी अन्य बीमारी के इलाज के दौरान कोई जांच कराते वक्त अचानक पता चलता है कि मरीज को कैंसर है लेकिन फिर भी कई ऐसे लक्षण हैं, जिनके जरिये अधिकांश व्यक्ति कैंसर की शुरूआती स्टेज में ही पहचान कर सकते हैं।**

इसलिए जरूरत इस बात की महसूस की जाती रही है कि कैंसर के सभी मरीजों का इलाज सरक. ारी अस्पतालों में हो या निजी अस्पतालों में, सरकार ऐसे मरीजों के इलाज में यथासंभव सहयोग करे क्योंकि जिस तेजी से देश में कैंसर मरीजों की संख्या बढ़ रही है, उसे देखते हुए केवल सरकारी अस्पतालों के भरोसे कैंसर मरीजों के इलाज की कल्पना बेमानी ही होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मधुमक्खियों को भी होता है दर्द

**वैज्ञानिकों के अनुसार यह अध्ययन इस क्षमता का कोई औपचारिक प्रमाण प्रदान नहीं करता है। दरअसल, कीटों में दर्द संवेदना का पता लगाना थोड़ा मुश्किल काम है। पूर्व में हुए अध्ययन फल मक्खियों के तंत्रिका तंत्र में जीर्ण दर्द के अनुभव के संकेत देते हैं लेकिन कीटों में दर्द सम्बंधी तंत्रिका तंत्र होने को लेकर संदेह है। कुल जीवों में से कम से कम 60 प्रतिशत कीट हैं। ऐसे में इन्हें अनदेखा करना उचित नहीं है। आधुनिक विज्ञान मूलत: मानव-केंद्रित है जो अकशेरुकी जीवों को अनदेखा करता आया है। उम्मीद है कि इस अध्ययन से रवैया बदलेगा।**

मधुमक्खियों के डंक से बचने के लिए हम कई बार उन्हें मारने-भगाने की कोशिश करते हैं लेकिन क्या ऐसा करने पर उनको दर्द महसूस होता है? जब हमारे शरीर पर कहीं चोट लगती है तो शरीर की तंत्रिका कोशिकाएं हमारे मस्तिष्क को संदेश भेजती हैं जिससे हमारा मस्तिष्क हमें दर्द का एहसास कराता है। कीटों में इस तरह का कोई जटिल तंत्र नहीं है जिससे उनको दर्द का एहसास हो सके लेकिन एक हालिया अध्ययन से मधुमक्खियों और अन्य कीटों में भावनाओं के प्रति चेतना के साक्ष्य मिले हैं। पूर्व में किए गए अध्ययन बताते हैं कि मधुमक्खियां और भौंरे काफी बुद्धिमान एवं चतुर प्राणी हैं।

वे शून्य की अवधारणा को समझते हैं, सरल हिसाब-किताब कर सकते हैं और अलग-अलग मनुष्यों (और शायद मधुमक्खियों) के बीच अंतर भी कर सकते हैं। ये प्राणी भोजन की तलाश के मामले में आम तौर पर काफी आशावादी होते हैं लेकिन किसी शिकारी मकड़ी के जाल में जरा भी फंसने पर ये परेशान हो जाते हैं। यहां तक कि बच निकलने के बाद भी कई दिनों तक उनका व्यवहार बदला-बदला रहता है और वे फूलों के पास जाने से डरते हैं। क्वींस मैरी यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक और इस अध्ययन के प्रमुख लार्स चिटका के अनुसार मधुमक्खियां भी भावनात्मक अवस्था का अनुभव करती हैं। मधुमक्खियों में दर्द संवेदना का पता लगाने के लिए चिटका ने जाना-माना तरीका अपनाया-लाभ-हानि के बीच संतुलन का तरीका। जैसे दांतों को लंबे समय तक स्वस्थ रखने के लिए लोग दंत चिकित्सक



की ड्रिल के दर्द को सहन करने को तैयार हो जाते हैं। इसी तरह हर्मिट केंकड़े बिजली के जोरदार झटकों से बचने के लिए अपनी पसंदीदा खोल को त्याग देते हैं लेकिन तभी जब झटका जोरदार हो।

इसी तरीके को आधार बनाकर चिटका और उनके सहयोगियों ने 41 भवरों (बॉम्बस टेरेस्ट्रिस) को 40 प्रतिशत चीनी के घोल वाले दो फीडर और कम चीनी वाले दो फीडर का विकल्प दिया। इसके बाद शोधकर्ताओं ने इन फीडरों को गुलाबी और पीले हीटिंग पैड पर रखा। शुरुआत में तो सभी हीटिंग पैड्स को सामान्य तापमान पर रखा गया और मधुमक्खियों को अपना पसंदीदा फीडर चुनने का मौका दिया गया। अपेक्षा के अनुरूप सभी मधुमक्खियों ने अधिक चीनी वाले फीडर को चुना।

इसके बाद वैज्ञानिकों ने अधिक चीनी वाले फीडरों के नीचे वाले पीले पैड्स को 55 डिग्री सेल्सियस तक गर्म किया, जबकि गुलाबी पैड्स को सामान्य तापमान पर ही रखा। यानी पीले पैड्स पर उतरना किसी गर्म तवे को छूने जैसा था, लेकिन इसके बदले अधिक मीठा शरबत भी मिल रहा था। प्रोसीडिंग्स ऑफ दी नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस में प्रका. शित रिपोर्ट के अनुसार जब चीनी से भरपूर गर्म फीडर और कम चीनी वाले ठंडे फीडरों के बीच विकल्प दिया गया तो मधुमक्खियों ने गर्म और अधिक मात्रा में चीनी वाले फीडर को ही चुना। चीनी की मात्रा बढ़ा दिए जाने पर मधुमक्खियां और अधिक दर्द सहने को तैयार थीं। इससे लगता है कि अधिक चीनी उनके लिए एक बड़ा प्रलोभन था। फिर जब वैज्ञानिकों ने गर्म और ठंडे दोनों पैड्स वाले फीडरों में समान मात्रा में चीनी वाला शरबत रखा तो मधुमक्खियों ने पीले पैड्स पर जाने से परहेज किया, जिसके गर्म होने की आशंका थी। इससे स्पष्ट होता है कि वे पूर्व अनुभवों को याद रखती हैं और उनके आधार पर निर्णय भी करती हैं। अध्ययन दर्शाता है कि क्रस्टेशियंस के अलावा कीटों और मकड़ियों में भी इस तरह की संवेदना होती है। इस अध्ययन को मानव उपभोग के लिए कीटों की खेती में बढ़ती रूचि और शोध अध्ययनों में कीटों की खैरियत के मामले में काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि मधुमक्खियां भी वैसा ही दर्द महसूस करती हैं जैसा मनुष्य करते हैं।

...स्रोत फीचर्स

# बिहार: क्या यही है सुशासन के दावों की हकीकत


निर्मल रानी



बिहार विधानसभा चुनाव अपने अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर है। दावों प्रतिदावों और आरोपों व प्रत्यारोपों का दौर अपने चरम पर है। सत्ता की तरफ से चुनाव जीतने के लिए सबसे अधिक जोर लगाया जा रहा है। हरियाणा सहित कई अन्य भाजपा शासित राज्यों से तो बिहारी मतदाताओं को विशेष ट्रेन्स द्वारा मतदान करने हेतु बिहार भेजा जा रहा है। उधर भाजपा स्टार प्रचारक नीतीश सरकार को श्सुशासनश व भ्रष्टाचार मुक्त सरकार के रूप में प्रचा. रित करते नहीं थक रहे परन्तु सुशासन व भ्रष्टाचार मुक्त बिहार के इन्हीं दावों के बीच कुछ ऐसे सनसनीखेज रहस्योद्घाटन हो रहे हैं व घटनायें घटित हो रही हैं जिन्होंने बिहार में सुशासन व भ्रष्टाचार मुक्त सरकार की कलई खोल कर रख दी है। हैरानी की बात तो यह है कि इसतरह के खोखले दावों की हवा निकालने में किसी सत्ता विरोधी दल या विपक्ष की कोई भूमिका नहीं है बल्कि स्वयं भाजपा-जे डी यू के नेता ही इस कलई खोल अभियान के मुख्य सूत्रधार हैं।

सबसे पहले तो जिक्र करते हैं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजकुमार सिंह (आरके सिंह) के बयानों का। आर के सिंह बिहार के आरा से दो बार सांसद रह चुके हैं और मोदी सरकार के पिछले कार्यकाल में वे ऊर्जा मंत्री थे। उनकी गिनती भाजपा के वरिष्ठ नेता के रूप में होती है। सर्वप्रथम तो आर के सिंह ने चुनाव अभियान के बीच ही गत 20 अक्टूबर को एक वीडियो संदेश जारी कर मतदाताओं से अपील की थी कि वे अपराधी और भ्रष्ट छवि वाले उम्मीदवारों को वोट हरगिज न दें। उन्होंने विशेष रूप से जेडीयू के मोकामा से उम्मीदवार अनंत सिंह व भाजपा के तारापुर से उम्मीदवार व बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का नाम लिया था। उस सन्देश में सिंह ने यहां तक कहा था कि ऐसे उम्मीदवारों को वोट देना चुल्लू भर पानी में डूब मरने से भी बदतर है, क्योंकि ये जनता का खून चूस रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले नेताओं को हटाकर ही बिहार का विकास संभव है और यदि सभी उम्मीदवार ऐसे हों तो मतदाता नोटा का विकल्प चुनें। सिंह ने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले इसी तरह के कुल 8 उम्मीदवारों के नाम लिए। अब आरके सिंह के इस बयान को भाजपा के अंदर सुलग रही बगावत की चिंगारी के रूप में देखा जा रहा है।

आर के सिंह के उपरोक्त बयानों पर अभी चर्चा चल ही रही थी कि पिछले दिनों उन्होंने बिजली घोटाला सम्बन्धी एक और बड़ा धमाका कर दिया। उन्होंने बिहार की एनडीए सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। ये आरोप मुख्य रूप से बिहार में बिजली विभाग से जुड़े 62,000 करोड़ रुपये के घोटाले से संबंधित हैं, जो बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के ठीक पहले यानी गत 4 नवंबर को सामने लाये गये हैं। इन आरोपों के अनुसार बिहार सरकार ने एक थर्मल पावर प्लांट के निर्माण के लिए अदानी ग्रुप से सम्बंधित एक कंपनी को अत्यधिक ऊंची कीमत पर अनुबंध दिया। इस अनुबंध के तहत कंपनी को 25 वर्षों के लिए बिजली की कीमत 6.075 रुपये प्रति यूनिट निर्धारित की गई, जो बाजार दर से काफी अधिक है। इससे सरकार को पूंजी की वापसी के साथ-साथ अतिरिक्त




लाभ होगा, जो कुल 62,000 करोड़ रुपये का नुकसान बिहार के बिजली उपभोक्ताओं को पहुंचाएगा। उन्होंने बिहार सरकार के बिजली विभाग के कई अधिकारियों को इस घोटाले के लिये आरोपित करते हुये सीबीआई से इसकी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की, ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो सके। सिंह का आरोप है कि यह घोटाला सीधे तौर पर बिहार के लोगों को प्रभावित करेगा, क्योंकि बिजली के दाम बढ़ेंगे। इससे पहले भी आर के सिंह राज्य की सुशासन कही जाने वाली नीतीश सरकार पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगा चुके हैं परन्तु चुनावों के बीच उनके द्वारा लगाए जा रहे उपरोक्त गंभीर आरोपों ने बिहार में कोहराम मचा दिया है। विपक्षी महागठबंधन इन आरोपों को अपने हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। दूसरी बड़ी घटना केंद्रीय मंत्री लल्लन सिंह से संबंधित है। गत 4 नवंबर को पटना जिला प्रशासन ने लल्लन सिंह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। ललन सिंह ने मोकामा में जेडीयू प्रत्याशी अनंत सिंह जोकि इस समय दुलारचंद यादव हत्याकांड के मामले में बेऊर जेल में बंद हैं के समर्थन में किये जा रहे प्रचार के दौरान एक सभा में कहा कि ष्कुछ नेताओं को वोटिंग के दिन घर में बंद कर दो। घर से उसी को निकलने दो जो हमारे पक्ष में वोट करे। अगर ज्यादा हाथ-पैर जोड़े तो अपने साथ ले जाकर वोट गिराने देना है। गौरतलब है कि अनंत सिंह की गिरफ्तारी के बाद ललन सिंह ही उनके चुनाव प्रचार की कमान संभाल रहे थे। विपक्ष ने ललन सिंह के इस बयान को लोकतंत्र पर हमला बताया और कहा कि यह गरीब वोटरों को डराने की साजिश है।

अब इन घटनाओं व बयानों के सन्दर्भ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दावों का जिक्र भी जरूरी है। एक ओर तो आर के सिंह व ललन सिंह जैसे भाजपा-जे डी यू के केंद्रीय स्तर के नेताओं के बयान बिहार में भ्रष्टाचार, कुशासन व जंगल राज की तस्वीर पेश कर रहे हैं तो दूसरी तरफ गृह मंत्री अमित शाह इन्हीं चुनाव प्रचार के दौरान जनसभाओं में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार को भ्रष्टाचार मुक्त सरकार का प्रमाणपत्र दे रहे हैं। शाह के अनुसार नीतीश कुमार पर चवन्नी के भ्रष्टाचार का भी आरोप नहीं लगा है। उनके अनुसार केवल नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार, जिन पर चार आने का भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है, वे ही बिहार का विकास कर सकते हैं। वे केंद्र में मोदी सरकार के 11 वर्षों और बिहार में नीतीश के 20 वर्षों के शासन को भ्रष्टाचार मुक्त बताते हैं जबकि विपक्ष पर घोटालों का आरोप लगाने के साथ ही लालू यादव के 20 वर्ष पूर्व के कथित जंगल राज की भी याद दिलाना नहीं भूलते। ऐसे में आर के सिंह के व लल्लन सिंह जैसे सत्ता से जुड़े केंद्रीय नेताओं के ही बयान क्या यह सवाल नहीं खड़ा करते कि क्या यही है बिहार में सुशासन के दावों की हकीकत?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### इजरायल को हमास से एक और मृत बंधक का शव मिला

**यरूशलम।** इजरायल ने बुधवार को कहा कि उसे गाजा पट्टी में रेड क्रॉस के माध्यम से हमास से एक और बंधक का शव मिला है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि अवशेषों से भरा एक ताबूत रेड क्रॉस टीमों द्वारा सौंपे जाने के बाद एन्क्लेव से स्थानांतरित कर दिया गया है और इसे तेल अवीव स्थित राष्ट्रीय फोरेंसिक संस्थान में पहचान के लिए ले जाया जाएगा। हमास की अल-क़स्साम ब्रिगेड ने पुष्टि की है कि उसने गाजा शहर के शुजैया मोहल्ले में मिले 'एक इजरायली बंदी' का शव सौंप दिया है।

### अमेरिकी टैरिफ के दबाव से समुद्री खाद्य उद्योग संकट में

**कोच्चि।** अमेरिका के हाल ही में लगे नए आयात शुल्कों के बाद भारत का समुद्री खाद्य (सीफूड) निर्यात क्षेत्र गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। इस झटके ने उद्योग जगत और नीति-निर्माताओं को मूल्य संवर्धन, तकनीकी नवाचार और बाजार विविधीकरण की दिशा में प्रयास करने के लिए प्रेरित किया है ताकि देश की निर्यात आय को बचाया जा सके। ये मुद्दे कोच्चि स्थित सेंट्रल मरीन फिशरीज रिसर्च इंस्टीट्यूट में आयोजित चौथे 'इंटरनेशनल सिम्पोजयिम ऑन मरीन इकोसिस्टम्स' नाम से हुई संगोष्ठी में प्रमुख रूप से उभरे।

### खराब मौसम के चलते फिलीपींस में इमरजेंसी का ऐलान

**मनीला।** फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनैंड रोमुआल्डेज मार्कोस ने तूफान काल्मैगी के असर और एक नए आने वाले तूफान की आशंका को देखते हुए गुरुवार को पूरे देश में राष्ट्रीय आपदा की स्थिति घोषित कर दी। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति मार्कोस ने कहा कि आपदा प्रबंधन परिषद के राष्ट्रीय आपदा लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इसमें कहा गया है कि कई क्षेत्रों को काल्मैगी तूफान ने प्रभावित किया है और अब नए आने वाले तूफान फंग-वोंग का संकट है।



बिहार। विधानसभा चुनाव के दौरान गोविंदगंज, पूर्वी चंपारण जिले में एक सार्वजनिक रैली में समर्थकों का अभिवादन करती कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा।

# जोहरान ममदानी की जीत नए युग की शुरुआत

## भारतीय मूल के लोग बेहद खुश और उत्साहित, बोले: दक्षिण एशियाई अमेरिकी लोग अमेरिका का राजनीतिक भविष्य

**न्यूयार्क।** भारतीय मूल के जोहरान ममदानी की न्यूयार्क मेयर चुनाव में जीत से भारतीय मूल के लोग बेहद खुश और उत्साहित हैं। भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्यों ने न्यूयार्क शहर के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी की जीत का स्वागत किया और उनकी जीत को ऐतिहासिक बताया है कि यह इस बात का संकेत है कि अब अमेरिका में अप्रवासियों की कहानियां ही सोच को आकार दे रही हैं।

न्यूयार्क स्थित एजुकेशनल और कल्चरल आर्गनाइजेशन 'द कल्चर ट्री' की फाउंडर और सीईओ अनु सहगल का कहना है कि कि कल रात ऐसा लगा जैसे जोहरान ममदानी की ऐतिहासिक जीत के साथ, एक नए युग की शुरुआत हुई है। हम न्यूयॉर्क के पहले भारतीय मूल के मेयर का स्वागत कर रहे हैं। हम देख रहे हैं कि यह शहर पहचान, अपनेपन और



शक्ति को कैसे समझता है। एक बदलाव आ रहा है। उन्होंने कहा कि ममदानी द्वारा जीत के बाद दिए गए भाषण में अप्रवासियों के प्रति एक विश्वास झलकता है कि न्यूयार्क उन लोगों ने बनाया है जो यहां आते हैं, मेहनत करते हैं और आगे बढ़ते हैं। अनु सहगल ने कहा कि यह बात पक्की है कि दक्षिण एशियाई और अप्रवासियों की कहानियां अब सिर्फ नैरेटिव का हिस्सा नहीं हैं, वे इसे आकार दे रही हैं। दक्षिण एशियाई समुदाय के नेता और नासाउ काउंटी के पूर्व डिप्टी कंट्रोलर दिलीप चौहान ने ममदानी को बधाई दी और कहा कि उन्हें एक साथी दक्षिण एशियाई अमेरिकी को सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पित देखकर खुशी हुई। चौहान ने कहा कि वह एक बेहतर भविष्य की उम्मीद जगाते हैं और हर अप्रवासी के लिए एक रोल मॉडल हैं। उन्हें हमारे समुदाय की सेवा करने और उन्हें आगे बढ़ाने में सफलता मिले, इसके लिए उन्हें शुभकामनाएं। भारतवंशियों के एक सामुदायिक संगठन 'इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट फंड' ने मंगलवार के विभिन्न चुनाव नतीजों पर कहा कि इन चुनाव नतीजों ने यह साबित कर दिया है कि चाहे वह सिटी काउंसिल हो, मेयर हो, या राष्ट्रीय पद हो, दक्षिण एशियाई अमेरिकी इस देश के राजनीतिक भविष्य का हिस्सा हैं।

# POK में पाक सरकार के खिलाफ GenZ का प्रदर्शन

## कातिलों जवाब दो का नारा लगाया, फीस बढ़ने और एग्जाम में सुधार को लेकर सड़कों पर उतरे

**इस्लामाबाद।** नेपाल, बांग्लादेश के बाद अब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में जैन-जी पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। वे एजुकेशन सिस्टम में बदलाव, परीक्षा में ई-मार्किंग सिस्टम की खामियां और जरूरी सुविधाओं की कमी की वजह से प्रदर्शन कर रहे हैं। यह आंदोलन 4 नवम्बर को मुजफ्फराबाद में 'यूनिवर्सिटी ऑफ आजाद जम्मू एंड कश्मीर' से शुरू हुआ।

छात्र सेमेस्टर फीस में बढ़ोतरी का विरोध कर रहे थे। इसमें एक छात्र गोली लगने से घायल हुआ, जिसके बाद यह प्रदर्शन हिंसक हो गया। यह प्रदर्शन मुजफ्फराबाद से निकलकर मीरपुर, कोटली, रावलाकोट और नीलम वैली तक फैल चुका है। लाहौर में भी इंटरमीडिएट छात्रों ने धरना दिया। छात्रों ने आजादी और 'कातिलों जवाब दो, खून का हिसाब दो' जैसे नारे लगाते हुए पाकिस्तानी सेना पर अत्याचार के आरोप लगाए। छात्रों ने प्रदर्शन के दौरान 'कातिलों जवाब दो, खून का हिसाब दो' जैसे नारे लगाए। मुजफ्फराबाद के यूनिवर्सिटी ऑफ कश्मीर में सेमेस्टर फीस में 3-4 महीने में लाखों रुपए बढ़ने के कारण छात्र गुस्साए हुए थे। इस प्रदर्शन में इंटरमीडिएट (11वीं-12वीं) के छात्र भी शामिल हो गए, जो मैट्रिक और इंटरमीडिएट स्तर पर लागू ई-मार्किंग (डिजिटल मूल्यांकन) सिस्टम से नाराज हैं। इससे पहले 30 अक्टूबर को ग्यारहवी के रिजल्ट 6 महीने की देरी से जारी किए गए थे, जिसके कारण स्टूडेंट्स ने विरोध किया था। छात्रों ने आरोप लगाया कि ई-मार्किंग के कारण उन्हें बहुत कम नंबर मिले। वहीं, कुछ मामलों में तो ऐसी परीक्षाओं में भी पास दिखाया गया जिनकी परीक्षा उन्होंने दी ही नहीं थी। एजुकेशन बोर्ड ने ई-मार्किंग प्रक्रिया की जांच के लिए एक कमेटी गठित की, लेकिन सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया। पीओके में अक्टूबर में बिजली बिलों में वृद्धि, आटे की सब्सिडी और विकास कार्यों की मांग को लेकर प्रदर्शन हुआ था। यह आंदोलन पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में 5 दिनों तक चला। यह प्रदर्शन जम्मू-कश्मीर जाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेकेजेएएसी) के नेतृत्व में हुआ था। प्रदर्शनकारी सरकार पर मौलिक अधिकारों की अनदेखी और महंगाई कंट्रोल न कर पाने का आरोप लगा रहे थे। जेकेजेएएसी ने सरकार के सामने 38 मांगें रखी थी, जिनमें पीओके विधानसभा की 12 रिजर्व सीटें खत्म करने की मांग की गई। सरकार ने प्रदर्शनकारियों की 38 में से 21 मांगे मान ली थी, जिसके बाद विरोध-प्रदर्शन बंद किया गया।



- यह आंदोलन चार नवम्बर को मुजफ्फराबाद में 'यूनिवर्सिटी ऑफ आजाद जम्मू एंड कश्मीर' से शुरू हुआ
- इसमें एक छात्र गोली लगने से घायल हुआ, जिसके बाद यह प्रदर्शन हिंसक हो गया

### पाक में आर्मी चीफ को और ताकत मिलेगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार संविधान में 27वां संशोधन लाने की तैयारी कर रही है। इससे सेना प्रमुख को ज्यादा ताकत मिल सकती है और प्रांतों को मिलने वाला पैसा कम हो सकता है। रिपोर्टों के मुताबिक, संशोधन के तहत पाकिस्तानी संविधान के आर्टिकल 243 में बदलाव किया जाएगा। यह आर्टिकल सेना प्रमुख की नियुक्ति और आर्म्ड फोर्स के कमांड से जुड़ा है। इसके तहत कमांडर-इन-चीफ नाम से नया संवैधानिक पद भी बनाया जा सकता है। इस बिल को लेकर पाकिस्तानी संसद के निचले सदन नेशनल असेंबली में 14 नवम्बर को वोटिंग होगी। इसे देखते हुए सरकार ने सभी मंत्रियों के विदेशी दौरे रद्द कर दिए हैं। पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर 2027 में रिटायर होने वाले हैं। माना जा रहा है कि ऐसे में सरकार ने उन्हें इस संशोधन के जरिए लाइफटाइम पावर में बने रहने की ताकत दे सकती है। इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने इसका विरोध किया है। इस बिल को लेकर चर्चा तब शुरू हुई जब पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के चेयरमैन बिलावल भुट्टो ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि सरकार ने उनसे इस संशोधन पर समर्थन मांगा है।

### अफगान में अफीम की खेती में 20 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में अफीम की खेती में इस वर्ष 20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। संयुक्त राष्ट्र की इस संस्था की रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2025 में अफीम की खेती का क्षेत्रफल घटकर 10200 हेक्टेयर रह गया है। यह साल 2024 में 12800 हेक्टेयर था। साल 2022 में तालिबान के लगाए देशव्यापी प्रतिबंध के बाद इसके रकबे में गिरावट लगातार जारी है। इस प्रतिबंध से पहले यानी 2022 में यह क्षेत्र 232000 हेक्टेयर तक फैला हुआ था। खेती के रकबे में आई गिरावट के चलते देश में अफीम उत्पादन में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है। इस वर्ष उत्पादन लगभग एक-तिहाई घटकर 296 टन रह गया है और किसानों की अफीम बिक्री से होने वाली आमदनी लगभग आधी हो गई है।

# बांग्लादेश में चुनाव प्रचार की शुरुआत में हिंसा

- कई जगहों पर हमले और आगजनी की वारदात हुई, बीएनपी उम्मीदवार को मारी गई गोली

**ढाका।** बांग्लादेश में फरवरी 2026 में होने वाले आम चुनावों के लिए प्रचार अभियान की शुरुआत के साथ ही कई जगहों पर हिंसा भड़क उठी है।

इस दौरान चिटगांव में विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के उम्मीदवार एरशाद उल्लाह को गोली लगने से घायल हो गए हैं, जबकि कुमिल्ला जिले में उपद्रवियों ने एक अन्य उम्मीदवार के घर में आग लगा दी। वहीं अंतरिम सरकार ने इन घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि बीएनपी उम्मीदवार एरशाद उल्लाह इस हमले के मुख्य निशाने पर नहीं थे, बल्कि एक भटकी हुई गोली से घायल हो गए। सरकार ने बयान जारी कर कहा कि हम इस आपराधिक घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हैं और सभी उम्मीदवारों व नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिब) हैं। चिटगांव मेट्रोपालिटन पुलिस (सीएमपी) को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं ताकि अपराधियों को जल्द पकड़ा जा सके। मुख्य सलाहकार ने सुरक्षा एजेंसियों को आदेश दिया है कि दोषियों को हर हाल में पकड़कर न्याय के दायरे में लाया जाए। उन्होंने कहा कि हिंसा और डराने-धमकाने की राजनीति बांग्लादेश की सामाजिक और राजनीतिक संस्कृति में किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है।

# जापान में भालुओं को पकड़ने के लिए सेना तैनात

- सात महीने में 100 हमले, 12 की मौत लोगों को घरों में घंटियां रखने की सलाह

**टोक्यो।** जापान ने कई इलाकों में भालुओं को पकड़ने के लिए सेल्फ-डिफेंस फोर्सेज (एसडीएफ) को तैनात किया है। भालू विभाग के अधिकारियों के मुताबिक यहां के पहाड़ी इलाकों में भालुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है। अप्रैल से अब तक पूरे देश में 100 से अधिक भालू हमले हो चुके हैं, जिनमें 12 लोगों की मौत हुई है।

सबसे ज्यादा मौतें अकिता प्रांत और पड़ोसी शहर इवाते में हुईं। अकिता में भालू दिखने की घटनाएं इस साल छह गुना बढ़कर 8000 से अधिक हो गईं। स्थिति बेकाबू होने पर प्रांत के गवर्नर ने सेना की मदद मांगी। एसडीएफ के सैनिक काजुनो शहर पहुंचे, जहां वे भालू पकड़ने के लिए स्टील जाल लगाने में स्थानीय अधिकारियों की मदद कर रहे हैं। वहीं, भालुओं को मारने का काम ट्रेंड शिकारियों को सौंपा गया है। इनसे बचने के लिए अधिकारियों ने लोगों को घरो के बाहर घंटी रखने की सलाह दी है, ताकि तेज आवाज सुनकर भालू घर के पास न आए। काजुनो शहर में रह रहे 30 हजार निवासियों को जंगल से दूर रहने, रात में घर से बाहर न निकलने, घंटी रखने और तेज साउंड की मदद से भालुओं को भगाने की सलाह दी जा रही है।

# जोहरान ममदानी ने रजनीगंधा इलायची खाई

- सोशल मीडिया पर लोग बोले: अब लगे असली इंडियन

**न्यूयार्क।** न्यूयार्क के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी का एक मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसमें वे सड़क किनारे दिए एक इंटरव्यू के दौरान जेब से रजनीगंधा सिल्वर पर्ल्स निकालकर खाने लगते हैं। उनका यह देसी अंदाज भारतीय यूजर्स को खूब पसंद आ रहा है।

यह वीडियो कंटेंट क्रिएटर निकोलस नूवन ने ब्रूकलिन में शूट किया। वीडियो में ममदानी एक काले रंग की न्ट से उतरते हैं। नूवन उनसे पूछते हैं, क्या आपने कुछ खा लिया? इस पर ममदानी मुस्कुराते हुए जवाब देते हैं, हां, मैंने खाना खा लिया है। इसके कुछ ही सेकंड बाद वे अपनी जेब से रजनीगंधा सिल्वर पर्ल्स का पैकेट निकालते हैं और कहते हैं कि मैं हाल ही में ये काफी खाने लगा हूं। ये एक तरह से मिंट जैसा है। इसके बाद वे नूवन को भी रजनीगंधा ऑफर करते हैं। नूवन स्वाद चखकर कहते हैं कि वाह, ये तो काफी टेस्टी है। जैसे खाने वाला परफ्यूम। ममदानी मुस्कुराते हुए जवाब देते हैं, 'परफ्यूम जो खाया जा सकता है।'

# शटडाउन के चलते विमान क्षेत्र पर लगे नए प्रतिबंध

## 40 जगहों पर उड़ान क्षमता में 10 प्रतिशत कटौती, बैन का असर देश भर में लगभग 4000 उड़ानों पर पड़ेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में जारी शटडाउन 36वें दिन में प्रवेश कर चुका है। देश के हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। जिसका सीधा असर विमानन क्षेत्र पर भी पड़ रहा है। इस बीच परिवहन सचिव सीन डफी ने नए उड़ान प्रतिबंधों की घोषणा की है।

जिसमें 40 स्थानों पर उड़ान क्षमता में 10 प्रतिशत की कमी शामिल है, जिसका असर देश भर में लगभग 4000 उड़ानों पर पड़ेगा। अमेरिकी हवाई क्षेत्र के संभावित बंद होने की चेतावनी के कुछ दिनों बाद परिवहन सचिव सीन डफी ने बुधवार को नए उड़ान प्रतिबंधों का एलान किया है। फाक्स बिजनेस की रिपोर्ट के अनुसार बढ़ती सुरक्षा चिंताओं और संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) में कर्मचारियों की भारी कमी के बीच सरकारी शटडाउन रिकार्ड 36 दिनों तक पहुंच गया है। फाक्स बिजनेस के हवाले से डफी ने कहा कि हालांकि, इनमें से एक यह है कि हमारे 40 स्थानों पर क्षमता में 10 प्रतिशत की कमी होगी। प्रभावित हवाई अड्डों की पूरी सूची गुरुवार को जारी की जाएगी। दरअसल, 1 अक्टूबर से शुरू हुआ शटडाउन बुधवार (स्थानीय समय) को अपने 36वें दिन में प्रवेश कर गया, जिससे यह अमेरिकी इतिहास का सबसे लंबा शटडाउन बन गया। फाक्स बिजनेस ने रायटर्स के हवाले से बताया कि इसने कई संघीय एजेंसियों को आंशिक रूप से बंद कर दिया है, जिससे लगभग 13000 हवाई यातायात नियंत्रक और 50000 परिवहन सुरक्षा प्रशासन (टीएसए) अधिकारी एक महीने से ज्यादा समय से बिना वेतन के काम कर रहे हैं। इससे पहले सीबीएस न्यूज़ के अनुसार मंगलवार को डफी ने चेतावनी दी थी कि अगर संकट जारी रहा, तो परिवहन विभाग (डीओटी) सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हवाई क्षेत्र के कुछ हिस्सों को पूरी तरह से बंद कर सकता है। उन्होंने कहा कि जब हमें लगेगा कि यह सुरक्षित नहीं है, तो हम हवाई क्षेत्र को प्रतिबंधित कर देंगे। उन्होंने आगे कहा कि विमानन प्रणाली पहले से ही अपनी सीमा तक पहुंच चुकी है।




- अमेरिका में जारी शटडाउन 36वें दिन में प्रवेश कर चुका है

# भारत से दक्षिण अफ्रीका जा रहे जहाज पर हुआ कब्जा

- सोमालिया के समुद्री डाकुओं पर हमले को अंजाम देने का शक

**सोमालिया।** गुरुवार को सोमालिया के तट के पास मशीन गन और राकेट प्रोपेल्ड गन से लैस हमलावरों ने एक जहाज पर हमला किया और उस पर कब्जा कर लिया। जिस जहाज पर हमला हुआ, वह भारत से दक्षिण अफ्रीका जा रहा था।

माना जा रहा है कि सोमालिया के समुद्री डाकुओं ने इस हमले को अंजाम दिया। ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड आपरेशंस सेंटर ने इस हमले को लेकर अलर्ट जारी किया और इलाके में मौजूद जहाजों को चेतावनी दी। प्राइवेट सुरक्षा फर्म एम्ब्रे ने भी जहाज पर हमले की जानकारी दी। एम्ब्रे ने कहा कि यह हमला भारत के सिक्का से दक्षिण अफ्रीका के डरबन जा रहे माल्टा के झंडे वाले एक टैंकर पर किया गया। एम्ब्रे ने आगे कहा कि यह सोमाली समुद्री डाकुओं का हमला लग रहा है, जिनके बारे में हाल के दिनों में इस इलाके में सक्रिय होने की खबरें आई हैं। इससे पहले सोमालिया के समुद्री डाकुओं ने कथित तौर पर एक ईरानी मछली पकड़ने वाली नौका पर भी कब्जा कर लिया था। हालांकि ईरान की सरकार की तरफ से नाव पर कब्जे की बात स्वीकार नहीं की गई है।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने ममदानी का मजाक उड़ाया

## कहा: वे ट्रांसजेंडर अधिकारों के समर्थक, ममदानी का उमर खालिद की डायरी पढ़ने वाली वीडियो वायरल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को भारतीय मूल के जोहरान ममदानी का मजाक उड़ाया। मियामी में एक बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने कहा, वो जो मंडानी या जो भी उसका नाम है।

न्यूयार्क वाला सोचता है कि मर्दों का महिलाओं के खेलों में खेलना बहुत अच्छा है। ट्रम्प का यह बयान जोहरान ममदानी के ट्रांसजेंडर अधिकारों को लेकर रुख पर तंज था। असल में ममदानी ट्रांसजेंडर लोगों के अधिकारों का समर्थन करते हैं। यानी अगर कोई व्यक्ति जन्म से पुरुष है लेकिन खुद को महिला मानता है (ट्रांसजेंडर वुमन) तो उसे महिलाओं की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति होनी चाहिए। ट्रम्प ने ममदानी को फिर से कम्युनिस्ट कहा। उन्होंने कहा कि न्यूयार्क का रिजल्ट दिखाता है कि अब अमेरिकियों के सामने कम्युनिज्म और कामन सेंस के बीच चुनाव करना है। ट्रम्प बोले कि अगर आप देखना चाहते हैं कि संसद में बैठे डेमोक्रेट्स अमेरिका के साथ क्या करना चाहते हैं, तो बस न्यूयॉर्क के चुनाव नतीजे को देख लीजिए। जहां उनकी पार्टी ने देश के सबसे बड़े शहर में एक कम्युनिस्ट को मेयर बना दिया। न्यूयार्क के नए मेयर बने जोहरान ममदानी का उमर खालिद की डायरी पढ़ने वाला वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो 2023 में हुए 'हाउडी डेमोक्रेसी' इवेंट का है। ममदानी मंच से कहते हैं कि मैं उमर खालिद का लिखी एक चिट्ठी पढ़ने जा रहा हूं। वे जेएनयू के पूर्व छात्र और एक्टिविस्ट हैं, जिन्होंने भीड़ हिंसा और नफरत के खिलाफ कैंपेन चलाया था। वे अब तक 1000 दिनों से ज्यादा वक्त से जेल में हैं। उन पर यूएपीए कानून के तहत मामला चल रहा है, लेकिन अब तक ट्रायल शुरू नहीं हुआ। उनकी जमानत कई बार खारिज की जा चुकी है और उन पर एक बार जानलेवा हमला भी हो चुका है। यह कार्यक्रम भारत में लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों की हालत पर केंद्रित था और मोदी के वाशिंगटन डीसी दौरे से कुछ दिन पहले हुआ था। ममदानी इस कार्यक्रम के बाद विवादों में आ गए थे।



- ट्रम्प का यह बयान जोहरान ममदानी के ट्रांसजेंडर अधिकारों को लेकर रुख पर तंज था

# तालिबानियों की एक कप चाय महंगी पड़ी: पाकिस्तान

- डिप्टी पीएम ने कहा: आतंकियों से दोस्ती का खामियाजा भुगत रहे, इमरान इसके जिम्मेदार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के डिप्टी प्राइम मिनिस्टर और विदेश मंत्री इशाक डार ने तालिबान से दोस्ती को देश के लिए महंगा बताया। उन्होंने अफगानिस्तान से जुड़े आतंकवाद के लिए पूर्व पीएम इमरान खान को जिम्मेदार ठहराया। डार ने संसद में 2021 के एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि जब तत्कालीन आईएसआई चीफ लेफ्टिनेंट जनरल फैज हामिद काबुल गए थे। वहां चाय पीते हुए उन्होंने कहा था कि सब ठीक हो जाएगा।

डार ने कहा कि अफगानिस्तान की उस एक कप चाय की आज तक देश को भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। डार ने इमरान खान पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी सरकार ने तालिबान के सत्ता में आने के बाद बार्डर खोल दीं। इससे आतंकी वापस लौट आए। पाकिस्तानी-तालिबान, फित्ना अल-ख्वारिज और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी जैसे ग्रुप अफगानिस्तान से हमले कर रहे हैं। डार ने कहा जब हम वहां जाते हैं तो वे कहते हैं कि हम एक कप चाय के लिए आए हैं। अल्लाह सबकी मुश्किलें कम करे, लेकिन उस कप चाय की कीमत हमें सबसे ज्यादा चुकानी पड़ी है। डार ने कहा-उस चाय के प्याले ने पूरी सीमा फिर से खोल दी। 35-40 हजार तालिबानी जो यहां से भाग गए थे, फिर से वापस आ गए। इमरान सरकार ने उन आतंकियों को रिहा कर दिया जिन्होंने स्वात में पाकिस्तानी झंडे जलाए थे, लोगों को बेरहमी से मारा था।

